✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



पटना स्थित चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान में आयोजित बेहतर बिहार संवाद कार्यक्रम में भाग लेते ऋतुराज सिन्हा।

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 79 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 14 अगस्त 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

## झारखण्ड निर्माता, दूरदर्शी, आदिवासी अस्मिता के प्रहरी, सर्वप्रिय एवं हम सबके प्रेरणास्रोत



**जन्म- 11 जनवरी 1944** **निधन- 04 अगस्त 2025**

प्रिय देशवासियों,


दिशोम गुरु, आदरणीय शिबू सोरेन जी केवल मेरे पिता ही नहीं थे, बल्कि जल, जंगल और जमीन के प्रहरी, आदिवासी अस्मिता के रक्षक, और देशभर के वंचित, शोषित और गरीब वर्ग की आवाज थे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन जनसेवा और संघर्ष को समर्पित किया। चाहे संसद का सदन हो या गांव की चौपाल—उन्होंने हर मंच से अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और हमारे हक-हकूक की रक्षा की।

उनकी स्मृतियां, उनके आदर्श और उनके संघर्ष की गाथा हमें हमेशा प्रेरणा देती रहेंगी। मैं आप सभी से निवेदन करता हूँ कि हम सब मिलकर उनके अधूरे सपनों को साकार करें और एक न्यायपूर्ण, समानता आधारित एवं सम्मानपूर्ण समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। दिशोम गुरुजी की विरासत को हम सहेजेंगे, उनके विचारों को आगे बढ़ाएंगे और उनकी सेवा भावना को जन-जन तक पहुँचाएंगे।

मेरे पिता का जाना व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए अपूरणीय क्षति है, परंतु उनकी आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम सभी उनके बताए मार्ग पर चलेंगे।

## दिशोम गुरु को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि !

आपका
**हेमन्त सोरेन**
**मुख्यमंत्री, झारखण्ड**



**हम, झारखण्ड के वासी, आपके अमूल्य योगदान के लिए हमेशा कृतज्ञ रहेंगे**

**श्राद्धकर्म**

**दशकर्म** : 15 अगस्त 2025 (शुक्रवार) **संस्कारभोज** : 16 अगस्त 2025 (शनिवार)

**कार्यक्रम स्थल** :- ग्राम : नेमरा, थाना : बरलंगा, प्रखण्ड : गोला, जिला : रामगढ़, झारखण्ड

झामुमो केंद्रीय समिति

# राज्य के सभी अंचलों का माइक्रो प्लान विभाग के पोर्टल पर अपलोड

## रैयत पंचायतवार शिविर समेत मौजा के लिए गठित टीम का भी प्राप्त कर सकते हैं विवरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में राजस्व महाअभियान 16 अगस्त से 20 सितंबर 2025 तक चलाया जाएगा। इसकी तैयारी के क्रम में राज्य के सभी 537 अंचलों का माइक्रो प्लान जारी कर दिया गया। इस माइक्रो प्लान से अंचल क्षेत्र में पंचायतवार राजस्व महा-अभियान का संचालन किया जाएगा। इस माइक्रो प्लान में पूरे अंचल के सभी पंचायतों में दो-दो शिविर की तिथि निर्धारित है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बताया कि अभी राजस्व महा-अभियान की तैयारी का चरण चल रहा है। इस चरण का महत्वपूर्ण कार्य अंचल वार माइक्रो प्लान बनाना है। इसके साथ ही जमाबंदी की प्रति और आवेदन प्रपत्र की प्रति भी मौजावार तैयार कर गठित टीम को सौंपी जा रही है। अंचलाधिकारियों द्वारा अपने-अपने अंचलों का माइक्रो प्लान बनाकर विभाग के पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। कोई भी व्यक्ति व्यक्ति विभाग के पोर्टल पर जाकर अपने अंचल का माइक्रो प्लान देख सकता है। इस माइक्रो प्लान में पंचायत वार शिविर की तिथि, पंचायत वार तैनात राजस्व कर्मी का नाम और नंबर, अमीन का नाम और नंबर लेकर उनसे संपर्क कर सकता है। इसी के साथ सभी अंचलों में जमाबंदी की प्रति निकालकर मौजावार तैयार किया जा रहा है। ये कार्य भी अब अंतिम चरण में है। एसीएस श्री सिंह ने बताया कि राजस्व कर्मचारी, विशेष सर्वेक्षण अमीन तथा अभियान से जुड़े अन्य विभागों के कर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न हो गया है। ग्राम वार प्रचार-प्रसार के लिए माइकिंग के साथ-साथ ग्रामीणों के बीच अभियान से संबंधित पम्पलेट का वितरण भी टीम द्वारा किया जा रहा है। पम्पलेट के साथ माइक्रो प्लान की प्रति सभी पंचायत प्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराया जा रहा है। कोई भी रैयत अपने जनप्रतिनिधि से भी संपर्क कर अपने पंचायत के माइक्रो प्लान की जानकारी प्राप्त कर सकता है। वहीं मौजा के लिए गठित टीम घर-घर जाकर जमाबंदी की प्रति और आवेदन प्रपत्र उपलब्ध कराएगी।

**हर घर तक पहुंचेगी टीम**

राजस्व महाअभियान के तहत राज्यभर में डिजिटाइज्ड जमाबंदी में त्रुटियों का सुधार (परिमार्जन), छूटी हुई जमाबंदियों को ऑनलाइन कराना, उत्तराधिकार नामांतरण और बंटवारा नामांतरण जैसे मामलों का समाधान किया जाएगा। इस दौरान नाम, खाता, खेसरा, रकबा, लगान जैसी अशुद्धियों को ठीक किया जाएगा। साथ ही ऑफलाइन जमाबंदी को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाया जाएगा। रैयत की मृत्यु के बाद उत्तराधिकारियों के नाम पर जमाबंदी कराई जाएगी। संयुक्त जमाबंदी के मौखिक बंटवारे के बावजूद अंशधारकों के नाम से अलग जमाबंदी सुनिश्चित की जाएगी। गठित टीमें 16 अगस्त से 15 सितंबर 2025 तक घर-घर जाकर लोगों को उनकी जमाबंदी की प्रति और आवेदन प्रपत्र देंगी तथा हल्का शिविर में उनसे आवेदन लेंगी ताकि किसी को दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़े। प्रत्येक पंचायत के सरकारी या अन्य सरकारी भवन में हल्कावार विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में भरे हुए आवेदन प्रपत्र जरुरी कागजातों के साथ जमा किए जा सकेंगे। रैयत द्वारा आवेदन जमा करने पर उनके मोबाइल पर ओटीपी भेजकर रजिस्ट्रेशन कर लिया जाएगा। इसके बाद आवेदन पर की जा रही कार्रवाई की जानकारी मिलती रहेगी। प्रत्येक हल्का में कम से कम सात दिनों के अंतराल पर दो तिथियों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि राजस्व महा अभियान राज्य सरकार की एक अत्यंत महत्वाकांक्षी पहल है। इससे लाखों रैयतों को लाभ होगा। उन्होंने सभी पंचायत प्रतिनिधियों को इस महा-अभियान में भाग लेने के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान के सफल होने के बाद राज्य में भूमि से संबंधित विवाद न्यूनतम रह जाएंगे।

## एचडीएफसी बैंक व विनफास्ट ऑटो इंडिया के बीच समझौता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक और विनफास्ट ऑटो इंडिया ने ग्राहकों और डीलरों के लिए ऑटो और इन्वेंटरी फाइनेंसिंग प्रदान करने हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। विनफास्ट ऑटो इंडिया, वियतनाम की सबसे बड़ी निजी समूह विनग्रुप की वैश्विक ईवी कंपनी विनफास्ट की भारतीय सहायक कंपनी है। यह समझौता भारत में विनफास्ट के लॉन्च से पहले कंपनी द्वारा किसी बैंक के साथ किया गया पहला गठजोड़ है। इस सहयोग का उद्देश्य ग्राहकों और डीलरों के लिए समग्र वित्तीय समाधान प्रदान करना है जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद प्रक्रिया अधिक सुगम और सुविधाजनक बन सके। इस समझौते के तहत ग्राहकों को विशेष और अनुकूलित फाइनेंसिंग विकल्प उपलब्ध कराए जाएंगे जिससे अधिक से अधिक भारतीय उपभोक्ता इवी अपनाने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

# मीडिया को संवैधानिक दर्जा देने की मांग

## राष्ट्रपति को पत्र लिखकर विजय शंकर चतुर्वेदी ने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मीडिया को लोकतंत्र का आधिकारिक चौथा स्तंभ घोषित कर संवैधानिक मान्यता देने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ रही है। राष्ट्र टाइम्स के संपादक एवं प्रेसिडेंट, मान्यता प्राप्त पत्रकार संघ के अध्यक्ष विजय शंकर चतुर्वेदी ने इस संबंध में राष्ट्रपति को विस्तृत पत्र लिखकर त्वरित कार्रवाई की अपील की है। अपने पत्र में श्री चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय मीडिया – चाहे प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल – सदैव जनता को जागरूक, शिक्षित और सशक्त बनाने का कार्य करता आया है। उन्होंने लिखा मीडिया विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को जवाबदेह बनाता है और समाज में पारदर्शिता व सुधार को बढ़ावा देता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि दुनिया के कई देशों में मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ संवैधानिक मान्यता प्राप्त है जबकि भारत में यह दर्जा अब तक केवल मौखिक परंपरा तक सीमित है। अब समय आ गया है कि इसे आधिकारिक रूप से संवैधानिक मान्यता दी जाए। श्री चतुर्वेदी के अनुसार संवैधानिक मान्यता मिलने से पत्रकारों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सुरक्षा सुनिश्चित होगी, प्रेस की स्वायत्तता व विश्वसनीयता में वृद्धि होगी, जनता का लोकतांत्रिक संस्थाओं पर विश्वास और गहरा होगा तथा लोकतांत्रिक ढांचे में संतुलन और पारदर्शिता आएगी। उन्होंने कहा कि यह केवल पत्रकारों की आवाज नहीं है, बल्कि हर उस नागरिक की मांग है जो स्वतंत्र और निष्पक्ष लोकतंत्र में विश्वास रखता है। उन्होंने राष्ट्रपति से इस विषय पर गंभीरता से विचार कर जल्द सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की। ताकि लोकतंत्र के इतिहास में एक नया अध्याय लिखा जा सके।

# आत्मनिर्भर बिहार के बिना विकसित भारत अधूरा, बदलाव की चाबी युवाओं के हाथ : ऋतुराज

## चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान ने 'बेहतर बिहार संवाद' कार्यक्रम का किया आयोजन





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना स्थित चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान के सभागार में आज 'बेहतर बिहार संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने बिहार के युवाओं के साथ सीधा संवाद स्थापित करते हुए राज्य के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तब तक पूरा नहीं हो सकता जब तक बिहार इसमें अग्रणी भूमिका न निभाए। उन्होंने कहा आत्मनिर्भर बिहार के बिना विकसित भारत अधूरा है और बदलाव की चाबी युवाओं के हाथ में है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपनी सोच और दृष्टिकोण को बदलकर इस परिवर्तन की धुरी बनें। श्री सिन्हा ने बिहार के बारे में बनी नकारात्मक धारणा को समाप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कोई व्यक्ति अपने परिवार को कोसकर प्रगति नहीं कर सकता, वैसे ही बिहार को दोष देकर हम आगे नहीं बढ़ सकते। युवाओं को स्पष्ट विजन और सकारात्मक सोच के साथ नेतृत्व संभालना होगा। उन्होंने युवाओं को 1975 के जेपी आंदोलन की याद दिलाई जब बिहार के युवाओं ने एकजुट होकर तानाशाही और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई थी। रोजगार के मुद्दे पर श्री सिन्हा ने कहा कि हर युवा सरकारी नौकरी की उम्मीद करता है, लेकिन यह व्यावहारिक नहीं है कि सरकार सभी को नौकरी दे। उन्होंने युवाओं से स्वरोजगार और उद्यमिता की ओर कदम बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने गुजरात का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां के युवा 18 साल की उम्र में व्यवसाय शुरू कर देते हैं जबकि बिहार के युवा उस उम्र में सिर्फ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू करते हैं। उन्होंने कहा यदि बिहार को आगे बढ़ाना है तो यह मानसिकता बदलनी ही होगी। श्री सिन्हा ने चन्द्रगुप्त संस्थान के बारे में बोलते हुए कहा कि मुझे इस संस्थान में आ कर अच्छा लगा क्यूंकि यहां के छात्र और शिक्षक दोनों ही बेहतर बिहार के लिए सतत प्रयासरत हैं। कार्यक्रम में छात्रों ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने कृषि में तकनीकी नवाचार, स्वरोजगार के लिए ऋण सुविधा, पर्यटन को बढ़ावा देने और न्यूनतम मजदूरी दर में सुधार जैसे कई सुझाव दिए। श्री सिन्हा ने इन सुझावों की सराहना करते हुए कहा युवाओं की यह सोच ही भविष्य के बेहतर बिहार की नींव है। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के निदेशक प्रो. राणा सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कुमुद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# राजगीर और पटना में 6 महीने में तैयार होगा साइबर फॉरेंसिक लैब

## साइबर मामलों की जांच की रफ्तार बढ़कर हो जाएगी चार गुणा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य में पटना और राजगीर में जल्द ही साइबर फॉरेंसिक लैब की स्थापना होने जा रही है। इन दोनों शहरों में आगामी चार से छह महीने में सीएफएल पूरी तरह से काम करने लगेगा। इससे साइबर संबंधित मामलों में बरामद प्रदर्श के जांच की रफ्तार चार गुणा बढ़ जाएगी। इससे प्रदर्श की जांच में काफी तेजी आएगी। यह जानकारी एडीजी (सीआईडी) पारसनाथ ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि इन दोनों सीएफएल की स्थापना गुजरात के गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय फॉरेंसिक साइंस यूनिट के सहयोग से किया जा रहा है। इसके लिए संस्थान के साथ एक विशेष एमओयू (समझौता पत्र) पर हस्ताक्षर किया गया है। एडीजी ने कहा कि एनएफसीयू की टीम बिहार में दोनों साइबर फॉरेंसिक प्रयोगशाला की स्थापना में तकनीकी सहायता, कंस्लटेंसी सेवा, साइबर प्रयोगशाला में उपयोग होने वाले उपकरणों की तकनीकी विशिष्टता भी प्रदान करेंगे। इसके साथ ही यहां पहले से मौजूद फॉरेंसिक साइंस लैब के उन कर्मियों को प्रशिक्षण देंगे जो साइबर फॉरेंसिक के अनुसंधान में लगे हुए हैं। दोनों यूनिट में कार्यरत छह कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों सीएफएल की स्थापना के लिए गृह विभाग के स्तर से सहमति मिल गई है। साथ ही 13 करोड़ 66 लाख 52 हजार रुपये की राशि मंजूर कर दी गई है। इससे साइबर मामलों की जांच में तेजी आएगी। एडीजी पारनाथ ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों के प्रावधानों के तहत 7 साल या इससे अधिक की सजा वाले मामलों में ऑडियो-विजुअल साधनों को सबूत के तौर पर फॉरेंसिक सहायता लेना अनिवार्य है। इसके मद्देनजर सीएफएल की उपयोगिता और अनिवार्य अधिक हो जाती है। बिहार में साइबर अपराध की गतिविधि लगातार बढ़ रही है। विभिन्न आयामों के साइबर अपराध देखने को मिल रहे हैं जिसमें डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ठगी, बैंक धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग, फिशिंग, फर्जी कस्टमर केयर कॉल, पहचान की चोरी समेत ऐसे अन्य मामले शामिल हैं। एडीजी ने बताया कि राज्य में 2022 में साइबर अपराध के 1606 मामले दर्ज किए गए थे। यह संख्या 2023 में 200 फीसदी बढ़कर 4801 हो गई।

# बी. डी. कॉलेज के एनसीसी कैडेटों ने निकाली 'हर घर तिरंगा' रैली




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बी. डी. कॉलेज, पटना के एनसीसी कैडेटों ने मंगलवार को 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत भव्य रैली का आयोजन किया। रैली को कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रत्ना अमृत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एनसीसी बैंड की देशभक्ति धुनों के बीच रैली कॉलेज प्रांगण से शुरू होकर जक्कनपुर, मीठापुर, यारपुर, खगौल रोड होते हुए पुनः कॉलेज परिसर में पहुंची। रैली में शामिल कैडेटों ने हाथों में राष्ट्रध्वज लेकर नागरिकों से अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया। इस अवसर पर बर्सर डॉ. अमित कुमार, कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि रैली का उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना जागृत करना और स्वतंत्रता दिवस पर अधिक से अधिक लोगों को तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है।

# पहली ही काउंसलिंग में गोल के छात्रों ने रचा इतिहास, देश के शीर्ष मेडिकल कॉलेजों में मिली सफलता




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट 2025 के पहले ही चरण की काउंसलिंग में गोल इंस्टीट्यूट के छात्रों ने ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। इस बार कई गोल के छात्रों ने देश के शीर्ष 10 मेडिकल कॉलेजों में अपनी जगह बनाई है। गोल इंस्टीट्यूट के 30 से अधिक छात्रों को एम्स में प्रवेश मिला है। इसके साथ ही 3 छात्रों का चयन मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, दिल्ली में हुआ, 2 छात्रों को लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, दिल्ली में तथा 2 छात्रों को डब्लूएमएमसी सफदर जंग, दिल्ली में स्थान मिला है। इसके अलावा कई छात्रों को बीएचयू, एएमयू और अन्य शीर्ष मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश प्राप्त हुआ है। सफल छात्रों ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए गोल इंस्टीट्यूट को अपनी सफलता का श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि गोल ने न केवल उन्हें पढ़ाई में मार्गदर्शन दिया, बल्कि काउंसलिंग प्रक्रिया में भी सहयोग कर उनकी राह आसान बनाई। गोल इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने कहा यह उपलब्धि हमारे छात्रों की मेहनत, अनुशासन और गोल की सटीक रणनीति का परिणाम है। हम अपने हर छात्र को सर्वोत्तम मार्गदर्शन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गोल इंस्टीट्यूट के सहायक निदेशक रंजय सिंह ने कहा पहली ही काउंसलिंग में इतने बड़े पैमाने पर चयन इस बात का प्रमाण है कि गोल का परिणाम-उन्मुख शिक्षण मॉडल छात्रों के करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जाता है। गोल इंस्टीट्यूट के आर. एंड डी. हेड आनंद वत्स ने कहा हम हर वर्ष अपने पाठ्यक्रम, शिक्षण पद्धति और व्यक्तिगत मार्गदर्शन को और बेहतर बनाते हैं ताकि हमारे छात्र देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में स्थान प्राप्त कर सकें। गोल इंस्टीट्यूट ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वह मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी में देश का भरोसेमंद नाम है।

# पटना में 'रसोइयों का न्याय दिलाओ आक्रोश रैली', उठी न्यूनतम मजदूरी की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राष्ट्रीय मध्यान्ह भोजन रसोइया फ्रंट के बैनर तले आज राजधानी पटना के गर्दनीबाग में एक दिवसीय 'रसोइयों का न्याय दिलाओ आक्रोश रैली' और महाधरना का आयोजन किया गया जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों से आए प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों के साथ-साथ संगठन के कई पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। धरना सभा को संबोधित करते हुए फ्रंट के राष्ट्रीय संरक्षक जय सिंह राठौड़ ने कहा रसोइया सिर्फ भोजन नहीं बनातीं, वे हमारे बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और मुस्कान की जिम्मेदारी निभाती हैं। उन्होंने रसोइयों के मानदेय में वृद्धि पर सरकार का आभार जताते हुए कहा कि मध्याह्न भोजन योजना के तहत कार्यरत रसोइयों के मानदेय को 1,650 से बढ़ाकर 3,300 प्रतिमाह करने के बिहार सरकार का निर्णय स्वागत योग्य है। सरकार का यह कदम उनके आत्मसम्मान और हौसले को दोगुना करेगा। हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि नीतीश सरकार को रसोइयों को न्यूनतम मजदूरी के तहत कम से कम 10,000 मासिक वेतन, साल के 12 महीनों के लिए करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि रसोइयों को भी एक तय सीमा के बाद रिटायरमेंट मिले और उनको भी सरकार मासिक पेंशन दे साथ हीं स्वास्थ्य बीमा की व्यवस्था सरकार करे। राष्ट्रीय महासचिव रामकृपाल भाई ने कहा कि सरकार द्वारा घोषित मानदेय बढ़ोतरी वर्तमान भीषण महंगाई में ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। उन्होंने आरोप लगाया कि रसोइयों को मिलने वाला मानदेय अक्सर 2-3 माह की देरी से दिया जाता है जिसके कारण वे भुखमरी के कगार पर पहुंच जाती हैं। सरकार उनके सुरक्षित भविष्य की गारंटी की जाए। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष उमाशंकर प्रसाद और प्रदेश सचिव मोहम्मद शकील ने संयुक्त रूप से कहा कि रसोइयों के साथ सरकार का व्यवहार सौतेला है। सरकार रसोइयों को बंधुआ मजदूर की तरह काम करवा रही है।

# संस्कृत संसार की प्राचीनतम, मधुरतम और सुंदरतम भाषा : प्राचार्या



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजकीय महिला महाविद्यालय गुलजारबाग में संस्कृत सप्ताह महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या श्रुति तेतरवे ने की जबकि मुख्य अतिथि सह वक्ता के रूप में फिरोज गांधी महाविद्यालय, मीठापुर, पटना के डॉ मुकेश कुमार ओझा आमंत्रित थे। सत्र का संचालन संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ रंजु कुमारी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। रसायन शास्त्र विभाग की डॉ कुमारी निमिशा ने मंगलाचरण में सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात, महाविद्यालय की प्राचार्या ने आगत अतिथि का स्वागत अंगवस्त्र एवं पौधा प्रदान कर किया।

# पटना में 17 अगस्त को होगा श्री कृष्ण महोत्सव, सांस्कृतिक रंगों में रमेगी राजधानी




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** श्री कृष्ण महोत्सव ट्रस्ट की ओर से 17 अगस्त (रविवार) को बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स, गांधी मैदान, पटना में भव्य श्री कृष्ण महोत्सव 3.0 का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में ट्रस्ट के महासचिव राकेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 1 बजे होगा। ट्रस्ट के आदित्य राज ने बताया कि दोपहर 2 बजे से छोटे बच्चों के लिए रूप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी जिसमें प्रतिभागी कृष्ण और राधा के रूप में सजे नजर आएंगे। मुख्य समारोह का उद्घाटन शाम 4 बजे मुख्य अतिथि नन्द किशोर यादव, अध्यक्ष, बिहार विधान सभा द्वारा किया जाएगा। इसके बाद शाम 4:30 बजे से सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरुआत होगी। राजधानी के लोगों के सामने पारंपरिक कथक, भरतनाट्यम और लोकनृत्यों के माध्यम से कृष्ण लीलाओं की झलक पेश की जाएगी। इसके साथ ही कृष्ण की रासलीला का भावनात्मक मंचन और बाल लीलाओं पर आधारित नाट्य प्रस्तुति भी होगी। शाम 6:30 बजे मटकी फोड़ का आयोजन किया जाएगा जिसमें युवाओं का उत्साह देखने को मिलेगा। शाम 7:30 बजे से महाप्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। ट्रस्ट के आर्य नंदन ने बताया कि महोत्सव में राजधानी के कई गणमान्य अतिथि शामिल होंगे जिनमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, सांसद पटना साहिब रविशंकर प्रसाद, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव रितुराज सिन्हा, कुम्हरार के विधायक अरुण कुमार सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स पीके अग्रवाल और वर्तमान अध्यक्ष सुभाष पटवारी समेत कई अन्य विशिष्ट लोग शामिल होंगे।

# पटना में बिहार फूड फेस्टिवल शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के पारंपरिक व्यंजनों के शौकीनों के लिए खुशखबरी पटना स्थित द रेड वेल्वेट होटल समर्पण में 10 अगस्त से शुरू हुआ 'बिहार फूड फेस्टिवल' इन दिनों खाने के शौकीनों को खूब लुभा रहा है। यह विशेष आयोजन 31 अगस्त 2025 तक चलेगा जिसमें मेहमानों को बिहार के असली स्वाद से भरपूर स्पेशल बिहारी बुफे का आनंद मिल रहा है। 'बिहार का स्वाद, हर बाइट में याद' थीम पर आधारित इस फेस्टिवल में शुरुआत मसाला सत्तू और मट्ठा जैसे पारंपरिक वेलकम ड्रिंक से होती है। खाने की लिस्ट में काले चने की घुघनी, लिट्टी-चोखा, भुजाल मछली, भुजाल मुर्गा, आलू चाप, फ्राई चूड़ा जैसे स्टार्टर और दाल फ्राई, आलू दम, मटर पनीर, भरवा सब्जी, पुलाव, रसदार मुर्गा, बिहारी फिश करी, मोतिहारी टस्स जैसे लजीज मुख्य पकवान शामिल हैं। इनके साथ पूरी, पराठा और अन्य भारतीय ब्रेड परोसी जा रही हैं। मिठाई प्रेमियों के लिए चंद्रकला, इमरती विद रबड़ी, बलूशाही और लंगचा जैसे पारंपरिक डेजर्ट इस अनुभव को यादगार बना रहे हैं। यह स्वादिष्ट अनुभव मात्र वेज 749 रुपए और नॉन वेज 849 रुपए प्रति व्यक्ति में उपलब्ध है। फेस्टिवल का आयोजन होटल के इनकम टैक्स गोलंबर, किदवईपुरी, पटना स्थित परिसर में हो रहा है।

## आयुर्वेदिक सुपरफूड्स के साथ मानसून में पाएं एक्ने-फ्री ग्लोइंग स्किन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मानसून के मौसम में नमी और तापमान में बदलाव के कारण त्वचा संबंधी समस्याएं जैसे बंद पोर्स, अधिक तेल स्राव और बार-बार होने वाले फोड़े-फुंसियां आम हो जाती है जहां लोग स्किनकेयर प्रोडक्ट्स पर ध्यान देते हैं, वहीं खानपान का असर अक्सर नजरअंदाज रह जाता है। आयुर्वेद के अनुसार इस मौसम में वात और पित्त दोष बढ़ जाते हैं जिससे सूजन और त्वचा रोगों की संभावना बढ़ती है। प्रमुख आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. मधुमिता कृष्णन का कहना है कि मानसून में त्वचा की सेहत बनाए रखने के लिए आहार में मीठे और हल्के तैलीय प्रकृति वाले खाद्य पदार्थ शामिल करना लाभकारी है।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में सीए निरंजन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्येष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। इस अवसर पर 9 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए। बीमाकृत व्यक्तियों को सूचित किया गया कि आपातकालीन स्थिति में निजी चिकित्सा संस्थानों में इलाज कराकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति का दावा करने पर उसे सीजीएचएस-सरकारी दर से सीमित कर दावे का भुगतान किया जाता है इसलिए बीमाकृत व्यक्तियों को यह सलाह दिया गया कि गैर आपातकालीन के मामलों में कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ या कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल सह चिकित्सा महाविद्यालय, बिहटा में पहले इलाज प्राप्त करें वहां चिकित्सा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ही निजी संस्थान में इलाज करायें।

# मां प्रेमा फाउंडेशन की ओर से हर घर तिरंगा यात्रा निकली



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** गोरौल प्रखंड के पीरापुर मथुरा पंचायत में मां प्रेमा फाउंडेशन की ओर से हर घर तिरंगा यात्रा निकाला गया। इसका शुभारंभ फाउंडेशन के संस्थापक सह पूर्व पंचायत समिति सदस्या प्रेमा कुमारी ने किया। इसमें कोल इंडिया की ओर से संचालित सीता नंदलाल ज्ञानशाला की छात्राओं ने हिस्सा लिया। वंदे मातरम, भारत माता की जय, इंकलाब जिंदाबाद आदि के नारों से छात्राओं ने सभी को देश प्रेम व स्वतंत्रता दिवस को लेकर अभिप्रेरित किया। कार्यक्रम में फाउंडेशन की सीईओ ज्योति, जदयू व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह सामाजिक कार्यकर्ता दुर्गा प्रसाद साह, शिक्षिका प्रियंका कुमारी, संतोष कुमार, रितु राज, प्रीति कुमारी भी थे।

✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



पटना स्थित चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान में आयोजित बेहतर बिहार संवाद कार्यक्रम में भाग लेते ऋतुराज सिन्हा।

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 79 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 14 अगस्त 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

## मुख्यमंत्री ने की बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किये जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा

# प्रभावित लोगों को पूरी संवेदनशीलता के साथ यथाशीघ्र करें मदद : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किये जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने राज्य की नदियों के जलस्तर की अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों के किनारे वाले क्षेत्रों में बढ़ते जलस्तर को ध्यान में रखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहे। साथ ही प्रभावित लोगों को यथाशीघ्र और पूरी संवेदनशीलता के साथ मदद करें। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों के बीच राहत एवं बचाव कार्य पूरी मुस्तैदी से करते रहें। उन्होंने कहा कि सरकार में आने के बाद से ही हमलोग आपदा पीड़ितों की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं। मॉनसून के पूर्व संभावित बाढ़, सुखाड़ एवं अन्य आपदाओं को लेकर तैयारियों की समीक्षा की जाती है और एसओपी के अनुसार सभी को कार्य करने के निर्देश दिए जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच आनुग्रहिक राहत राशि (जीआर) का वितरण जल्द से जल्द करायें। बाढ़ के दौरान हुई फसल क्षति को लेकर किसानों के बीच राशि का भुगतान कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पथ निर्माण विभाग एवं ग्रामीण कार्य विभाग बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों का पुनर्स्थापन कार्य कराना सुनिश्चित करे ताकि लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। समीक्षा बैठक में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, आपदा प्रबंधन मंत्री विजय कुमार मंडल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल, कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप कुमार आर. पुदुकलकट्टी, ऊर्जा विभाग के सचिव मनोज कुमार सिंह एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह उपस्थित थे जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबद्ध जिलों के जिलाधिकारी जुड़े हुए थे।




# बिहार में अब घरों से निकलने वाले कचरे से बनाई जाएगी बिजली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में अब घरों से निकलने वाले कचरे से बिजली बनाई जाएगी। पटना में इसके लिए वेस्ट डिस्पोजल (कूड़ा निस्तारण) प्लांट स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। इसके अनुसार, पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर पटना क्लस्टर में एकीकृत ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन किया जाएगा। पटना, दानापुर, बिहटा, पुनपुन जैसे कुल 13 शहरों के कूड़ा और अपशिष्ट को इकट्ठा कर उनका निस्तारण किया जाएगा। इसका इस्तेमाल बायोगैस और बिजली बनाने में होगा। नगर विकास एवंआवास विभाग के इस प्रस्ताव को नीतीश कैबिनेट ने मंजूरी दी है। इसके तहत पटना नगर निगम क्षेत्र के रामचक बैरिया में अलग-अलग प्लांट और सुविधाएं विकसित की जाएंगी। यहां रोजाना 1600 टन कचरे का निस्तारण होगा। ठोस अपशिष्ट से 15 मेगावाट बिजली पैदा करने के लिए पावर प्लांट विकसित होगा। इसके अलावा, 100 टन प्रतिदिन क्षमता वाला बायो-मिथिनेशन प्लांट, 50 टन प्रतिदिन क्षमता वाला एमआरएफ प्लांट, 700 टन प्रतिदिन क्षमता वाला कंपोस्ट प्लांट, 325 प्रतिदिन क्षमता की सैनेटरी लैंडफिल सुविधा और 250 टन प्रतिदिन क्षमता का एमआरएफ सह आरडीएफ प्लांट की स्थापना की जाएगी। वेस्ट टू एनर्जी प्लांट मेंबनेगी बिजली राज्य सरकार के बयान के अनुसार इन संयंत्रों में वैज्ञानिक तरीके से कचरे की प्रोसेसिंग और डिस्पोजल किया जाएगा। इससे शहर स्वच्छ और कचरा मुक्त बनेंगे। पर्यावरण में सुधार होगा और वायु प्रदूषण में कमी आएगी। साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण की रैंकिंग में भी सुधार आएगा। बायो-मिथिनेशन प्रबंधन से बायोगैस का उत्पादन किया जाएगा। इसका उपयोग रिन्यूएबल एनर्जी के रूप में होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दीवार से दबकर बहन की मौत, भाई जख्मी

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** परवलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत डाक बंगला के पास बुधवार की सुबह से हो रही लगातार बारिश के बीच अचानक डाक बंगला के पास खटाल की पुरानी दीवार गिरने से उससे दबकर पांच महीने की बच्ची की मौत हो गई है जबकि इसका भाई जख्मी है। घायल की पहचान बादल डोम के पुत्र कुंदन कुमार के रूप में की गई है। वहीं दीवार से दबकर पांच महीने की प्रीती की मौत हो गई है।

### दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत

**समस्तीपुर (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र के दामोदरपुर टेलीफोन एक्सचेंज के पास बुधवार को दो बाइकों के बीच हुई सीधी टक्कर में एक युवक की मौत हो गई जबकि तीन युवक जख्म हो गए। घायलों का उपचार रोसरा अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। मृतक युवक की पहचान विभूतिपुर थाना क्षेत्र के नरहन वार्ड-10 निवासी अद्यानंद राय के बेटे अतिश कुमार के रूप में की गई है। घायलों में बेगूसराय जिला के चेरिया बरियारपुर निवासी आसिफ, चक्की ढाबा वार्ड-16 निवासी दिलखुश कुमार और मिथिलेश पासवान शामिल है।

### सर्पदंश से युवक की मौत

**भभुआ (नबिटा ब्यूरो)।** भभुआ थाना क्षेत्र के कबार गांव में एक व्यक्ति की सांप काटने से मौत हो गई। मृतक की पहचान जोगी राम (36) के रूप में हुई है। जोगीराम अपने पक्के मकान में चौकी पर सो रहा था। इसी दौरान एक जहरीले सांप ने उसे काट लिया। परिजन तुरंत उसे भभुआ के सदर अस्पताल ले गए। यहां इलाज के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद उसे वाराणसी ले जाया गया। वाराणसी में इलाज के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**बेगूसराय (नबिटा ब्यूरो)।** बखरी थाना क्षेत्र के डरहा हनुमान मंदिर के पाससड़क हादसे में एक दोस्त की मौत हो गई। दूसरे की हालत गंभीर है। इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है। मृतक की पहचान ध्यानचक्की निवासी रामविलास साह के पुत्र बजरंगी कुमार साह(17) के तौर पर हुई है। घायल का नाम रामा कुमार है।

# वज्रपात से मासूम समेत तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा में देर रात से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बारिश के साथ वज्रपात ने कहर बरपाया और तीन लोगों की जान ले ली जबकि दो लोग झुलस गए हैं जो कि इलाजरत हैं। पहली घटना नूरसराय थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव की है। यहां खेत में मोरी उखाड़ने गए सुरेश यादव पर वज्रपात हुआ। उनके साथ मौजूद पुत्र राजीव कुमार भी घायल हुआ। ग्रामीणों ने दोनों को बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने सुरेश को मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना नूरसराय के ही छतरपुर गांव की है। रामाश्रय यादव की पत्नी चांदनी देवी घर के शौचालय में थीं तभी वज्रपात से दीवार ढह गई और वे मलबे में दब गईं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। तीसरी घटना परबलपुर थाना क्षेत्र बाजार की है। यहां डाक बंगला पर वज्रपात से दीवार गिरी, जो झोपड़ी पर आ गिरी। बादल डोम की 10 माह की पुत्री प्रीति की मौत हो गई, जबकि उसका भाई घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटनाओं की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और बाद में परिजनों को सौंप दिया गया।

# जेपी सेनानियों का पेंशन दोगुना, बीएलओ की बल्ले-बल्ले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

## बिहार कैबिनेट की बैठक में 30 एजेंडों पर लगी मुहर



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्य सचिवालय स्थित मंत्रिमंडल कक्ष में कैबिनेट बैठक हुई। बैठक में 30 एजेंडों पर मुहर लगी है। इस बैठक के दौरान विभाग के सभी मंत्री मौजूद रहे। इसमें राज्य से जुड़े अहम प्रस्तावों पर चर्चा और मंजूरी मिली है। भारत निर्वाचन आयोग के फैसले के बाद बिहार में बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर की सालाना सैलरी बढ़ा दी गई है। अब बीएलओ को पहले वाले 10 हजार की जगह 14,000 सालाना मिलेंगे। बीएलओ सुपरवाइजर को अब 18,000 सालाना मिलेंगे। पहले 15,000 मिलते थे। वहीं लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में 18 मार्च 1974 से 21 मार्च 1977 तक चले आंदोलन में, मीसा या डीआईआर के तहत जेल में बंद रहे लोगों की पेंशन बढ़ा दी गई है। पहले जो लोग 1 महीने से 6 महीने तक जेल में रहे थे उन्हें 7,500 रुपए मिलते थे। अब यह बढ़ाकर 15,000 रुपए कर दिया गया है। जो लोग 6 महीने से ज्यादा जेल में रहे थे, उनकी पेंशन 15,000 रुपए से बढ़ाकर 30,000 रुपए कर दी गई है। पूरे बिहार में 90,712 बीएलओ और 8,245 सुपरवाइजर हैं। इस बढ़ोतरी से सरकार को हर साल लगभग 38.75 करोड़ ज्यादा खर्च करने होंगे। बिहार सरकार की कैबिनेट बैठक में उद्योग विभाग से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए, जिनका मकसद औद्योगिक विकास और बड़े प्रोजेक्ट्स के लिए जमीन उपलब्ध कराना है। इसमें कई जिलों में जमीन अधिग्रहण और वित्तीय स्वीकृति शामिल है। गया के गुरारू औद्योगिक क्षेत्र में स्थित मां प्रभावती टेक्सटाइल मिल्स को बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नियमावली-2016 के तहत वित्तीय प्रोत्साहन की मंजूरी दी गई। अंचल बेगूसराय के कुसमौत में 991 एकड़ जमीन अधिग्रहण का फैसला हुआ है। इस पर करीब 3 अरब 51 करोड़ रुपए खर्च होंगे। सैदपुर, बहादुरपुर, गंगापुर नरौली और ताराचंदपुर गांवों में कुल 500 एकड़ जमीनों का अधिग्रहण होगा। इस पर करीब 2 अरब 19 करोड़ रुपये खर्च होंगे। अटवा गांव में जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव पास हुआ है, जिसमें करीब 1 अरब 13 करोड़ रुपए लगेंगे।

# मोदी-नीतीश की सभा को लेकर एनडीए में मंथन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिला मुख्यालय स्थित हरिदास सेमिनरी में बुधवार को एनडीए के सभी घटक दलों की बैठक हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल की अध्यक्षता में दो सत्रों में चले इस मंथन में 22 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन को ऐतिहासिक बनाने की रणनीति बनी। पहले सत्र में दिलीप जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को केंद्र-राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और सभा की तैयारी को मिशन मोड में पूरा करने का संकल्प दिलाया। दूसरे सत्र में एनडीए के सभी दलों के प्रदेश अध्यक्ष और पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ बैठे। खास बात यह रही कि दोनों सत्र मीडिया से पूरी तरह दूर रखे गए। हालांकि बीच में दिलीप जायसवाल और जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने पत्रकारों से बात की। श्री जायसवाल ने कहा कि यह बैठक सिर्फ मोदी-नीतीश की ऐतिहासिक सभा की तैयारी के लिए है। सभी दल एकजुट होकर इसे सफल बनाएंगे। मतदाता शुद्धिकरण के विवाद पर उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग की निगरानी में चल रही है। त्रुटि सुधार के लिए 1 सितंबर तक समय है फिर भी शोर मचाना गलत है। सुप्रीम कोर्ट से ऊपर न हम हैं, न इंडिया गठबंधन के लोग। भाजपा नेता भीखू भाई दलसानीया का बिहार में मतदाता पहचान पत्र होने पर तेजस्वी यादव के सवाल पर उन्होंने कहा कि दलसानीया पिछले पांच साल से बिहार के संगठन महामंत्री हैं। उनका वोटर आईडी होना स्वाभाविक है। वहीं उमेश कुशवाहा ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि दो-दो आईडी रखने वाले, लालू-कांग्रेस के शासन में मतदाता का हक मारने वाले आज नाटक कर रहे हैं। जनता सब देख रही है। 2025 में एनडीए भारी बहुमत से सरकार बनाएगा।

बी आर बी सी एल BRBCL

**भारतीय रेल बिजली कम्पनी लिमिटेड**
(एनटीपीसी लिमिटेड एवं रेल मंत्रालय का संयुक्त उद्यम)

**नबीनगर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट**
**पोस्ट : नबीनगर, जिला औरंगाबाद (बिहार) पिन : 824303**

**आवश्यक सूचना**

समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि बीआरबीसीएल के द्वारा 11000 वोल्ट की लाईन बीआरबीसीएल प्लान्ट से बीआरबीसीएल ऐश डाइक (एकहारा गांव केरका पंचायत) तक चार्ज कर दिया गया है। आपको सावधान किया जाता है कि इस चालू लाईन को छुए नहीं, छेड़े नहीं अन्यथा किसी प्रकार की दुर्घटना की जवाबदेही स्वयं की होगी।

यह आदेश भारतीय रेल बिजली कम्पनी लिमिटेड के द्वारा प्रचारित किया जा रहा है।

आदेशानुसार
बीआरबीसीएल, नबीनगर, औरंगाबाद

### धनरूआ थानेदार शुभेन्द्र कुमार निलंबित

**मसौढ़ी (नबिटा ब्यूरो)।** धनरूआ में हुई घटना के बाद थानेदार शुभेन्द्र कुमार पर पटना एसएसपी ने कार्रवाई की है। उन्हें निलंबित कर दिया गया है। पटना एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा ने बातचीत में इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि थानाध्यक्ष की भूमिका संतोषजनक नहीं थी। इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की भी अनुशंसा कर दी गई है। एसएसपी ने बताया कि गांव में पुलिस बल को तैनात किया गया है। लोगों में कॉन्फिडेंस के लिए सक्रिय रूप से पुलिस बल है। लोग आना शुरू कर दिए हैं। घटना के लिए अलग से अनुसंधान की टीम बनाई गई है जो अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर रही है। सूत्रों की मानें तो चित्रगुप्त नगर के थानेदार आलोक कुमार को धनरूआ की जिम्मेदारी मिल सकती है। फिलहाल आलोक धनरूआ में कार्यभार संभाल रहे हैं।

### बिहार के छह एयरपोर्ट का होगा सर्वे

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में हवाई सेवा को विस्तार देने की दिशा में अहम कदम उठाए जा रहे हैं। इसी के तहत भागलपुर में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट समेत कुल 6 एयरपोर्ट के निर्माण के लिए सर्वे कराया जाएगा। नीतीश कैबिनेट ने इसके लिए बजट आवंटित किया है। इसके अलावा गयाजी एयरपोर्ट पर भी कैट-1 लाइट लगाई जाएगी जिससे खराब मौसम में भी विमानों का संचालन किया जा सकेगा। नीतीश कैबिनेट ने राज्य में 6 नए एयरपोर्ट के सर्वे के लिए 2.90 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इसका उपयोग सर्वे शुल्क के अग्रिम भुगतान के रूप में किया जाएगा। जिन एयरपोर्ट का सर्वे किया जाना है उनमें वीरपुर (सुपौल), मुंगेर, वाल्मीकि नगर (पश्चिम चंपारण), मुजफ्फरपुर, सहरसा और भागलपुर एयरपोर्ट शामिल है। भागलपुर में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनाया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिए नई जमीन को अधिग्रहित किया जाएगा। अन्य जगहों पर पुराने हवाई अड्डों में सुविधाएं विकसित कर उन्हें फिर से चालू किया जाएगा। गयाजी के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा को ऑल वेदर एयरपोर्ट बनाया जाएगा। कोहरा, धुंध और खराब मौसम के समय भी यहां विमानों की लैंडिंग हो सकेगी। इसके लिए गया एयरपोर्ट का विस्तार होगा, जिस हेतु 18.24 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। बिहार कैबिनेट ने 137.17 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है।



# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर अंतिम पूर्वाभ्यास






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** 15 अगस्त को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के तहत आज हरिश्चंद्र स्टेडियम, नवादा में परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित), पुलिस केन्द्र, नवादा मनोज कुमार के नेतृत्व में कुल नौ प्लाटून ने अनुशासित तरीके से हिस्सा लिया। परेड का निरीक्षण जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परेड दलों की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बेहतर एवं प्रभावशाली प्रस्तुति देने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) ने जानकारी दी कि आज का पूर्वाभ्यास सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ है। सभी प्लाटून के सदस्य उच्च मनोबल एवं अनुशासन के साथ स्वतंत्रता दिवस पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पूर्णतः तैयार हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समारोह के दिन परेड नवादा जिले की गौरवशाली परंपरा और अनुशासन का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करेगी।

# इस्लामिया बी.एड कॉलेज में जामिया मिलिया इस्लामिया के दूरस्थ पाठ्यक्रमों में प्रवेश जारी

**नवबिहार आइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ (पटना)।** जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली के दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत इस्लामिया बी.एड कॉलेज, फुलवारीशरीफ में विभिन्न व्यावसायिक और शैक्षिक पाठ्यक्रमों में दाखिला जारी है। इच्छुक अभ्यर्थी शीघ्र संपर्क कर नामांकन करा सकते हैं।

इस्लामिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, चेयरमैन डॉ. खुर्शीद हसन के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। उनकी शैक्षणिक दृष्टि, योजनाबद्ध कार्यशैली और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के संकल्प ने संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। नई जरूरतों के अनुरूप पाठ्यक्रमों की शुरुआत और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण यहां की विशेषता बन गई है।

जामिया मिलिया इस्लामिया के दूरस्थ शिक्षा केंद्र के तहत इस्लामिया टीचर्स ट्रेनिंग (बी.एड) कॉलेज, इसाईपुर रोड, फुलवारी शरीफ में शुरू किए गए प्रमुख पाठ्यक्रम इस प्रकार हैं – शिक्षा में एम.ए.,
प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा में डिप्लोमा,
मार्गदर्शन एवं परामर्श में स्नातकोत्तर डिप्लोमा,
उर्दू मास मीडिया में उन्नत डिप्लोमा
हिंदी मास मीडिया में उन्नत डिप्लोमा
मीडिया प्रोडक्शन में उन्नत डिप्लोमा
कराधान में उन्नत डिप्लोमा

उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। नामांकन के लिए अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर या संस्थान के संपर्क नंबरों पर कॉल कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## मोतिहारी महापौर ने किया सड़क व नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** नगर निगम मोतिहारी की महापौर प्रीति कुमारी ने मंगलवार को वार्ड संख्या 4 और 17 में चल रहे सड़क और नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। यह कार्य शहर के बुनियादी ढांचे के विकास और नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के तहत कराया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान निगम पार्षद प्रतिनिधि अंकित गुप्ता और माजिद आलम भी मौजूद रहे। महापौर ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# 56 फरार अपराधी गिरफ्तार : एसपी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 12 अगस्त 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, आर्म्स एक्ट में 03, हत्या के प्रयास में 02, मद्य निषेध में 19 एवं अन्य गिरफ्तारी 32 कुल 56 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अंतर्गत 564.5 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-36 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 790 वाहनों की जांच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि 18 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत एक देशी पिस्टल, छह मोटरसाइकिल, एक कार, चार तसला, चार मोबाइल, दो अपहृता एवं 50 लीटर महुआ घोल विनष्ट बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

# राजद के महिला जनसंवाद कार्यक्रम में उमड़ी महिलाओं की भीड़

## विधायक कामरान बोलें बिहार में तेजस्वी यादव का सीएम बनना तय



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के ऐतिहासिक जेपी आश्रम परिसर में बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल की ओर से महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से स्थानीय राजद विधायक मोहम्मद कामरान मौजूद रहे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में प्रखण्ड की महिलाएं शामिल हुई। इस दरम्यान सैकड़ों की तादाद में महिलाओं ने विधायक मोहम्मद कामरान की हथेली में राखी बांधकर पुनः विधायक बनने की कामना की। महिलाओं की भीड़ से उत्साहित विधायक मोहम्मद कामरान ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आधी आबादी की यह भीड़ बता रही है कि आने वाले समय में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का बिहार का मुख्यमंत्री बनना तय हो गया है। उन्होंने अपने कार्यकाल की चर्चा करते हुए कहा कि पिछले चुनाव में किये गए वायदों को वे शत प्रतिशत पूरा करने में कामयाब हुए हैं। और अपने वेतन का पैसा भी लोगों के बीच खर्च करने का काम किया है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर तेजस्वी यादव द्वारा की जाने वाली घोषणा माई-बहिन योजना के तहत मिलने वाली 2500 रुपया,रोजगार और बेरोजगारी उन्मूलन के तहत लाखों लोगों को नौकरी, 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली,सामाजिक सुरक्षा पेंशन 15 सौ रूपये तक करने एवं सस्ता गैस सिलेंडर सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर भी चर्चा किया। उन्होंने कहा कि हमारे नेता तेजस्वी यादव ने उक्त योजनाओं से बिहार के युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को लक्षित कर विकास करने का संकल्प लिया है। मौके पर राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (औरंगाबाद)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को रजौली मंडल अध्यक्ष संतोष वर्मा के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा बजरंगबली चौक स्थित भाजपा कार्यालय से निकाली गई और पूरे नगर भ्रमण कर पुनः भाजपा कार्यालय पहुंचकर यात्रा को समाप्त किया गया। तिरंगा यात्रा में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संतोष वर्मा ने तिरंगे को आन-बान और शान का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि देश और दुनिया के लोग भी भारतीय सैनिकों और सेना के प्रति गर्व और सम्मान की भावना रखते हैं। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा देश के वीर जवानों के सम्मान का एक माध्यम है। वहीं कार्यक्रम के संयोजक सह जिला मीडिया प्रभारी विकास सोलंकी ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना को जागृत करना है और साथ ही राष्ट्रीय एकता, स्वतंत्रता व लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सम्मान व्यक्त करना हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक कन्हैया रजवार,जिला परिषद सदस्य बसंती देवी,जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चंद्रवंशी, विमल राजवंशी,मंडल प्रभारी मृत्युंजय कुमार उर्फ अजय कुमार सिंह, मंडल महामंत्री सुनील कुमार, दिवान जी, दीपक रजक, नवीन कंधवे, राजाराम सिंह,मंडल उपाध्यक्ष मनोज बरहपुरिया,धनंजय कुमार धन्नू, सुरेन्द्र सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमन कुमार, नीरज कुमार मंटू,राजू कुमार, अनुज कुमार, ऋषि कपूर, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

# टैरिफ वापसी की मांग को लेकर ट्रंप-मोदी का संयुक्त किसान मोर्चा ने फूंका पुतला



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** साम्राज्यवादी मुल्कों मुफ्त व्यापार समझौता रद्द करो, व्यापक आर्थिक व्यापार समझौता वापस लो, अमेरिकी साम्राज्यवाद भारत पर लगाए गए 50/ टैरिफ वापस लेने जैसे मांगो को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा, खेत मजदूर संगठनों के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर नवादा में थाना चौक के समीप से विरोध मार्च निकाल कर भगत सिंह चौक पर पहुंचकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंककर विरोध जताया और अमेरिका के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। तत्पश्चात सभा को संबोधित करते किसान नेताओं क्रमशः किसान महासभा के जिला अध्यक्ष कॉम जगदीश प्रसाद चौहान, किसान सभा के गोविंद प्रसाद, किसान सभा संयुक्त सचिव कॉम, दानी विद्यार्थी खेगरामस जिला सचिव कॉम अजित कुमार मेहता ने संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए कहा अमेरिका द्वारा भारत पर 50/ टैरिफ लगाकर दमन करने पर उतारू है, जिसे भारत के मजदूर किसान कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगा, इसका कड़ा विरोध जारी रखेगा। नेताओं ने कहा अमेरिका के दादागिरी नहीं चलेगा, नरेंद्र मोदी साम्राज्यवादी मुल्कों से भारत मुफ्त व्यापार समझौता बंद करे और अमेरिका के सामने घुटना टेकने से बाज आए, अन्यथा किसान मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ चुप बैठने वाली नहीं है। मौके पर किसान महासभा के भोला यादव, लटन दास, श्रीकांत महतो, किशुन यादव, महावीर मांझी, अनुज प्रसाद, रामू यादव, राजकुमार यादव, राम शिखर यादव, नुनु चौधरी, सुगीया देवी समेत बड़ी संख्या में किसान मजदूर उपस्थित थे।

## दीवार से दबकर बच्ची की मौत, एक घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** परवलपुर में बुधवार करीब साढ़े ग्यारह बजे दिन में तेज बारिश के कारण खटाल का दीवार गिरने से तम्बू में रह रही छह महीने के बच्ची की मौत हो गई, पांच वर्षीय बालक घायल हो गया। घटना की जानकारी देते हुए मृतक छह महीने की बच्ची एवं घायल पांच वर्ष का बच्चा के नाना बिरजे डोम ने बताया कि मृतक बच्ची थाना के दक्षिण स्थित खटाल के पश्चिम दक्षिण दीवार के समीप तम्बू बनाकर रह रही थी। इसी दौरान तेज बारिश हुई और दीवार गिर गया। थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान छह महीने की प्रीति कुमारी पिता बादल डोम के रूप में हुई।

# अनतपुरा गांव में लगा विधायक का जनसंवाद शिविर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** सदर विधायक विभा देवी का जनसंवाद सह जनसेवा यात्रा बुधवार को नवादा नगर परिषद स्थित आनंदपुरा गांव पहुंची जहां भारी वर्षा के बावजूद ग्रामीणों ने अपने विधायक का भव्य स्वागत किया। गांव के बीचों-बीच पंडाल लगाकर ग्रामीणों ने सेवा यात्रियों का स्वागत किया और एक जनसभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता वार्ड सदस्य सह नगर पैक्स अध्यक्ष रिंकू कुमारी ने की जबकि संचालन का दायित्व संतोष सिंह ने निभाया। विधायक के काफिले में शामिल जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा राजवंशी एवं उपाध्यक्ष निशा चौधरी को विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया। विधायक विभा देवी ने सभा को संबोधित करते हुए भारी बारिश के बीच भारी संख्या में पहुंचे अपने जनता मालिक के प्रति आभार व्यक्त किया और केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को वास्तविक लाभुकों तक पहुंचाने का संकल्प दुहराया । उन्होंने लोगों से अपील किया कि राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा मेरे कार्यालय में निःशुल्क दी जा रही है जिसका लाभ आप उठा सकते हैं। इसके अलावे मतदाता सूची में नाम जुड़वाने या अपना नाम सूची में ढूंढने की भी सुविधा यहां मौजूद है। पुष्पा देवी एवं निशा चौधरी ने अपने वक्तव्य में विधायक विभा देवी के चरणबद्ध विकास कार्यों की प्रशंसा की। समाज सेवी रामप्रवेश जी ने जनता की ओर से क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं से विधायक को अवगत कराया और मिलजुल कर कार्य करने का आश्वासन दिया। मंच पर सेवा निवृत बीसीओ रामबालक सिंह और जयनारायण सिंह भी उपस्थित थे जिन्होंने विधायक के सर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया।

# विद्यालय में हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगंगौट में बुधवार को प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार की देखरेख में हर घर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को लेकर कई प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दरम्यान स्कूली बच्चों ने हर घर तिरंगा फहराने को लेकर प्रभातफ़ेरी निकाली एवं लोगों को जागरूक किया। प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार ने बताया कि विद्यालय में स्कूली बच्चों ने तिरंगा रंगोली बनाया। वहीं दूसरी ओर प्रोजेक्ट गायत्री बालिका इंटर विद्यालय कौआकोल में भी प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार की देखरेख में स्कूली बच्चों ने विद्यालय परिसर से कौआकोल बाजार भाया ब्लॉक बिझो होते हुए पुनः विद्यालय परिसर तक प्रभातफ़ेरी निकाली। प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के दिन भी विद्यालय में कई प्रकार के कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे।

## शराब समेत चार बाइक जब्त

**कौआकोल।** कौआकोल पुलिस ने मंगलवार की देर रात्रि छापेमारी कर चार बाइक पर आठ गैलन में लदे लगभग 400 लीटर देशी महुआ शराब जब्त किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर उक्त कार्रवाई की। हालांकि पुलिस की भनक लगते ही धंधेबाज शराब और बाइक छोड़कर अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा।

# मुजफ्फरपुर में 'स्टीलएज महोत्सव' का आयोजन, ज्वेलर्स को बीआईएस सर्टिफाइड सिक्योरिटी सॉल्यूशंस की जानकारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** फिजिकल सिक्योरिटी सॉल्यूशंस के क्षेत्र में विश्व प्रसिद्ध गुनेबो ब्रांड ने 1 से 14 अगस्त तक देशभर के 100 से अधिक शहरों में 'स्टीलएज महोत्सव' अभियान शुरू किया है। इस महोत्सव का उद्देश्य देशभर के ज्वेलर्स को बीआईएस (उत्कृष्ट) प्रमाणित सेफ्स, स्ट्रॉन्ग रूम डोर्स और वॉल्ट्स के महत्व से अवगत कराना है, ताकि वे अपने प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए बेहतर समाधान अपना सकें। गुनेबो, जो पिछले 90 वर्षों से भारत में स्टीलएज और चबसेफ्स जैसे ब्रांड्स के माध्यम से निर्माण कर रहा है, इस महोत्सव के तहत ज्वेलर्स को फिजिकल सिक्योरिटी सॉल्यूशंस की तकनीकी खूबियों और सही चुनाव के तरीकों से रूबरू करा रहा है। मुजफ्फरपुर में यह कार्यक्रम 12 अगस्त को आयोजित हुआ, जिसमें गुनेबो के स्थानीय चैनल पार्टनर्स ने सक्रिय सहयोग किया। आयोजन के दौरान लाइव डेमोंस्ट्रेशन, विशेषज्ञों की चर्चा और इंटरएक्टिव सत्र हुए, जिनमें व्यापारियों को सुरक्षा उत्पादों की कार्यप्रणाली और लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, विशेष रूप से डिजाइन की गई प्रोडक्ट वैन और ब्रांड स्टोर्स पर बीआईएस प्रमाणित सेफ्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

गुनेबो सेफ स्टोरेज के हेड मार्केटिंग एंड प्रोडक्ट मैनेजमेंट (एशिया) अनिर्बान मुखुति ने कहा कि स्टीलएज महोत्सव एक पैन इंडिया अभियान है, जिसका उद्देश्य ज्वेलर्स समुदाय तक सीधे पहुंचकर उन्हें बीआईएस सर्टिफाइड फिजिकल सिक्योरिटी सॉल्यूशंस के महत्व के बारे में जागरूक करना है। इस स्तर का ऑन-ग्राउंड मार्केटिंग कैंपेन फिजिकल सिक्योरिटी इंडस्ट्री में पहली बार हो रहा है।

आगामी दिनों में यह महोत्सव देश के अन्य प्रमुख शहरों में भी आयोजित होगा, ताकि ज्वेलर्स को उनके व्यवसाय की सुरक्षा के लिए आधुनिक और प्रमाणित समाधान उपलब्ध कराए जा सकें।

# आशीर्वाद नर्सिंग होम में मरीजों के जीवन से खिलवाड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नवादा के हिसुआ स्थित कहरिया ग्राम में अवैध रूप से संचालित आशीर्वाद क्लीनिक (नर्सिंग होम)में मरीजों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा हैं, जहां बेगैर निबंधन और कोई सर्जन और साधन-संसाधन के सभी बड़े ऑपरेशन कर मरीजों से खिलवाड़ किया जा रहा है। हिसुआ थानाक्षेत्र के मनमां ग्राम निवासी एक प्रसूता का अवैध तरीके से मोटी रकम लेकर बड़ा ऑपरेशन कर दिया गया। जिसके बाद पेट में हीं बच्चे की मौत हो गई, वहीं जच्चा का हालत चिंताजनक हो गया। आनन-फानन में मरीज के परिजन को सूचना के बेगैर निजी एंबुलेंस से पटना इलाज के लिए भेज दिया, जहां मरीज की हालत चिंताजनक बतायी जा रही है। प्रसूता के पति ताराचंद राजवंशी को काफी डराया और धमकाया गया, जब क्लीनिक के संचालक झोलाछाप चिकित्सक मुनेश्वर एवं उनकी पत्नी से बातचीत कर मरीज सीरियस होने के कारण पूछा, तो जातिसूचक गाली गलौज देकर भगा दिया और कई धमकी दी गई। अब मरीज को पटना में भर्ती कर मरीज के परिजन से प्रतिदिन मोटी रकम मांगा जा रहा है। उन्होंने इस बाबत हिसुआ थाना में निजी आशीर्वाद नर्सिंग होम के संचालक के विरुद्ध लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

# पोषण पुनर्वास केंद्र उद्देश्य से भटका, घर बैठ कर्मी उठा रहे वेतन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सरकार ने कुपोषण से जूझ रहे बच्चों को जीवनदान देने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) की शुरुआत की थी। उद्देश्य था कि यहां कुपोषित बच्चों का निःशुल्क इलाज, पौष्टिक आहार और चिकित्सकीय देखभाल मिले। लेकिन नालंदा के मॉडल अस्पताल में संचालित यह केंद्र अब सिर्फ नाम के लिए रह गया है। जमीनी हकीकत यह है कि केंद्र अधिकतर समय बंद पड़ा रहता है। यहां पदस्थापित कर्मी ड्यूटी पर आने के बजाय घर पर बैठकर सरकारी वेतन का आनंद ले रहे हैं। दूसरी तरफ, जिन बच्चों के लिए यह योजना बनी थी, वे कुपोषण के दंश से जूझते हुए गांवों में अपनी किस्मत के भरोसे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी फाइलों में तो पोषण पुनर्वास केंद्र पूरी क्षमता से चल रहा है, लेकिन हकीकत में यहां दरवाजे पर ताला लटका मिलता है। न तो मरीज दिखते हैं, न ही कर्मी। कई बार ग्रामीण बच्चों को लेकर यहां पहुंचे, लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा। सरकार ने इस योजना पर सालाना लाखों रुपये स्टाफ वेतन, पोषण आहार और दवा पर खर्च किए। इसके बावजूद नालंदा के लोगों को कोई लाभ नहीं मिला। अधिकारी भी इस मामले में पूरी तरह उदासीन हैं। न निरीक्षण होता है, न ही जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह सब स्वास्थ्य विभाग के अफसरों और पदस्थ कर्मियों की मिलीभगत से हो रहा है। अगर अधिकारी चाहें तो एक दिन में केंद्र को पूरी तरह सक्रिय कर सकते हैं, लेकिन सिस्टम में बैठे लोग चुप हैं। सवाल यह है कि क्या सरकार या जिला प्रशासन इस ताला लगे केंद्र को लेकर कोई ठोस कदम उठाएगी, या फिर यह योजना भी उन कई कागजी योजनाओं की तरह धरातल पर नही दिख सकेगी।

## युवक की हत्या को लेकर पुलिस अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत थाना क्षेत्र के मूढ़ारी गांव में एक युवक की हत्या करने के बाद शव को गायब किए जाने की मामला सामने आया है। शव गायब किए जाने की चर्चा से इलाके में सनसनी फैली हुई है। इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई है और भी जांच शुरू कर दी। लापता युवक की पहचान श्याम राम के पुत्र पिंटू कुमार के रूप में हुई है। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार युवक की मां की मौत के बाद उसके पिता ने दूसरी शादी की थी। पिता दूसरे शहर में रहते हैं, जबकि पिंटू अपनी सौतेली मां के साथ मूढ़ारी गांव में रहता था।

# नशा मुक्त भारत अभियान की सफलता के लिए छात्रों ने ली शपथ




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** स्थानीय ब्रिलिएंट ग्रुप के विशाल सभागार में ओम शांतिकुंज प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी संस्था से पधारे भाई बहनों ने प्रेरणादायक एवं मोटिवेशनल वक्तव्य दिए एवं शपथ भी दिलवाई। उपस्थित सदस्यों में बिहारशरीफ ईश्वरीय विश्वविद्यालय की दीदी अनुपमा दीदी ने अपना प्रेरणादायक संबोधन से उपस्थित बच्चों को यह समझाने का प्रयास किया कि नशा कितनी बुरी लत है जिसके द्वारा हम खुद को अपने परिवार समाज राज्य एवं राष्ट्र को बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी देश का भविष्य एवं समाज और परिवार की तरक्की देश के युवाओं के कंधों पर टिकी होती है हमारा भारत संसार का सबसे युवा देश माना जाता है इसलिए हमारा कर्तव्य भी होता है कि हम अपने युवाओं को सही रास्ता दिखाएं। उपस्थित अन्य लोगों में पूनम दीदी ने भी अपना प्रेरणादायक भाषण में यह कहा कि देश के युवा वर्ग को जिंदगी की हर पहलू को जीने की इच्छा होती है युवा वर्ग को खुद से नशा का लत मानसिक तौर पर छोड़ेंगे तभी यह परिवार और समाज एवं देश के लिए वरदान होगा। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. शशी भूषण कुमार ने कहा की बच्चे हमारे आने वाले समय के भविष्य हैं अपने गोल को केंद्रित करें एवं फोकस करें और पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक एवं सामाजिक कर्तव्यों का पालन का भी पूरी तौर पर ख्याल रखें। पूनम दीदी ने उपस्थित सभी बच्चों शिक्षकों एवं ओम शांति के द्वारा आए हुए दीदी एवं भैया को यह शपथ दिलाया कि ईश्वर को साक्षी मानते हुए हम शपथ लेते हैं कि चाहे कैसी भी स्थिति क्यों ना हो कभी किसी के दबाव में आकर आज से किसी भी नशीले पदार्थ को हाथ नहीं लगाएंगे अपने परिवार दोस्त गांव शहर स्कूल कॉलेज के नशा मुक्त बनाने में सहयोग करेंगें।

# गया में भाजपा युवा मोर्चा की तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के रंग में रंगा शहर

## तिरंगा यात्रा में शामिल हुए डॉ. प्रेम कुमार, ऋतुराज सिन्हा और दिलीप जायसवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** स्वतंत्रता दिवस से पूर्व 13 अगस्त 2025 को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की ओर से भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा की शुरुआत गया के आजाद पार्क से हुई जो शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए केंदुई तक पहुंची। इस अवसर पर बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा और बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारतीय तिरंगा केवल तीन रंगों का कपड़े का टुकड़ा नहीं, बल्कि यह भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि केसरिया रंग देशभक्ति, साहस और बलिदान का, सफेद रंग शांति और सत्य का तथा हरा रंग भूमि की उर्वरता और विकास का प्रतीक है जबकि अशोक चक्र न्याय, प्रगति और समानता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि तिरंगा विभिन्न भाषाओं, संस्कृतियों और पृष्ठभूमि के लोगों को एक ध्वज के नीचे एकजुट करता है। इस ध्वज की रक्षा हर भारतीय का पहला और परम कर्तव्य है जिसके लिए लाखों लोगों ने बलिदान दिया है। उन्होंने नए पीढ़ी में देशभक्ति और राष्ट्र की एकता-अखंडता के लिए जागरूकता बढ़ाने की अपील की। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को प्रज्ज्वलित करना, राष्ट्र की एकता और अखंडता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना, नवयुवकों में त्याग, साहस और सेवा का संकल्प जगाना, तिरंगे के सम्मान और संरक्षण के प्रति सभी को प्रेरित करना है। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष अमर शेखर, जिला अध्यक्ष विजय मांझी, प्रदेश मंत्री धनराज शर्मा, प्रमोद चंद्रवंशी, क्षितिज मोहन सिंह, अमित दांगी, सागर सचदेवा, आदित्य वर्धन, आशीष पाठक, आर्यन भारती, राज पांडे, करण गुप्ता, टिंकू गोस्वामी, डॉ. जितेंद्र सिंहा, अभय सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष तरुण सिंह, प्रभावती देवी, पम्मी सिंह, बसंत जी परमार, अभिषेक सिंह, मुकेश शर्मा और बंदना भगत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के दौरान शहर में देशभक्ति के गीत गूंजते रहे और वातावरण 'भारत माता की जय' के नारों से गूंज उठा।



# मुखिया शिव कुमार चौहान को पीएमओ से स्वतंत्रता दिवस समारोह का न्योता

## जल संरक्षण में नारी शक्ति की मिसाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** गौहरपुर पंचायत के मुखिया शिव कुमार चौहान को प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रण मिला है। इस अवसर पर उन्हें उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए मुखिया शिव कुमार चौहान बुधवार को पीएमओ के लिए निकले हैं। बताया गया कि मुखिया शिव कुमार चौहान के नेतृत्व में गौहरपुर पंचायत के गांव में जल शक्ति अभियान के तहत कई प्रभावशाली पहल की गई है। जल संरक्षण की तत्कालिक आवश्यकता को समझते हुए मुखिया ने 30 रिचार्ज गड्ढों का निर्माण और 2 पारंपरिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन करवाया। इन प्रयासों से भू-जल स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता बेहतर हुई है। मुखिया ने सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देते हुए नियमित 'जल चौपाल' का आयोजन किया जहां ग्रामीणों को जल बचाने के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। 'नारी शक्ति से जल शक्ति' पहल के माध्यम से महिलाओं की भागीदारी पर विशेष ध्यान दिया गया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जल बजट तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया और उन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में जल उपयोग की निगरानी की जिम्मेदारी संभाली।



# कोंच ठाकुरबाड़ी मंदिर से अष्टधातु की राम-जानकी समेत सात मूर्तियों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच के प्रतिष्ठित ठाकुरबाड़ी मंदिर में बीते दिनों की रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर अष्टधातु की सात बहुमूल्य मूर्तियां चुरा लीं। इन मूर्तियों में भगवान राम, माता जानकी, लक्ष्मण, हनुमान समेत अन्य प्रतिमाएं शामिल हैं। सभी मूर्तियों की ऊंचाई लगभग 10 इंच बताई जा रही है। इस घटना से लोगों में आक्रोश और चिंता का माहौल है। मंदिर के पुजारी ग्राम कोंच निवासी उमेश शर्मा ने बताया कि सुबह मंदिर खोलने पहुंचे तो मुख्य द्वार का ताला टूटा मिला और अंदर रखी सात मूर्तियां गायब थीं। तत्काल इसकी सूचना कोंच थाना को दी गई। सूचना मिलते ही एसआई शिवनंदन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मंदिर परिसर और आसपास के इलाकों में बारीकी से जांच शुरू कर दी है। वहीं चोरी की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु व स्थानीय लोग मंदिर पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई। एसआई शिवनंदन कुमार ने कहा कि मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जल्द ही आरोपियों को पकड़कर मूर्तियां बरामद करने का प्रयास किया जाएगा। बता दें कि अष्टधातु धातुओं का एक विशेष मिश्रण होता है जिसमें सोना, चांदी, तांबा, सीसा, जस्ता, टिन, लोहा और पारा शामिल होते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अष्टधातु से बनी मूर्तियां अधिक पवित्र और दीर्घकालिक मानी जाती है।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत बोधगया के प्रोजेक्ट कन्या +2 हाईस्कूल में ध्वजारोहण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 अगस्त 2025 को क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रचालन) सशस्त्र सीमा बल, गया और 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया के संयुक्त तत्वावधान में प्रोजेक्ट कन्या +2 हाईस्कूल, बोधगया में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व और उसकी गरिमा के बारे में बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय तिरंगा मात्र एक प्रतीक नहीं, बल्कि यह देश की संप्रभुता, एकता और गौरव का प्रतिनिधित्व करता है। ध्वज सम्मान के साथ-साथ देशभक्ति, साहस और बलिदान का भी संदेश देता है। इस अवसर पर 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के उप कमांडेंट अजय कुमार वाजपेयी, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार, शिक्षकगण, छात्राएं तथा सशस्त्र सीमा बल के अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा।

# पुण्यतिथि पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने किया माल्यार्पण, आदर्शों पर चलने का आह्वान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** भगवान विष्णु सहित कई प्राचीन मंदिरों, पाथवे, धर्मशालाओं और कुओं के निर्माण में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाली महान दानवीर, धर्मनिष्ठ एवं समाजसेविका महारानी अहिल्या बाई होलकर की पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने बुधवार को उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए डॉ. मिश्रा ने कहा कि महारानी अहिल्या बाई न केवल मालवा की गौरवशाली शासक थीं, बल्कि अपने शासनकाल में पूरे भारत में धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार का अद्वितीय कार्य किया।

# गया के गांधी मैदान को विश्व स्तरीय बनाने समेत तीन मांगें प्रधानमंत्री से करेंगे गजेन्द्र सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जन सुराज के भावी नेता, गया नगर निगम वार्ड पार्षद एवं समाजसेवी गजेन्द्र सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गया को विशेष सोगात देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री 22 अगस्त को गया जी आ रहे हैं, लेकिन गांधी मैदान की दुर्दशा और जगह की कमी के कारण कार्यक्रम बोधगया में आयोजित करना पड़ रहा है। गजेन्द्र सिंह ने आरोप लगाया कि गया के गांधी मैदान को अतिक्रमण और अव्यवस्था ने बर्बाद कर दिया है। आसपास अवैध निर्माण और रखरखाव की कमी से यह ऐतिहासिक मैदान अपनी पहचान खोता जा रहा है जबकि देश के अन्य शहरों जैसे पटना और मुजफ्फरपुर में गांधी मैदान बड़े आयोजनों और पर्यटन का केंद्र होते हैं। उन्होंने कहा कि गया पौराणिक, ऐतिहासिक, बौद्ध और मोक्ष नगरी के रूप में विश्व प्रसिद्ध है, ऐसे में यहां का गांधी मैदान भी विश्व स्तरीय होना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री से गया के विकास के लिए तीन प्रमुख मांगें रखीं–पहली, गांधी मैदान को विश्व स्तरीय खेल मैदान के रूप में विकसित किया जाए ताकि यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल और बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हो सके और स्थानीय खिलाड़ियों को उचित मंच मिले। दूसरी एरू में इस्पात कारखाने का निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराया जाए जिसका भूमिपूजन पहले ही हो चुका है। तीसरी गया रेलवे स्टेशन से गांधी मैदान तक कॉरिडोर का निर्माण कराया जाए जिससे एपी कॉलोनी और आसपास के क्षेत्रों में जाम की गंभीर समस्या का समाधान हो सके। गजेन्द्र सिंह ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से गया और पूरे मगध प्रमंडल के लोगों को सुविधा, रोजगार और आर्थिक विकास मिलेगा। साथ ही उन्होंने रजिस्ट्री कार्यालय में एमवीआर से अधिक राशि वसूले जाने की भी कड़ी आलोचना की और इस पर तुरंत रोक लगाने की मांग की। उन्होंने स्पष्ट कहा बिहार के भविष्य, उद्योग, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की क्रांति के लिए ऐसे ठोस कदम जरूरी हैं। जन सुराज इन मुद्दों पर लगातार आवाज उठाता रहेगा क्योंकि यह बिहार की मिट्टी, भूमि और आने वाली पीढ़ियों के हित में है।



# सीयूएसबी के कृषि विभाग में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गयाजी)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कृषि संकाय एवं विकास पीठ के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा सत्र 2025-29 के नवप्रवेशित कृषि स्नातक (ऑनर्स) के विद्यार्थियों हेतु बुधवार को दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. अवनीश प्रकाश सिंह, अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष, कृषि संकाय द्वारा की गई।जन संपर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अंजनी कुमार, निदेशक, भाकृअनुप-अटारी, पटना तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अवनि कुमार सिंह, अध्यक्ष, आई.सी.ए.आर.-आर.सी.ई.आर, कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केन्द्र, रांची, झारखंड उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. अंजनी कुमार ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कृषि स्नातक उपाधि के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह केवल एक डिग्री नहीं, बल्कि रोजगारपरक शिक्षा है, जो खाद्यान्न उत्पादन, लघु व बृहत उद्योगों, एवं आर्थिक-सामाजिक विकास का आधार है। उन्होंने कृषि क्षेत्र को राष्ट्र की अर्थव्यवस्था एवं मानव कल्याण की रीढ़ बताया।विशिष्ट अतिथि डॉ. अवनि कुमार सिंह ने कृषि उच्च शिक्षा के विभिन्न पहलुओं जैसे कि मृदा विज्ञान, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण, सब्जी एवं पुष्प उत्पादन, फसल कटाई के बाद तकनीक आदि पर चर्चा की।उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि कृषि का संरक्षण, जलवायु संतुलन और प्राकृतिक संसाधनों का विकास सीधे तौर पर कृषि शिक्षा पर निर्भर करता है।उन्होंने कृषि को मानव जीवन की तीन प्रमुख आवश्यकताओं- रोटी, कपड़ा और मकान- का मूल स्रोत बताया।

# दैनिक जनता दरबार में डीएम ने 50 से अधिक मामले सुने

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** जिले के डीएम शशांक शुभंकर के द्वारा दैनिक जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें आए सभी आमजनों की समस्या को सुना गया एवं संबंधित विभाग के अधिकारी को इसके तत्काल निवारण हेतु जरुरी दिशा निर्देश दिया गया।डीएम ने कहा कि जनता दरबार आम जनता की सरकार तक सीधी पहुंच है। इसका उद्देश्य जनसमस्याओं का संवेदनशील, पारदर्शी और त्वरित समाधान है। जनता दरबार में आवेदन को द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु अनुरोध किया गया, जिसपर डीएम ने संबंधित सीओ एवं थाना प्रभारी को जनता दरबार में सुनवाई कर कार्रवाई करने का निर्देश दियागया। जनता दरबार में अवैध कब्जा जमाबंदी इत्यादि से संबंधित आवेदकों के आवेदन का निष्पादन हेतु संबंधित अंचल अधिकारी को निर्देशित किया गया।कई आवदेकों द्वारा अधिग्रहण भूमि का मुआवजा के संबंध में आवेदन दिया गया।


बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.सी.ई.सी.ई.)–2025/14 दिनांक- 13.08.2025

**डिप्लोमा–सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2025**

**पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) [PM] / पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय) [PMM]**

**2nd Round Online Counselling कार्यक्रम से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)–2025/08 एवं 2025/09 दिनांक- 07.07.2025 के क्रम में DCECE (PM/ PMM)-2025 के आधार पर बिहार सरकार के विभिन्न सरकारी अस्पतालों एवं अन्य मान्यता प्राप्त सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों के विभिन्न पारा मेडिकल [PM] (इंटरमीडिएट स्तरीय) तथा पारा मेडिकल [PMM] (माध्यमिक स्तरीय) पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों पर Online Counselling हेतु DCECE (PM / PMM)-2025 में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों / अभिभावकों / सम्बन्धित संस्थानों को सूचित किया जाता है कि DCECE (PM / PMM)-2025 के आधार पर 1st Round सीट आवंटन / नामांकन उपरांत **2nd Round Online Counselling कार्यक्रम निम्नवत् निर्धारित किया जाता है;**

| क्र. | कार्यक्रम | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| i. | **2nd Round provisional seat allotment Result publication date** | **18.08.2025** |
| ii. | Downloading of Allotment order (2nd Round) | **18.08.2025 to 25.08.2025** |
| iii. | Document Verification and Admission (**2nd Round**) | **20.08.2025 to 25.08.2025** |

उपरोक्त कार्यक्रम से सम्बन्धित विवरणी एवं प्रक्रिया विज्ञापन संख्या- BCECEB(DCECE)-2025/08 दिनांक 07.07.2025 जो पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध है, से प्राप्त की जा सकती है।

2. विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)–2025/08 दिनांक- 07.07.2025 की शेष शर्तें एवं नियम यथावत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक



## कार्यालय; जिला परिवहन पदाधिकारी, पलामू।

**Email-ID:- dtopalamu@rediffmail.com**

प्रेस विज्ञप्ति

एतद द्वारा सूचित किया जाता है राज्य मुख्यालय से प्राप्त निम्नाकिंत वाहनों का पथकर (Road Tax) की राशि बकाया है वाहनों का पथकर (Road Tax) की राशि के भुगतान के बिना वाहनों का परिचालक दण्डनीय है।

अतः निदेश दिया जाता है कि सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 (सात) दिनों के अन्दर बकाया पथकर (Road Tax) की राशि का भुगतान करना सुनिश्चित करें। जो निम्नवत है:–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 187 | JH03AP6736 | MV Tax | 27-May-2024 | MPV |
| 2 | 189 | JH03AP8852 | MV Tax | 27-May-2024 | MPV |
| 3 | 316 | JH03L7912 | MV Tax | 13-Apr-2015 | MPV |
| 4 | 324 | JH03N3156 | MV Tax | 05-Apr-2016 | MPV |
| 5 | 149 | JH03AA4944 | MV Tax | 02-Mar-2020 | LPV |
| 6 | 150 | JH03AA7053 | MV Tax | 02-Mar-2020 | LPV |
| 7 | 152 | JH03AA9279 | MV Tax | 25-Mar-2020 | LPV |
| 8 | 376 | JH03Z9496 | MV Tax | 02-Dec-2019 | HPV |
| 9 | 295 | JH03H6396 | MV Tax | 30-Apr-2013 | MPV |
| 10 | 330 | JH03Q0866 | MV Tax | 27-Apr-2017 | HPV |
| 11 | 333 | JH03Q8243 | MV Tax | 27-Apr-2017 | HPV |
| 12 | 342 | JH03S3617 | MV Tax | 16-Feb-2018 | MPV |
| 13 | 344 | JH03S5380 | MV Tax | 16-Feb-2018 | MPV |
| 14 | 350 | JH03T3774 | MV Tax | 30-Mar-2018 | MPV |
| 15 | 368 | JH03Y4847 | MV Tax | 26-Jul-2019 | HPV |
| 16 | 289 | JH03G9182 | MV Tax | 29-Aug-2012 | MPV |
| 17 | 292 | JH03H0382 | MV Tax | 15-Oct-2012 | LPV |
| 18 | 196 | JH03AS0173 | MV Tax | 03-Apr-2025 | LPV |
| 19 | 338 | JH03R6732 | MV Tax | 14-Oct-2017 | HPV |
| 20 | 143 | JH03AA0795 | MV Tax | 29-Apr-2020 | HPV |
| 21 | 332 | JH03Q5531 | MV Tax | 24-Apr-2017 | HPV |
| 22 | 161 | JH03AJ0131 | MV Tax | 19-Jan-2023 | HPV |
| 23 | 162 | JH03AJ5822 | MV Tax | 19-Jan-2023 | HPV |
| 24 | 314 | JH03L6966 | MV Tax | 19-Jun-2015 | MPV |
| 25 | 31 | BR150486 | MV Tax | 27-Dec-1989 | HPV |
| 26 | 34 | BR15A3233 | MV Tax | 12-Oct-1998 | LPV |
| 27 | 280 | JH03F4311 | MV Tax | 30-Mar-2011 | MPV |
| 28 | 328 | JH03P9368 | MV Tax | 11-Aug-2004 | HPV |
| 29 | 351 | JH03T5963 | MV Tax | 10-Apr-2018 | LPV |
| 30 | 240 | JH03C0782 | MV Tax | 05-Oct-2006 | LPV |
| 31 | 353 | JH03U2076 | MV Tax | 11-Mar-2011 | LPV |
| 32 | 137 | JH03A7304 | MV Tax | 11-Dec-2003 | HPV |
| 33 | 139 | JH03A8354 | MV Tax | 19-Mar-2004 | HPV |
| 34 | 133 | JH03A5859 | MV Tax | 28-Jun-2003 | HPV |
| 35 | 134 | JH03A5860 | MV Tax | 28-Jun-2003 | HPV |
| 36 | 202 | JH03AS6726 | MV Tax | 20-Mar-2025 | MPV |
| 37 | 203 | JH03AS9130 | MV Tax | 20-Mar-2025 | MPV |
| 38 | 194 | JH03AR3751 | MV Tax | 07-Jan-2025 | LPV |
| 39 | 345 | JH03S6359 | MV Tax | 17-Jan-2018 | LPV |
| 40 | 73 | BR26C7009 | MV Tax | 17-Sep-2010 | MPV |
| 41 | 74 | BR26C7010 | MV Tax | 17-Sep-2010 | MPV |
| 42 | 75 | BR26C7011 | MV Tax | 17-Sep-2010 | MPV |
| 43 | 8 | BEZ8182 | MV Tax | 01-Oct-1987 | HPV |
| 44 | 91 | BRO9040 | MV Tax | 16-Dec-1983 | LPV |
| 45 | 271 | JH03E5011 | MV Tax | 24-Apr-2010 | MPV |
| 46 | 302 | JH03J7200 | MV Tax | 05-Jan-2013 | MPV |
| 47 | 306 | JH03K6859 | MV Tax | 03-Jun-2014 | MPV |
| 48 | 307 | JH03K7018 | MV Tax | 03-Jun-2014 | MPV |
| 49 | 311 | JH03L1742 | MV Tax | 13-Jun-2015 | MPV |
| 50 | 317 | JH03L8900 | MV Tax | 13-Jun-2015 | MPV |
| 51 | 336 | JH03R1608 | MV Tax | 14-Jul-2017 | HPV |
| 52 | 155 | JH03AG3190 | MV Tax | 14-Mar-2022 | MPV |
| 53 | 169 | JH03AK1400 | MV Tax | 03-Feb-2023 | LPV |
| 54 | 98 | CG15A4726 | MV Tax | 16-Dec-2005 | LPV |
| 55 | 192 | JH03AR0194 | MV Tax | 29-Nov-2024 | MPV |
| 56 | 326 | JH03N4662 | MV Tax | 20-May-2016 | LPV |
| 57 | 367 | JH03Y1980 | MV Tax | 02-Jul-2019 | HPV |
| 58 | 176 | JH03AL4470 | MV Tax | 24-May-2023 | LPV |
| 59 | 184 | JH03AP2294 | MV Tax | 26-Apr-2024 | LPV |
| 60 | 276 | JH03F0322 | MV Tax | 02-Nov-2010 | MPV |
| 61 | 277 | JH03F0323 | MV Tax | 02-Nov-2010 | MPV |
| 62 | 48 | BR15P0782 | MV Tax | 25-Aug-1998 | LPV |
| 63 | 63 | BR15P7777 | MV Tax | 14-Jan-1993 | LPV |
| 64 | 172 | JH03AL0636 | MV Tax | 07-Jul-2023 | LPV |
| 65 | 197 | JH03AS0546 | MV Tax | 04-Mar-2025 | MPV |
| 66 | 109 | JH01Z6273 | MV Tax | 08-May-2009 | HPV |
| 67 | 360 | JH03W5666 | MV Tax | 21-Jan-2019 | LPV |
| 68 | 62 | BR15P7770 | MV Tax | 05-May-1998 | HPV |
| 69 | 296 | JH03H7166 | MV Tax | 15-May-2013 | MPV |
| 70 | 256 | JH03D2114 | MV Tax | 08-Sep-2008 | HPV |
| 71 | 297 | JH03H7307 | MV Tax | 17-May-2013 | HPV |
| 72 | 283 | JH03G3334 | MV Tax | 18-Feb-2012 | MPV |
| 73 | 334 | JH03R0527 | MV Tax | 29-Jul-2017 | HPV |
| 74 | 15 | BPJ9122 | MV Tax | 20-Feb-1987 | LPV |
| 75 | 90 | BRO8700 | MV Tax | 04-Jun-1987 | LPV |
| 76 | 170 | JH03AK3250 | MV Tax | 23-Mar-2023 | HPV |
| 77 | 171 | JH03AK6534 | MV Tax | 28-Mar-2023 | MPV |
| 78 | 186 | JH03AP6579 | MV Tax | 19-Jun-2024 | LPV |
| 79 | 30 | BR150025 | MV Tax | 19-Jul-1989 | HPV |
| 80 | 80 | BR42P0777 | MV Tax | 01-Jun-1998 | LPV |
| 81 | 305 | JH03K6573 | MV Tax | 11-Nov-2014 | MPV |
| 82 | 323 | JH03M6331 | MV Tax | 15-Sep-2015 | LPV |
| 83 | 349 | JH03S8391 | MV Tax | 15-Feb-2018 | MPV |
| 84 | 372 | JH03Z2794 | MV Tax | 26-Oct-2019 | HPV |
| 85 | 205 | JH03AT3907 | MV Tax | 29-May-2025 | LPV |
| 86 | 206 | JH03AT5240 | MV Tax | 29-May-2025 | LPV |
| 87 | 247 | JH03C5479 | MV Tax | 30-Jul-2007 | LPV |
| 88 | 248 | JH03C5480 | MV Tax | 30-Jul-2007 | LPV |
| 89 | 359 | JH03W5468 | MV Tax | 07-Feb-2019 | HPV |
| 90 | 377 | JH05V5127 | MV Tax | 26-Mar-2008 | LPV |
| 91 | 163 | JH03AJ6330 | MV Tax | 18-Jan-2023 | HPV |
| 92 | 274 | JH03E9959 | MV Tax | 22-Oct-2010 | LPV |
| 93 | 22 | BR14A8042 | MV Tax | 01-Oct-1991 | HPV |
| 94 | 66 | BR15P9122 | MV Tax | 21-Oct-1992 | HPV |
| 95 | 117 | JH03A2931 | MV Tax | 16-Jul-2002 | LPV |
| 96 | 118 | JH03A2934 | MV Tax | 28-Aug-2002 | LPV |
| 97 | 119 | JH03A2938 | MV Tax | 29-Jul-2002 | LPV |
| 98 | 120 | JH03A2997 | MV Tax | 29-Jul-2002 | LPV |
| 99 | 122 | JH03A3068 | MV Tax | 27-Aug-2002 | LPV |
| 100 | 123 | JH03A3134 | MV Tax | 08-Aug-2002 | LPV |
| 101 | 127 | JH03A3327 | MV Tax | 05-Sep-2002 | LPV |
| 102 | 128 | JH03A3351 | MV Tax | 06-Sep-2002 | LPV |
| 103 | 279 | JH03F3052 | MV Tax | 21-Feb-2011 | MPV |
| 104 | 303 | JH03J8908 | MV Tax | 22-Nov-2013 | HPV |
| 105 | 310 | JH03L1706 | MV Tax | 16-Jan-2015 | MPV |
| 106 | 320 | JH03M1146 | MV Tax | 27-Aug-2015 | MPV |
| 107 | 322 | JH03M5289 | MV Tax | 24-Nov-2015 | MPV |
| 108 | 358 | JH03V5586 | MV Tax | 22-Sep-2018 | HPV |
| 109 | 144 | JH03AA0798 | MV Tax | 27-Mar-2020 | LPV |
| 110 | 146 | JH03AA2325 | MV Tax | 26-Mar-2020 | LPV |
| 111 | 151 | JH03AA8890 | MV Tax | 25-Mar-2020 | HPV |
| 112 | 300 | JH03J1892 | MV Tax | 28-Dec-2013 | MPV |
| 113 | 327 | JH03N8213 | MV Tax | 05-Apr-2016 | MPV |
| 114 | 331 | JH03Q1812 | MV Tax | 27-Apr-2017 | HPV |
| 115 | 341 | JH03S1957 | MV Tax | 06-Feb-2018 | HPV |
| 116 | 347 | JH03S7964 | MV Tax | 16-Feb-2018 | MPV |
| 117 | 348 | JH03S8106 | MV Tax | 16-Feb-2018 | MPV |
| 118 | 352 | JH03T9304 | MV Tax | 30-Mar-2018 | MPV |
| 119 | 369 | JH03Y4909 | MV Tax | 26-Jul-2019 | HPV |
| 120 | 373 | JH03Z3954 | MV Tax | 26-Oct-2019 | HPV |

PR 359485 District(25-26)D

विश्वासभाजन, जिला परिवहन पदाधिकारी,पलामू।

संपादकीय

## समझौते पर ईरान का ग्रहण

मध्य एशिया के दो देशों आर्मीनिया और अजरबैजान के बीच 37 साल से चल रहे नार्गोनो काराबाख संघर्ष को समाप्त करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस जल्दबाजी में दोनो देशों के बीच शांति समझौता कराया है, वह अब ईरान की धमकी के बाद खटाई में पड़ता नजर आ रहा है। ट्रंप की पहल पर अजरबैजान के राष्ट्रपति इलहाम अलीयेव और आर्मीनिया के प्रधानमंत्री निकोल पाशियान ने 1 अगस्त को शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। लेकिन समझौते के एक हफ्ते के भीतर ही ईरान ने इसे खारिज कर कहा है कि वो विवादित क्षेत्र में प्रस्तावित ट्रंप कॉरिडोर किसी भी सूरत में नहीं बनने देगा। ईरान के इस रूख से इस कथित शांति समझौते के लिए ट्रंप की नोबेल पुरस्कार पाने की चाहत भी खटाई में पड़ गई है। गौरतलब है कि आर्मेनिया और अजरबैजान दोनों ही 35 पहले तक पूर्व सोवियत रूस का हिस्सा थे और सोवियत रूस के विखंडन के बाद स्वतंत्र देश बन गए थे। लेकिन दोनों के बीच नर्गोर्नो काराबाख पर आधिपत्य 37 सालों से विवाद का मुद्दा रहा है। सोवियत रूस के जमाने में यह क्षेत्र मुस्लिम बहुल अजरबैजान राज्य के अंतर्गत एक स्वायत्त क्षेत्र था। इसकी आबादी करीब एक लाख है। लेकिन आर्मेनिया का दावा है कि नर्गोर्नो काराबाख ऐतिहासिक रूप से उसके देश का हिस्सा है। इसी कारण दोनों देशों में कई बार सशस्त्र संघर्ष हो चुका है। आर्मीनिया ईसाई बहुल है और अजरबैजान शिया मुस्लिम बहुल देश है। दोनों देश ईरान की उत्तरी सीमा से लगते हैं। इसलिए ईरान की दिलचस्पी सीधे तौर पर नर्गोनो काराबाख में है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में आर्मीनिया को रशिया का समर्थन है तो अजरबैजान को ईरान का। जबकि खुद नर्गोनो काराबाख के लोग स्वतंत्र देश के रूप में रहना चाहते हैं। इस माह के शुरू में दोनों देशों के बीच हुए शांति समझौते में सीमा निर्धारण, सुरक्षा सहयोग और दोनों देशों के बीच संबधों को सामान्य बनाने की दिशा में कदम उठाने के प्रावधान शामिल हैं। लेकिन समझौते में सबसे विवादास्पद प्रावधान जंगेजुर गलियारे का है, जिसे 'ट्रंप रूट फॉर प्रास्पेरिटी' नाम देकर अमेरिका को वहां विकास के लिए विशेष अधिकार देना है। साथ ही आर्मीनिया के दक्षिण में स्थित नखचिवन स्वायत्त गणराज्य को आर्मीनिया के माध्यम से बिना किसी जांच चौकी के अजरबैजान से जोड़ना है। यह गलियारा बनने पर यूरोप से अज़रबैजान और व्यापक मध्य एशिया तक लोगों और सामानों का आवागमन रूस या ईरान से गुज़रे बिना संभव हो सकेगा। यही ईरान को मंजूर नहीं है। क्योंकि इसका सीधा मतलब है कि ट्रंप कॉरिडोर के जरिए इस क्षेत्र में अमेरिका की सीधी मौजूदगी, जो ईरान के लिए खतरा है। दूसरे खुद नर्गोनो काराबाख की ज्यादातर आबादी ईसाई है। इसलिए आर्मीबनिया उसे अपना हिस्सा मानता है। अजर बैजान को यह स्वीकार नहीं है। दोनो देशों के बीच कराए गए इस समझौते से खफा ईरान ने साफ कह दिया है कि वह ट्रंप कॉरिडोर नहीं बनने देगा। यानी ऐसी कोशिशें हुई तो वह हमला कर सकता है। अगर ऐसा हुआ तो अमेरिका और ईरान के बीच पहले ही चल रही तनातनी सीधे युद्ध में तब्दील हो सकती है, जो पूरी दुनिया के लिए घातक होगी। जहां तक भारत का सम्बंध है तो हमारे यूं तो तीनों देशों से रिश्ते ठीक हैं, लेकिन हाल के भारत पाक सीमित युद्ध में जिस तरह अजरबैजान ने पाकिस्तान का समर्थन किया, उससे भारत अजरबैजान रिश्तों में कड़वाहट आई है। दूसरी तरफ भारत आर्मीनिया को हथियार बेचता है। इस पूरे प्रकरण का एक सबक यह भी है कि राष्ट्रपति ट्रंप नोबेल पुरस्कार के लिए कितने लालायित हैं, उसके लिए कुछ भी करने को तैयार हैं।

# लोकतंत्र में चुनाव आयोग पर सवाल के अर्थ

**कई बार विश्व के नेताओं के प्रतिनिधिमंडल हमारे विशाल देश की चुनावी प्रक्रिया को देखने व समझने के लिये चुनावों के दौरान भारत आते रहे हैं। उधर भारतीय चुनाव आयोग जहां इस विशाल चुनाव के सफल संचालन का हमेशा श्रेय लेता आया है वहीं इन्हीं चुनावों में प्रायः कहीं न कहीं चुनावी धांधली के आरोप भी लगते रहे हैं। विगत में लोकसभा व विधानसभा के कुछ चुनाव तो ऐसे भी संपन्न हुये जिनके परिणामों ने चुनाव पूर्व होने वाले सभी सर्वेक्षणों को पूरी तरह नकार दिया। वैसे भी जब से देश में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से वोट पड़ने शुरू हुये हैं उसी समय से मतदान की निष्पक्षता पर सवाल उठते रहे हैं। स्वयं भारतीय जनता पार्टी के ही वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुब्रह्मण्यम स्वामी, व राज्यसभा सांसद जी.वी.एल. नरसिम्हा राव जैसे कई प्रमुख नेताओं ने समय-समय पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुये इसके इस्तेमाल का विरोध किया है।**

तनवीर जाफरी

भारत वर्ष को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में जहां दुनिया जानती है वहीं यहाँ होने वाले चुनाव भी पूरी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। कई बार विश्व के नेताओं के प्रतिनिधिमंडल हमारे विशाल देश की चुनावी प्रक्रिया को देखने व समझने के लिये चुनावों के दौरान भारत आते रहे हैं। उधर भारतीय चुनाव आयोग जहां इस विशाल चुनाव के सफल संचालन का हमेशा श्रेय लेता आया है वहीं इन्हीं चुनावों में प्रायः कहीं न कहीं चुनावी धांधली के आरोप भी लगते रहे हैं। विगत में लोकसभा व विधानसभा के कुछ चुनाव तो ऐसे भी संपन्न हुये जिनके परिणामों ने चुनाव पूर्व होने वाले सभी सर्वेक्षणों को पूरी तरह नकार दिया। वैसे भी जब से देश में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से वोट पड़ने शुरू हुये हैं उसी समय से मतदान की निष्पक्षता पर सवाल उठते रहे हैं। स्वयं भारतीय जनता पार्टी के ही वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुब्रह्मण्यम स्वामी, व राज्यसभा सांसद जी.वी.एल. नरसिम्हा राव जैसे कई प्रमुख नेताओं ने समय-समय पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुये इसके इस्तेमाल का विरोध किया है।

बहरहाल 2014 के चुनावों के बाद से ईवीएम की विश्वसनीयता का सवाल विपक्षी दलों द्वारा किया जाने लगा है। पिछले एक दशक से होने वाले लगभग सभी चुनावों में ईवीएम से होने वाली धांधलियों के अनेक आरोप लगते रहे हैं। कभी ईवीएम बदलने के तो कभी ईवीएम चोरी होने के। कभी मतदाताओं को यह कहते सुना गया कि उन्होंने वोट तो कहीं और दिया परन्तु वीवीपीएट मशीन किसी दूसरे निशान पर वोट पड़ा बताती है। हालाँकि पिछले चुनावों में कई बार कई राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें भी बनीं परन्तु ईवीएम का विरोध निरंतर जारी रहा। दिल्ली में जंतर मंतर पर अनेक बार ईवीएम विरोधी प्रदर्शन भी हुये। देश के वकीलों का एक बड़ा वर्ग खुलकर ईवीएम के विरोध में खड़ा हुआ परन्तु सरकार व चुनाव




आयोग ईवीएम पर ही विश्वास जताते रहे। परन्तु अब मामला ईवीएम की विश्वसनीयता से भी आगे बढ़कर वोटर लिस्ट में हो रही भयंकर धांधली का उजागर हुआ है। और इसका भंडाफोड़ किया है लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी ने।

गत 7 अगस्त को राहुल गांधी ने 'बड़े पैमाने पर हो रही चुनावी धोखाधड़ी को उजागर किया। उन्होंने विशेष रूप से कर्नाटक के बेंगलुरु मध्य लोकसभा क्षेत्र में, महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए मतदाता सूचियों में, विशिष्ट अनियमितताओं को उजागर किया। राहुल गांधी ने दावा किया कि केवल (महादेवपुरा) क्षेत्र में, कुल 6.5 लाख मतदाताओं में से, 1 लाख से अधिक फ़र्ज़ी मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया, जिससे उस क्षेत्र में भाजपा की 1,14,046 मतों के महत्वपूर्ण अंतर से जीत हुई। उन्होंने मतदाता सूची में विसंगतियों के उदाहरण दिए और मतदाता सूचियों में हेराफेरी, डुप्लिकेट मतदाता,साक्ष्यों का विनाश और पारदर्शिता का अभावः,असामान्य मतदान पैटर्न आदि विषयों को प्रमाण सहित उठाया। गांधी ने कथित वोट चोरी में शामिल चुनाव आयोग के शीर्ष से लेकर निचले स्तर तक के अधिकारियों को चेतावनी भी दी कि उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद भी परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने उनके कार्यों को 'देशद्रोही' और राष्ट्रहित के विरुद्ध क़रार दिया, और कहा कि कांग्रेस उन्हें जवाबदेह ठहराएगी। राहुल गांधी ने छः महीने की कड़ी मशक़्क़त के बाद कांग्रेस द्वारा जुटाए गए इन सबूतों को 'परमाणु बम' का नाम दिया। उन्होंने कहा कि इनके सार्वजनिक प्रकाशन से चुनाव आयोग की भूमिका उजागर हो जाएगी और उसके पास 'छिपने की कोई जगह नहीं बचेगी।'

दरअसल राहुल गाँधी के मांगने पर चुनाव आयोग ने लगभग तीन क्विंटल से भी अधिक काग़ज़ों के विशाल बण्डल उन्हें भेजे थे। राहुल ने अपने विशेषज्ञों के साथ इन काग़ज़ात में से केवल 4 किलो काग़ज़ का चुनाव किया और बड़ी बारीकी से उनका डेटा अध्ययन किया। जब इन काग़ज़ात में ही वोटों की बड़ी चोरी पकड़ी गयी तभी राहुल गांधी इस नतीजे पर पहुँच गये कि जब 4 किलो काग़ज़ात फ़र्ज़ी हैं तो शेष सैकड़ों किलो काग़ज़ात भी फ़र्ज़ी ही हैं। गोया अब सवाल महादेवपुरा विधानसभा का ही नहीं बल्कि देश की प्रत्येक विधानसभा और लोकसभा सीटों के चुनाव का है ? यही वजह है कि अब राहुल गाँधी देश की सभी 543 लोकसभा का वोटर डेटा मांग रहे हैं। वह इसीलिये 'मशीन रिडेबल' डेटा की मांग कर रहे हैं ताकि डेटा और फ़ोटो एनालिसिस हो सके। कांग्रेस का मानना है कि यदि चुनाव आयोग ने मशीन डेटा दे दिया तो मात्र 7 दिनों में हर एक वोटर की पहचान हो जाएगी और स्ढ्क्रकरने की कोई आवश्यकता ही नहीं रहेगी। और मशीन डेटा से रोहिंगिया, बांग्लादेशी, पाकिस्तानी, नेपाली जो भी फ़र्ज़ी मतदाता होंगे सभी सामने आ जायेंगे।

परन्तु आश्चर्य है कि भारतीय इतिहास में पहली बार नेता प्रतिपक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा चुनाव आयोग पर इतने गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। भाजपा व चुनाव आयोग दोनों ही एक दूसरे के पीछे छिपने की कोशिश कर रहे हैं। वही पुराना राग अलाप रहे हैं कि राहुल गांधी के आरोप 'निराधार', 'शर्मनाक' और 'लोकतंत्र का अपमान' हैं। और भाजपा नेताओं के अनुसार ये आरोप कांग्रेस की हार से उपजी हताशा का परिणाम हैं। उन्होंने कांग्रेस को क़ानूनी रास्ता अपनाने की चुनौती दी और निर्वाचन आयोग की 'निष्पक्षता' का बचाव किया। साथ ही भाजपा ने इसे कांग्रेस द्वारा संवैधानिक संस्थानों पर हमले के रूप में वर्णित किया।

याद कीजिये केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का वह आरोप जिसमें उन्होंने कहा था कि उनके लोकसभा क्षेत्र में साढ़े तीन लाख वोटरों के नाम काट दिये गए थे। किसने कटवाये थे यह नाम क्यों काटे गये ? ऐसी अनियमिताओं की ज़िम्मेदारी चुनाव आयोग की नहीं तो किसकी है ? किसके इशारे पर होता है यह काम ? क्या यह देश के लोकतांत्रिक ढांचे के ख़िलाफ़ 'साजिश' नहीं? राहुल गांधी ने यह आरोप भी लगाया कि महाराष्ट्र में केवल पाँच महीनों में लगभग 40 लाख संदिग्ध मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया, जिससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर संदेह पैदा होता है। उधर महाराष्ट्र में ही कई प्रत्याशी भी यह कहते सुने गये कि भाजपा नियंत्रित अधिकांश बूथ पर शाम पांच बजे के बाद 'अनजान मतदाताओं' की बड़ी भीड़ इकठ्ठा हुई थी। कौन थे कहां से आये थे ये मतदाता ? चुनाव आयोग को नेता प्रतिपक्ष के प्रत्येक संदेह व आरोप का संतोषजनक उत्तर देना चाहिये ताकि देश और दुनिया यह जान व समझ सके कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में चुनाव निष्पक्ष संपन्न होते हैं।

अध्यात्म

## दिखावे पर भरोसा न करें

एक बार विजयनगर के दरबार में एक चंचल व्यापारी पहुँचा, जिसने दावा ठोंका कि उसके पास दुनिया की सबसे तीखी और लाजवाब काली मिर्च है। राजा कृष्णदेव राय ने इस दावे पर हँसी उड़ाते हुए तेनालीराम को बुलाया और कहा, अरे तेनाली, इस व्यापारी की बात को परखो। साबित करो कि उसकी मिर्च उतनी तीखी नहीं, जितना वह कह रहा है! तेनालीराम ने मुस्कुराते हुए कहा, ठीक है, महाराज, देखते हैं इस मिर्च का असली रंग! व्यापारी ने गर्व से एक मुट्ठी काली मिर्च तेनालीराम को थमाई। तेनालीराम ने उसे एक बड़े बर्तन में पानी डालकर उबालने के लिए रख दिया। दरबार में सभी हैरानी से देख रहे थे। व्यापारी बोला, ये क्या कर रहे हो, बाबू? मिर्च उबालने से उसकी तीखाई कम हो जाएगी! तेनालीराम ने चुटकी लेते हुए कहा, धैर्य रखो, भाई, असली खेल तो अभी शुरू हुआ है!

कुछ देर बाद जब मिर्च अच्छी तरह उबल गई, तेनालीराम ने उस पानी को एक गिलास में निकाला और व्यापारी की ओर बढ़ाते हुए बोला, आओ, इसका स्वाद चखो और हमें बताओ कि तुम्हारी मिर्च कितनी तीखी है! व्यापारी पहले तो हिचकिचाया, लेकिन राजा के दबाव में उसने एक घूंट लिया। अचानक उसकी आँखों से आँसू बहने लगे, नाक से पसीना टपका, और वह खांसते-खांसते लाल हो गया। दरबार में ठहाके गूँज उठे।

तेनालीराम ने शांत स्वर में राजा से कहा, महाराज, अगर इस मिर्च का उबला हुआ पानी भी इतना तीखा है कि व्यापारी इसे सह नहीं पाया, तो यही साबित होता है कि यह सचमुच दुनिया की सबसे शानदार मिर्च है! व्यापारी शर्मिंदगी से बोला, अरे, मैं तो मजाक कर रहा था, इतनी तीखाई तो मैंने सोची भी नहीं! तेनालीराम ने हँसते हुए कहा, मजाक तो ठीक है, लेकिन सच सामने आ गया न!

राजा ने तेनालीराम की चतुराई पर खुश होकर उसे इनाम दिया। बाद में तेनालीराम ने दरबारियों से कहा, दोस्तों, कभी-कभी थोड़ा प्रयोग करके सच्चाई निकाल लो, वरना दिखावा सबको बेवकूफ बना देता है! उस दिन से दरबार में तेनालीराम की एक और चतुराई की कहानी मशहूर हो गई। व्यापारी ने माफी माँगी और कहा, भाई, तुमने मुझे सबक सिखा दिया, अब सच्चाई ही बेचूँगा!

### सीख

इससे हमें यह सीख मिलती है कि चतुराई और प्रयोग से सच्चाई सामने लाई जा सकती है। दिखावे पर भरोसा न करें, बल्कि अपनी समझ से हर चीज़ की परीक्षा लें।

# जलवायु परिवर्तन पर बड़े देशों की जिम्मेदारी तय

**हाल ही में इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस द्वारा दिया गया ऐतिहासिक फैसला वैश्विक जलवायु न्याय और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है। इस फैसले के ज़रिए यह संदेश दिया गया है कि जलवायु परिवर्तन अब केवल एक वैज्ञानिक या पर्यावरणीय मुद्दा नहीं रहा, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवाधिकारों से सीधे जुड़ा मसला बन चुका है। इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस द्वारा पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन को लेकर 23 जुलाई, 2025 को यह फैसला सुनाया। यह फैसला दक्षिण प्रशांत महासागर के एक छोटे से द्वीपीय देश, वानुअतु द्वारा लाए गए एक मामले के बाद आया है, जिसे बढ़ते समुद्र स्तर से ख़तरा है और जिसका समर्थन 131 अन्य देशों ने किया है। इसमें केन्या, घाना, मेडागास्कर, दक्षिण अफ्रीका, कैमरून, सेरा लिओन, मॉरीशस, बुर्किना फासो, और मिस्र ने जलवायु परिवर्तन से होने वाले नुकसान के बारे में अपनी अपनी दलीलें पेश कीं थी। न्यायालय ने उनकी दलीलों को स्वीकार कर लिया कि विकासशील देशों ने वैश्विक स्तर पर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में न्यूनतम योगदान दिया है, फिर भी वे विकसित देशों की तुलना में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से ज़्यादा प्रभावित हैं।**

कुमार सिद्धार्थ

यह फैसला खास इसलिए भी माना जा रहा है क्योंकि इसमें भविष्य की पीढ़ियों और जलवायु परिवर्तन से सबसे ज़्यादा प्रभावित समुदायों के अधिकारों की बात की गई है, जो अब तक के अंतरराष्ट्रीय कानून में बहुत कमज़ोर ढंग से पेश होते थे। जलवायु परिवर्तन एक अस्तित्वगत संकट है जो मानवता के भविष्य के लिए ख़तरा बन सकता है। इस फैसले में इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस ने पहली बार यह औपचारिक रूप से स्वीकार किया कि जलवायु परिवर्तन से निपटना सभी देशों की कानूनी जिम्मेदारी है। इसके साथ ही अदालत ने इस बात को रेखांकित किया कि अत्यधिक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन करने वाले देशों को अधिक जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। वैश्विक स्तर पर न्याय का यह सिद्धांत इस बात की पुष्टि करता है कि जलवायु परिवर्तन का संकट उन सीमाओं को नहीं मानता जो देशों की भौगोलिक पहचान तय करती हैं – इसके दुष्प्रभाव वैश्विक हैं।

इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस ने यह साफ़ कहा है कि जो देश वायुमंडल में सबसे अधिक ग्रीनहाउस गैसें छोड़ रहे हैं, वे केवल अपने नागरिकों के नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के पर्यावरणीय और मानवाधिकारों का उल्लंघन कर रहे हैं। वायुमंडलीय प्रदूषण किसी सीमा पर नहीं रुकता – इसका प्रभाव अफ्रीका के किसानों से लेकर एशिया के तटीय इलाकों तक और पैसिफिक द्वीप समूह के अस्तित्व तक को खतरे में डालता है।

यही कारण है कि इस फैसले को एक वैश्विक नैतिक और कानूनी दिशा-निर्देश के रूप में देखा जा रहा है, जिससे उम्मीद है कि विश्व समुदाय, विशेष रूप से विकसित और उच्च उत्सर्जन वाले देश, अब अपनी जलवायु नीतियों में जवाबदेही और न्याय को प्राथमिकता देंगे।

विशेष रूप से प्रशांत महासागर में बसे छोटे द्वीपीय देश जैसे टुवालू, मार्शल आइलैंड्स, किरीबाती आदि जो समुद्र के बढ़ते जल स्तर के कारण अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं, इस फैसले को अपने लिए एक नई उम्मीद के रूप में देख रहे हैं। अब उनके पास इस आधार पर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर और अदालतों में मुकदमे दायर करने की ठोस ज़मीन है कि जलवायु संकट के लिए जिम्मेदार बड़े देश उनकी ज़िंदगियों और भूमि को खतरे में डाल रहे हैं।

वर्तमान में दुनिया के लगभग 60 देशों में 3000 से अधिक जलवायु न्याय से जुड़े मुकदमे लंबित हैं, जिनमें सरकारों और जीवाश्म ईंधन आधारित कंपनियों पर यह आरोप है कि वे जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में नाकाम रहे हैं। इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस का यह फैसला इन सभी मुकदमों को एक नैतिक और कानूनी बल प्रदान कर सकता है। अदालत ने यह महत्वपूर्ण बात भी कही कि जलवायु परिवर्तन से संबंधित समस्याएं मानवाधिकारों को भी प्रभावित करती हैं, विशेषकर स्वास्थ्य, स्वच्छता, खाद्य सुरक्षा, आवास और स्वच्छ पर्यावरण के अधिकार को। यह विचार अब अंतरराष्ट्रीय विमर्श का केंद्र बन रहा



है कि किसी व्यक्ति को अगर साफ़ हवा और सुरक्षित पर्यावरण नहीं मिल रहा, तो उसके मानवाधिकारों का हनन हो रहा है। यह सोच मानव अधिकारों की आधुनिक परिभाषा को विस्तारित करती है जिसमें अब सिर्फ सरकार की ओर से दिए गए अधिकार नहीं, बल्कि पर्यावरणीय जिम्मेदारियों की पूर्ति भी अनिवार्य हो जाती है। यह विडंबना ही है कि एक ओर पर्यावरण संरक्षण को लेकर वैश्विक अदालतें जागरूक हो रही हैं, वहीं दूसरी ओर ज़मीन पर पर्यावरण की रक्षा करने वाले लोग लगातार खतरे में हैं। वर्ष 2023 में दुनिया भर में कम से कम 196 पर्यावरण रक्षकों की हत्या कर दी गई। इनमें से अधिकतर मामले उन क्षेत्रों से जुड़े हैं जहां प्राकृतिक संसाधनों के दोहन, अवैध खनन, वनों की कटाई या औद्योगिक परियोजनाओं का विरोध किया गया था।

'ग्लोबल विटनेस' द्वारा हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, भारत सहित 20 से अधिक देशों के 200 से अधिक पर्यावरण कार्यकर्ताओं से बातचीत के आधार पर यह सामने आया कि 90 प्रतिशत से अधिक को शारीरिक या मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ा और 25 प्रतिशत से अधिक पर हिंसक हमले हुए। इनमें से कई मामलों में कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे चलाए गए, उनके संस्थान बंद किए गए, बैंक खातों को सील किया गया और उन्हें 'राष्ट्रविरोधी' करार दे दिया गया।

अब खतरे सिर्फ मैदानों और जंगलों तक सीमित नहीं हैं। सोशल मीडिया और डेटा निगरानी के इस दौर में, पर्यावरण कार्यकर्ताओं की निजी जानकारियां साझा करके उन्हें बदनाम या निशाना बनाना एक आम रणनीति बन चुकी है। 'रेडटैगिंग' जैसी कार्रवाइयों के ज़रिए कार्यकर्ताओं को देशद्रोही बताया जाता है, और कई बार वे 'गायब' कर दिए जाते हैं – जैसा कि फिलीपींस, थाईलैंड और इंडोनेशिया में बार-बार सामने आया है।

भारत में भी कार्यकर्ताओं पर यूएपीए जैसे कड़े कानूनों के तहत मुकदमे चलाए गए हैं, जिससे साफ होता है कि जलवायु न्याय की लड़ाई केवल वातावरणीय नहीं, बल्कि राजनीतिक और सामाजिक संघर्ष बन चुकी है। यह सच है कि इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस के फैसले की कोई कानूनी बाध्यता नहीं है – यानी कोई देश उसे मानने को बाध्य नहीं है। लेकिन इसका नैतिक प्रभाव और वैश्विक दबाव अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि यह फैसला सिर्फ कागज़ों तक सीमित रह गया तो यह एक खोया हुआ अवसर होगा।अब ज़रूरत है कि राष्ट्रीय सरकारें अपने जलवायु कानूनों और नीतियों में इस फैसले को शामिल करें। साथ ही पर्यावरण कार्यकर्ताओं की रक्षा के लिए विशेष कानून बनाए जाएं। इसके अलावा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन पर कठोर निगरानी और नियंत्रण की व्यवस्था की जाए। और सबसे ज़रूरी आम जनता, मीडिया और नागरिक समाज इस विषय को अपनी बातचीत के केंद्र में लाएं। जलवायु संकट अब भविष्य का विषय नहीं है यह आज की सबसे बड़ी चुनौती है। इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस का यह फैसला एक कानूनी दस्तावेज़ भर नहीं, बल्कि एक चेतावनी है और साथ ही एक मौका भी कि हम अपनी गलतियों को सुधारें, और एक न्यायपूर्ण, सुरक्षित और टिकाऊ भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं। पर्यावरण कार्यकर्ता, जो आज ज़मीन, जंगल, नदियों और हवा के लिए लड़ रहे हैं उनके संघर्ष केवल उनके समुदाय के नहीं, बल्कि पूरे मानवता के संघर्ष हैं। उन्हें सुरक्षा देना, समर्थन देना और उनकी बात को सुनना, हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। क्योंकि अंततः यदि पृथ्वी सुरक्षित नहीं, तो मनुष्य का अस्तित्व भी नहीं।

## आज का कार्टून

आसिम मुनीर ने अमेरिका से दी भारत को दी परमाणु हमले की धमकी




## राशिफल

**मेष**
किसी जरूरी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों को शुभ परिणाम मिल सकते हैं।

**वृषभ**
आपकी छोटी-छोटी गलतियों को लोग बड़ा करके दिखायेंगे। पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है। पुरानी बातें दोबारा सामने उभर के आ सकती हैं।

**मिथुन**
आज सुबह से आप अत्यन्त ऊर्जावान महसूस करेंगे। बच्चे आपके प्रति आज्ञाकारी रहेंगे। आपके सामाजिक दायरे में वृद्धि होगी।

**कर्क**
परिवार के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। रुके हुये काम को पूरा करने में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। कारोबार वृद्धि के लिये लोन ले सकते हैं।

**सिंह**
किसी नयी विधा का प्रयोग आप सीख सकते हैं। वैवाहिक जीवन खुशहाल रहेगा। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर अत्यन्त गम्भीर रहने वाले हैं।

**कन्या**
आज आप अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। कारोबार में मनोनुकूल परिणाम मिलने की सम्भावना कम है। अनावश्यक खर्चों के कारण आपका बजट गड़बड़ा सकता है।

**तुला**
पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। घर के बड़े आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। घर की साज-सज्जा पर ध्यान देंगे। दोस्तों के साथ दर्शनीय स्थल का आनन्द ले सकते हैं।

**वृश्चिक**
धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। जो भी काम करें पहले उसकी योजना बना लें। अनुचित खानपान के कारण पाचन खराब होने की आशंका है।

**धनु**
आज व्यवसाय में तेजी रहेगी। पहले हुये नुकसान की आज भरपाई हो सकती है। घर के किसी सदस्य के विवाह को लेकर चर्चा जोर पकड़ेगी। प्रभावशैली लोगों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे।

**मकर**
छोटी-छोटी बातों पर क्रोध न करें। नौकरी पेशा लोग अपने काम को लेकर थोड़े तनाव में हो सकते हैं। मानसिक रूप से थोड़े परेशान होने की सम्भावना बन रही है।

**कुंभ**
निजी क्षेत्र में नौकरी कर रहे लोगों की आय में वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक जीवन बहुत सुखमय रहेगा। प्रेम विवाह की योजना बना सकते हैं।

**मीन**
घर के बुजुर्ग आपकी बातों को अत्यन्त गम्भीरता से लेंगे। विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। पिता को कार्यक्षेत्र में उत्तम सफलता मिल सकती है।

# हत्या मामले के आरोपितों को आजीवन कारावास

## सरकार द्वारा प्रत्येक माह दी जाएगी 125 यूनिट फ्री बिजली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** न्यायालय ने हत्या मामले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बैधमा निवासी आरोपितों मनसू कुमार एवं प्रिंस कुमार उर्फ छोटू को अभियोजन साक्ष्य के आधार पर दोषी पाकर सश्रम आजीवन कारावास एवं पचास हजार अर्थदंड की सजा सुनायी। आरोपितों पर आरोप कि 25 जुलाई 2019 को शाम 6 बजे सूचक गोपाल कुमार को सूचना मिली की उसका छोटा भाई विट्टू कुमार उर्फ लल्लू की हत्या पचकुरवा बांसबिट्टी में कर दिया है। सूचना पर सूचक कैथमा गया तो जानकारी मिली की उसका भाई विट्टू कुमार उर्फ छोटू अपने दोस्त कन्हैया कुमार एवं अनमोल कुमार के यहां पंद्रह दिन से रह रहा था। दिनांक 23.जुलाई 2019 को अनमोल कुमार के साथ मेरा भाई विट्टू कुमार उर्फ लल्लू अनमोल कुमार के बगीचा की ओर जा रहा था तो विपरीत दिशा से कैथमा ग्राम के रंजन कुमार मोटरसाइकिल से अपनी पत्नी के साथ आ रहे थे। तो विट्टू कुमार हाथ से इशारा किया कि धीरे जाइए। यह संकेत रंजन कुमार को खराब लगा। इसी बात को लेकर रंजन कुमार अपने परिवार के अन्य लोगों के साथ अनमोल कुमार के घर पर 4 बजे आए और विट्टू कुमार को धक्का दे दिया। फिर दिनांक 25 जुलाई 2019 को करीब 4 बजे शाम में विट्टू कुमार एवं अनमोल कुमार बरकुरवा बांसबिट्टी में बैठकर बातचीत कर रहा था तो रंजन कुमार का चचेरा भाई छोटू उर्फ प्रिंस कुमार, चन्दन कुमार, नीकुन्द कुमार एवं नंदू कुमार आए और सभी मेरे भाई विट्टू कुमार को लात मुक्का से मारपीट करने लगे। जिससे उसके मुँह से खून गिरने लगा। इसी बीच रंजन कुमार के इशारा पर नीकुन्द कुमार मेरे भाई के सिर में गोली मार दिया। मनसू कुमार अपने कमर से पिस्तौल निकालकर मेरे भाई के सीने में गोली मार दिया। सूचना पाकर अनमोल कुमार की माँ गुंजन देवी एवं गांव के अन्य लोग आए। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक राम प्रकाश यादव ने छह गवाहों की गवाही करवायी जिन्होंने अभियोजन के मुकदमा का पूर्णतः समर्थन किया। जिसके आधार पर न्यायालय ने आरोपियों को सश्रम आजीवन कारावास एवं पचास हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनायी। आरोपियों के विरूद्ध सूचक गोपाल कुमार ने भा.द.वि. की धारा 302/34 एवं 27 आर्म्स एक्ट की धारा में मुफस्सिल थाना काण्ड संख्या 380/2019 दर्ज करवायी थी।

## प्राणघातक हमले के दो आरोपित दोषी करार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम नवीन कुमार श्रीवास्तव ने प्राणघातक हमला करने के मामले में बरौनी थाना क्षेत्र के बभगामा निवासी आरोपित रामपुकार सिंह एवं चन्दन सिंह को अभियोजन साक्ष्य के आधार पर दोषी पाया। आरोपितों पर आरोप है कि दिनांक 23.09.2004 की रात्रि में ग्रामीण सूचक हरेराम सिंह अपने मचान पर मच्छरदानी लगाकर सोया हुआ था। रात्रि करीब पौने एक बजे विपिन सिंह, रामपुकार सिंह एवं चन्दन सिंह अपने अपने हाथ में भाला, गरासा एवं छुरा लेकर आए एवं सूचक पर जान मारने के उद्देश्य से हमला कर दिया। जिससे सूचक के शरीर पर ग्यारह जख्म हुआ। सभी जख्म तेज धारदार हथियार से किया गया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक विभूति चंद्र झा ने पांच गवाहों की गवाही करवायी। जिन्होंने अभियोजन के मुकदमा का पूर्णतः समर्थन किया। जिसके आधार पर न्यायालय ने आरोपितों को दोषी पाया। अपर लोक अभियोजक विभूति चंद्र झा को अधिवक्ता रणविजय निराला एवं सुधा कुमारी ने सहयोग किया। आरोपितों पर सूचक हरेराम सिंह ने बरौनी थाना काण्ड संख्या 301/2004 भादवि की धारा 342, 307, 325 के अंतर्गत दर्ज करवायी थी। न्यायालय ने सजा के बिन्दु पर सुनवायी के लिए 18 अगस्त 2025 की तिथि मुकर्रर की है।

## शिक्षकों ने शिक्षामंत्री के खिलाफ किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिशन गोपगुट से जुड़े शिक्षकों ने जिला शिक्षा कार्यालय बेगूसराय के समक्ष जुटकर जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बार बार स्थानांतरण नीति में बदलाव से आक्रोशित होकर शिक्षामंत्री के खिलाफ विरोध प्रदर्शन। सभा को संबोधित करते हुए संघ के विभिन्न शिक्षक नेताओं ने कहा कि स्थानांतरण को लेकर शिक्षक विगत छह माह से अधिक समय से प्रतीक्षारत हैं और स्थानांतरण आदेश आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं लेकिन इतने समय बीत जाने के बावजूद भी विभाग अपने ही घोषित नीति से उलट आदेश जारी कर टालमटोल का प्रयास कर रहा है जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के राह में अवरोध उत्पन्न कर रहा है और शिक्षकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। जिला आवंटन हो जाने के बावजूद भी विद्यालय आवंटन नहीं होना खेदजनक है और इससे प्रभावित शिक्षक गोलबंद होकर सड़क पर उतर आंदोलन करने को बाध्य हैं, जल्दी ही संगठन शिक्षकों को गोलबंद कर आक्रोशपूर्ण आंदोलन का शंखनाद करने को बाध्य होगा। प्रतिरोध सभा के बाद संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल स्थानांतरण सहित विद्यालय अध्यापक, विशिष्ट शिक्षक, प्रधान शिक्षक और प्रधानाध्यापकों से संबंधित कई लंबित समस्याएं जैसे सेवा निरंतरता, वेतन निर्धारण, वेतन विसंगति, विरमन तिथि से ग्रेड पे, स्नातक ग्रेड शिक्षकों को कालबद्ध प्रोन्नति देकर प्रधानाध्यापक बनाने जैसे समस्याओं का समाधान करने के आशय का ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित किया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकारी जिला महासचिव अभिषेक रंजन, जिला उपाध्यक्ष अभिनन्दन कुमार, धर्मांशु, कोषाध्यक्ष रवि कुमार, सह कोषाध्यक्ष नीरज नयन, रंजीत बसु, अजय साहू, अभिलाष कुमार, सुदर्शन यदुवंशी, रौशन यादव, संतोष चौरसिया सहित दर्जनों शिक्षक नेता मौजूद रहे।

## विद्यालय में बना होमगार्ड जवानों का ट्रेनिंग सेंटर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बडी बलिया स्थित राजकीयकृत जीडीआर .2 उच्च विद्यालय में होमगार्ड जवानों के लिए ट्रेनिंग सेंटर बनाया गया है। जिसमें एक हजार के करीब अभ्यर्थी पहले से ट्रेनिंग ले रहे हैं। मंगलवार की दोपहर नवादा जिला से करीब 200 से अधिक अभ्यर्थी पहुंचे थे। जिनको रहने, पानी एवं शौचालय की व्यवस्था नहीं रहने के कारण गेट के बाहर सडक पर खडे होकर घंटों समय बिताना पडा। जिससे सभी अभ्यर्थी नाराज दिखे। इस संबंध में नवादा जिला से आए मधुकर कुमार, नवीन कुमार, मुन्ना कुमार, रोहित कुमार सागर कुमार, रौशन कुमार सहित करीब 200 से अधिक सामान लेकर बाहर खडे आक्रोशित अभ्यर्थियों ने बताया कि पहले से इस विद्यालय में बांका, कैमूर, छपरा एवं जमुई के एक हजार होमगार्ड के जवान ट्रेनिंग ले रहे हैं। जिनके लिए प्रयाप्त संख्या में शौचालय, पीने का पानी, नहाने एवं रहने के लिए सीट नहीं है। बावजूद हमलोगों को यहां ट्रेनिंग के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि जो लोग पहले से यहां ट्रेनिंग ले रहे हैं वह गर्मी के कारण बीमार पर रहे हैं। तो हम लोग कैसे 120 दिन का यहां ट्रेनिंग लें। उन्होंने इसकी जानकारी बेगूसराय पुलिस कप्तान मनीष कुमार से किया। जिसके बाद बलिया थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ट्रेनिंग सेंटर के समक्ष पहुंच कर उन लोगों से बात किया और समस्या के समाधान हेतू प्रयास में लगे हुए थे। डीएसपी सह आईपीएस अधिकारी साक्षी कुमारी ने बताया कि इस संबंध में बरीय अधिकारी से बात कर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

## विद्यालय में क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित शिवधर अनूठा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान 100 से अधिक छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। क्विज प्रतियोगिता में अनुष्का कुमारी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ वही खुशी कुमारी, मनिता कुमारी, आलोक आनंद और गणेश कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस के अलावे क्विज प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्का से सम्मानित किया जाएगा। क्विज प्रतियोगिता में प्रधानाध्यापक हीरा मिश्रा, शिक्षक सुदीष्ट प्रसाद यादव, अर्चना कुमारी, आरती कुमारी, पूनम कुमारी, रजनी कुमारी और रुचि कुमारी ने अपने अपने विषयों से लिखित और मौखिक सवाल पूछे गए। प्रधानाध्यापक हीरा मिश्रा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सफल छात्र छात्राओं को 15 अगस्त को पुरस्कृत किया जाएगा।

## जनसुराज नेता ने बांटी राहत सामग्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** तेघड़ा प्रखंड अंतर्गत बरौनी 2 मधुरापुर पंचायत में बुधवार को बाढ़ पीड़ितों के बीच जनसुराज के नेता राहत सामग्री बाँटने पहुंचे। ज्ञात हो की गंगा पानी का फैलाव तेजी से घनी आबादी में फैल रहा है। इधर, किसान के साथ साथ आम लोग भी चिंतित है। पूरे पंचायत को बाढ़ का पानी ने घेर लिया है। बड़ी आबादी वाले क्षेत्र में बाढ़ का पानी घर में घूस चुका है। पंचायत के जनप्रतिनिधि के साथ साथ सरकार के द्वारा कोई बाढ़ राहत सामग्री लोगों तक नहीं पहुंचाया गया है। वहीं बुधवार देर शाम बरौनी 2 मधुरापुर में बाढ़ से पीड़ित लोगों के बीच जन सुराज के तेघड़ा विधानसभा से अपनी उम्मीदवारी दे रहे रिवर वेली के निदेशक आर एन सिंह ने राहत सामग्री वितरण किया। साथ ही रिभर बैली स्कूल के बच्चे द्वारा दिए गए कपड़ों को जरूतमंदों के बीच वितरण किया गया। राम नंदन सिंह ने बताया कि मैं भी इसी गांव में पैदा हुआ हूं और हमारे गांव के लोग आज बाढ़ से परेशान हैं। इस गांव के होने के नाते अपने लोगों के लिए आया हूं और लगभग सौ से ज्यादा लोगों के बीच राहत सामग्री वितरण किया हूं। इस दौरान उक्त पंचायत के महेश झा, पूर्व बीडीओ, पप्पू सिंह सहित गांव के नौजवान मौजूद थे।



## संदेश प्रखंड में 125 यूनिट फ्री बिजली के लिए लगे चार कैंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**संदेश/भोजपुर।** साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड संदेश प्रखंड के चार पंचायत में कैंप लगा कर शून्य बिजली बिल वाले उपभोक्ता को बिल वितरण किया गया। कैंप संदेश हाई स्कूल, अखगांव टेन प्लस 2 विद्यालय, खंडोल हाई स्कूल और यात्री सेड कोरी में लगाया गया। मुख्यमंत्री उपभोक्ता सहायता योजना के तहत अब हर घरेलू उपभोक्ता को हर महीने 125 यूनिट बिजली निःशुल्क दिया जाएगा। इसका लाभ बिजली बिल में अपने आप समायोजित हो जाएगा। इस योजना के लाभ उठाने के लिए कोई रजिस्ट्रेशन या ओटीपी की जरूरत नहीं है। इस योजना का लाभ स्वतः मिलेगा। पूरे बिहार में सभी घरेलू उपभोक्ता को 125 यूनिट बिजली बिल का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा।



यह जानकारी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीडियो कांफ्रेंसी के माध्यम से कैंप में बैठे उपभोक्ताओं को दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के वीडियो कॉन्फ्रेंस को देखने के लिए हजारों की संख्या भीड़ इकट्ठा हो गया। उन्होंने बताया कि 24 नवंबर 2025 को राज्य में एनडीए की सरकार बनी तो बिजली के क्षेत्र में व्यापक सुधार करने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया गया है । 15 अगस्त 2012 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पटना के गांधी मैदान में मैने कहा था। हम बिजली के क्षेत्र में सुधार लाएंगे अगर बिजली के क्षेत्र में सुधार नहीं हुआ तो लोगों के बीच भोट मांगने हम नहीं जायेगे। राज्य के सभी गांवों एवं टोलों में बिजली पहुंचाई गई। 2015 में सात निश्चय योजना के तहत हर घर बिजली निश्चय की शुरुआत कर हर घर बिजली देने का काम निर्धारित समय से दो माह पूर्व अक्टूबर 2018 में पूरा कर लिया गया। उन्होंने बताया कि हम शुरू से ही राज्य में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं। हमने तय किया है कि अगले तीन वर्षों में सभी इच्छुक घरेलू उपभोक्ताओं को घर के छतों पर या नजदीकी सार्वजनिक स्थलों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगा कर उन्हें सौर ऊर्जा का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार सहयोग करेगी। सौर ऊर्जा के लगने से उपभोक्ताओं को बिजली बिल में होने वाले खर्च में काफी राहत मिलेगी। सौर ऊर्जा के व्यापक उपयोग से पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने में सफलता भी मिलेगी। इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार अंचलाधिकारी अरुण कुमार, विद्युत कनीय अभियंता अनिमेष कुमार, सुधीर कुमार गुप्ता, संतोष कुमार श्याम नारायण चौबे, विनोद कुमार व अन्य मौजूद थे।

## बलिया में एबीवीपी के दो हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** एबीवीपी बलिया इकाई के द्वारा सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। बलिया इकाई के द्वारा 2 हजार छात्र-छात्राओं को एबीवीपी से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। एबीवीपी उत्तर बिहार के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दयानिधान गिरी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रवाद, छात्र हितों की रक्षा व सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को जागृत करना है। विश्व की सबसे बड़ा छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् है, जो शिक्षा के क्षेत्र, सामाजिक सेवा कार्य, राष्ट्र चेतना, भविष्य का भारत की ध्येय लेकर युवा तरूणाई के बीच राष्ट्रप्रेम, भारतीय संस्कृति और सभ्यता का संवहन करता है। शिक्षा जीवन के लिए जीवन वतन के लिए इस ध्येय मार्ग पर चलकर एबीवीपी कार्यकता राष्ट्रवादी विचारधारा से ओत प्रोत होकर छात्रहित, समाजहित एवं राष्ट्रहित में कार्य करती है, एबीवीपी बलिया के नगर सहमंत्री श्री राम एवं अमन गुप्ता ने कहा कि यह सदस्यता अभियान मात्र एक औपचारिकता नहीं है। बल्कि यह राष्ट्रनिर्माण के महान उद्देश्य से जुड़ा प्रयास है। एबीवीपी छात्र जीवन के माध्यम से युवा पीढ़ी में राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक उत्तरदायित्व और शैक्षिक जागरूकता का संचार करती है एबीवीपी का लक्ष्य है कि प्रत्येक विद्यालय, महाविद्यालय, कोचिंग संस्थान और गांव तक संगठन की वैचारिक पहुंच बनायी जाये। एबीवीपी कार्यकर्ता रियांश कुमार ने कहा कि आज, एबीवीपी देशभक्ति, संगठनात्मक शक्ति और समाज सेवा की भावना के साथ पूरे देश में काम करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा छात्र संगठन है।

## भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स मोतिहारी**

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)।** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को छतौनी बस स्टैंड स्थित बौधी माई मंदिर से विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। उक्त तिरंगा यात्रा बौधी माई मंदिर से अमृत मिडिल स्कूल, लाल बहादुर शास्त्री पार्क होते मठिया चौक, धर्म समाज चौक, पंच मंदिर चौक, ज्ञान बाबू चौक, गांजा गद्दी चौक, गांधी चौक एवं नगर भवन होते नरसिंह बाबा मठ पर जा कर समाप्त हुई। गौरतलब है कि भाजपा के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत देश भर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसके अंतर्गत पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक विधानसभा के सभी मंडलों में



तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। उक्त अवसर पर मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य हर भारतीय के दिल में देशभक्ति की भावना जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यात्रा में बड़ी संख्या में भारत माता की जय और वनदे मातरम का नारा लगाते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ आम नागरिक भी शामिल थे।

## प्रभारी मंत्री ने की जय मां काली मंदिर में पूजा-अर्चना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बिहार सरकार के पंचायतीराज मंत्री सह भोजपुर जिला प्रभारी मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता आरा शहर के नागरी प्रचारिणी सभागार में आयोजित मुख्यमंत्री संवाद कार्यक्रम के बाद बड़हरा प्रखंड स्थित जय मां काली मंदिर बखोरापुर मंगलवार दोपहर पहुंचे। मंत्री ने मां काली का दर्शन कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना किया। उनके पहुचते ही मंदिर परिसर में बड़हरा के भाजपा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, एमएलसी राधाचरण साह उर्फ सेठ जी, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गाराज व कार्यकताओं द्वारा फूल माला से प्रभारी मंत्री का भव्य स्वागत किया गया। उसके बाद प्रभारी मंत्री के




साथ विधायक, एमएलसी, पंचायत के मुखिया रितेश कुमार सिंह, समाजसेवी आनंद गोपाल पंडित, 20 सूत्री अध्यक्ष शुभम पांडेय, संतोष कुमार संटू, धनजी प्रसाद व अन्य मंदिर के गर्भगृह में पहुचें। पूजा पाठ व माता रानी का आरती किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि इस मंदिर के बारे में सुना था। बहुत दिनों के बाद आज माता के दरबार में पहुचने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मंत्री मंदिर के गर्भगृह को कुछ देर तक निहारते रहे। उसके बाद परिसर से निकलकर शंकर जी, हनुमानजी, भव्य तालाब को देखते रह गये। मंदिर के सुंदरता व भव्यता को देख गदगद थे। उनके आने के पूर्व जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया, एसपी मिस्टर राज, उप विकास आयुक्त गुंजन सिंह, एसडीपीओ 2 रंजीत सिंह, बीडीओ मोहित भारद्वाज, बीपीआरओ निशांत कुमार सिंह समे पुलिस प्रशासन मुश्तैद था।

## एक नजर

### विदाई सह सम्मान समारोह

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी थानाध्यक्ष दिनेश कुमार का स्थानांतरण के बाद मंगलवार को उत्सव हॉल नावकोठी में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्षता बखरी एसडीओ सौरव कुमार सन्नी ने किया। उन्होंने कहा कि कोई अधिकारी अपने कार्य व्यवहार से जाने जाते हैं। उनकी कार्यशैली, परस्पर सहयोग, अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ व्यवहार तथा आम जनों के साथ लोकाचार ही उनकी पहचान होती है। वहीं बखरी एसडीपीओ कुन्दन कुमार ने कहा कि दोनों अधिकारियों ने अपने कार्य व दायित्व का निर्वहन बखूबी निभाया है। इनके कार्यकाल में क्षेत्र में अपराध नियंत्रण व शांति स्थापित करने में काफी सहयोग मिला। मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने दोनों अधिकारियों के व्यक्तित्व एवं उनके कार्य व्यवहार की सराहना की। वहीं बखरी के जिला परिषद सदस्य घनश्याम राय, जिला परिषद प्रतिनिधि डॉ राजेन्द्र शर्मा, मुखिया विजय पासवान, उप प्रमुख नन्द किशोर पासवान, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार, शकील अहमद बेग, हरेराम सिंह, मनीष कुमार, विश्वजीत कुमार, पूजा, पुष्पा, आरती ने थानाध्यक्ष के कार्य काल की चर्चा की।

### प्रधानाध्यापकों की बैठक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विमर्श कक्ष में प्राइमरी मिडिल एवं प्लस टू स्कूल के प्रधानाध्यापक की संयुक्त बैठक बुधवार को आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता बीईओ अनिल कुमार चौधरी ने किया.बैठक में प्रखंड के 54 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक सहायक वरीय शिक्षक एवं कंप्यूटर शिक्षकों को टैब प्रदान किया गया। प्राथमिक और मध्य विद्यालय को दो दो एवं प्लस टू स्कूल को तीन तीन टैब उपलब्ध कराया गया। बीईओ ने कहा कि अब विद्यालय के बच्चों की उपस्थिति मध्यान भोजन के रिपोर्टिंग सहित अन्य प्रशासकीय कार्यों के निपटारा में मदद मिलेगी। इस अवसर पर मध्याह्न भोजन साधन सेवी रुचिता कुमारी, प्रधानाध्यापक प्रेम कुमार, गणेश झा, सरोज कुमार महतो, अरुण कुमार, संजीत कुमार महतो, ललन कुमार, रणधीर कुमार, मनटुन महतो, शंभू महतो, अशोक शर्मा सहित अमित कुमार, मो आबिद एवं अन्य मौजूद थे।

### स्वतंत्रता दिवस पर आंख जांच शिविर

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर परिषद बरौनी फुलवाड़िया बाजार स्थिति किरण नेत्रालय सेवा समिति के संस्थापक डक्टर अजीत कुमार के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर निशुल्क आंख जांच शिविर लगाया जा रहा है। इस शिविर में आंख से संबंधित सभी प्रकार के रोग, चश्मा, जांच और दवाई बिल्कुल मुफ्त में दिया जाएगा। इस संबंध में डा. अजीत कुमार ने बताया कि किरण नेत्रालय सेवा समिति वर्षों से मुफ्त शिविर लगाते आ रहे हैं। और 15 अगस्त दिन शुक्रवार को भी शिविर लगाया जा रहा है। जिसमें चश्मा, जांच दवाई मुफ्त में दिया जाएगा।

### डीलर से स्पष्टीकरण

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जनवितरण प्रणाली की दुकान नियमित रूप से नहीं खोलने, पश मशीन द्वारा निर्गत रसीद उपभोक्ताओं को उपलब्ध नहीं कराये जाने, उपभोक्ताओं के चार पांच माह का फिंगर (चुटकी) लेकर अनाज नहीं दिये जाने तथा उपभोक्ताओं के साथ अमर्यादित व्यवहार, ग्राहकों को बैठने का जगह नहीं देने को लेकर नावकोठी पंचायत के चार जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं से स्पष्टीकरण की मांग मुखिया ने की है। मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने बताया कि पूर्व में भी इन विक्रेताओं से स्पष्टीकरण मांग की गयी थी जिसमें इन विक्रेताओं ने भविष्य में इस प्रकार की त्रुटियां नहीं होने की बात कही थी। इनमें राजेश चौधरी, अरूण चौधरी, रंजू देवी तथा नन्द किशोर चौधरी हैं। मुखिया ने इन विक्रेताओं की शिकायत प्रखंड आपूर्ति अधिकारी नावकोठी, प्रखंड विकास अधिकारी तथा अनुमंडल अधिकारी बखरी से की।

### ऐपवा ने निकाला मार्च

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जगदीशपुर मे महिला संगठन ऐपवा ने कर्ज मुक्ति के खिलाफ निकाला गया मार्च। जगदीशपुर भाकपा माले कार्यालय से महिला संगठन ऐपवा ने निकाला कर्ज मुक्ति खिलाफ मार्च निकाला। मार्च सदर बाजार होते हुए किला गेट के पास पहुंचा जहां सभा किया गया। सभा का संचालन भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य शाहनवाज ने किया। मार्च में उपस्थित ऐपवा जिला सचिव इंदु सिंह ने कहा बिहार में गरीब और जरूरतमंद महिलाएं ,माइक्रोफाइनेंस संस्थान आदि से कर्ज लेती हैं, लेकिन ये ऋण स्त्रोत आर्थिक सशक्तीकरण करने और गरीबी से मुक्ति दिलाने के बजाय कर्ज/ महाजनी के मकड़जाल में बुरी तरह फंस जातीं है। एक कंपनी का का कर्ज चुकाने के लिए दूसरे कई अन्य ऋण स्त्रोतों से कर्ज लेना उनकी मजबूरी हो जाती है। बढ़ती महंगाई, घटती आय, रोजगार का अभाव और जीवन की जरूरतों के कारण महिलाएं कर्ज लेने के लिए मजबूर हो जाती हैं। कर्ज की किस्त समय पर नही चुकाने की वजह से महिलाएं भारी मानसिक तनाव में रहती हैं और कंपनियों के द्वारा कई तरह से उत्पीड़न झेलने की वजह से आत्महत्या या पलायन की शिकार हो जा रहीं हैं। सरकार और प्रशासन माइक्रोफाइनेंस कंपनियों के उत्पीड़न रोकने में पूरी तरह विफल है। सरकार से हमारी मांग है कि जो भी लोग कर्ज में हैं उन्हें 2 लाख माफ़ किया जाए। ये सवालों को लेकर मार्च निकाला गया। मौक़े पर मार्च में उपस्थित रहें भाकपा माले प्रखंड सचिव कमलेश यादव, उमेन्द्र प्रसाद, विनोद कुशवाहा, गणेश कुशवाहा, वीरेंद्र राम, निरंजन सिंह, निरंजन सिंह, हंसलाल पासवान, अरुण राम, कलावती देवी, आशा देवी, सुभानती देवी अन्य लोगों उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बुधवार को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा जगदीशपुर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाला गया। तिरंगा यात्रा वीर कुँवर सिंह किला मैदान से होकर झंझरिया पोखरा डीएम रोड़ होते हुए वापस मंगरी चौक सदर बाजार दुलौर मोड कोतवाली एवं थाना होते हुए स्वारथ साहू खेल मैदान में समापन हुआ।इस दौरान शहर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। यात्रा के दौरान जगह-जगह देशभक्ति गीतों की धुन पर कार्यकर्ता झूमते दिखाई दिए। तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों ने भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के जय घोष के नारे लगाए एवं लोगों से अपील किया गया कि सभी लोग अपने-अपने घरों पर तिरंगा लगाए। इस दौरान जगह-जगह देशभक्ति के गीतों की धुन पर कार्यकर्ता झूमते दिखाई दिए जिसका नेतृत्व नगर अध्यक्ष सुरेन्द्र साह ने की।बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता महिला नेत्री सुषुमलता ने कहा कि लोगों में राष्ट्रभक्ति और देशभक्ति जगाने के लिए हर वर्ष इस तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाता है। मौक़े पर मौजूद रहे मिथिलेश कुशवाहा, आदित्य कुमार, संध्या सिंह, अरुण सिंह, नागेन्द्र केशरी, मंजी चौधरी, अमर चौबे, विजय चौबे, अर्जुन प्रसाद, कुमार गौतम, राजकुमार पटवा, सुनील कुमार, संतोष केसरी, चंदन सिंह श्रीमंत नरायण सिंह प्रदीप सिंह नंद गोपाल प्रसाद चंद्रभूषण ठाकुर मनी सिंह राठौड़, पिंकू यादव, रंभा देवी, मीना देवी, विनय मिश्रा रमेश सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### नाला निर्माण का निरीक्षण

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मोतिहारी नगर निगम द्वारा शहर के बुनियादी ढांचे के विकास एवं नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के तहत वार्ड संख्या 4 एवं 17 में हो रहे सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का बुधवार को मोतिहारी नगर निगम के माननीय महापौर प्रीति कुमारी के द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निगम पार्षद प्रतिनिधि अंकित गुप्ता एवं नगर निगम पार्षद प्रतिनिधि माजिद आलम भी मौजूद रहे।

# 14 किलोग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि सुरक्षा नियंत्रण कक्ष डीडीयू से प्राप्त रेल मदद के आलोक में गाड़ी संख्या 12875 अप नीलांचल एक्सप्रेस के डिहरी ऑन-सोन स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 02 पर आगमन उपरांत गाड़ी के कोच संख्या- एच-1 पर पहुंचने पर ड्यूटी में तैनात अधिकारी सहायक उपनिरीक्षक जय प्रकाश चतुर्वेदी साथ स्टाफ के द्वारा अटेंड करने पर पाया कि गाड़ी में तैनात रेल थाना सासाराम के मार्गरक्षण दल के सिपाही 598 राज किशोर कुमार, महिला सिपाही 430 गुड्डी कुमारी व महिला सिपाही 735 नीतू कुमारी पहले से वहां मौजूद है जिनके समक्ष उक्त बागी के बर्थ संख्या 10 पर यात्रा करने वाला यात्री से पूछने पर अपना नाम पता सुनील कुमार, माधो प्रसाद मिस्त्री उम्र- लगभग 32 वर्ष पे. माधो प्रसाद विश्वकर्मा साकिन चंदपुर थाना-कोराना, जिला-भदोही (उप्र) वर्तमान पता-1440 नव दुर्गा नगर, विजल कोर ईरी नवसरी सूरत (गुजरात)396450 बताया तथा जब उक्त व्यक्ति से उसके पास के थैलों में रखे सामानों के बारे में पूछा गया तो पहले तो वह सकपकाया, किंतु पुलिसवालों को चेक करने के लिए आगे बढ़ता देख उसने सच्चाई बताते हुए बताया कि उसके थैले में गांजा है जिसे वह टाटानगर से मिर्जापुर ले जाया जाना बताया। तब तक उक्त गाड़ी खुल कर अपने गंतव्य को प्रस्थान कर गयी। घटनास्थल डिहरी ऑन-सोन का होने के कारण विधिक कार्यवाही वास्ते उक्त व्यक्ति को उसके सामानों के साथ गाड़ी में तैनात रेल थाना सासाराम के मार्गरक्षण दल के सहयोग से गाड़ी के अगले ठहराव सासाराम स्टेशन पर उतार कर प्रथम साधन से डिहरी ऑन-सोन लाया गया जहां निरीक्षक प्रभारी राम विलास राम, उप निरीक्षक मनोज कुमार साथ अधिकारी एवं जवान के द्वारा मामला मादक पदार्थ का पाकर मौके पर अंचलाधिकारी अविनाश कुमार (राजपत्रित अधिकारी) को मौके पर बुलाते हुए अटेंड किया गया। उनकी उपस्थिति में विधिक कार्यवाही करते हुए उसके पास के थैलों की तलाशी ली गई तो उसके पास से काले चेकदार रंग के झोले से ब्राऊन रंग के सेलो टेप में लपेटा 5 बंडल व हरे काले रंग के चेकदार थैले से ब्राउन सेलो टेप में लपेटा 2 बंडल, कुल 7 बंडल में कुल वजन-13 किलो 970 ग्राम जिसका अनुमानित कीमत दो लाख अस्सी हजार रुपए का बरामद हुआ। इस संबंध में सभी विधिक कार्यवाही का पालन करते हुए उसके पास से बरामद गांजा को जब्त किया गया एवं उसे अवैध गांजा की तस्करी के अपराध में संलिप्तता से अवगत कराते हुए गिरफ्तार किया गया। मौके की समस्त कागजी कार्यवाही के उपरांत सहायक उप निरीक्षक जय प्रकाश चतुर्वेदी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट-डिहरी ऑन-सोन के द्वारा दिए एक शिकायत पत्र के साथ अग्रिम कार्यवाही हेतु राजकीय रेल थाना डिहरी ऑन-सोन को सुपुर्द किया गया।

## मंडल रेल प्रबंधक ने रेलकर्मियों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल कार्यालय के सभागार में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्ति हेतु शपथ दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा शपथ लिया गया। इसके अलावा बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़कर शपथ लिया। साथ ही अन्य कर्मचारियों द्वारा ऑनलाइन एनएमबीए के पेज पर जाकर ऑनलाइन शपथ भी लिया गया और प्राप्त सर्टिफिकेट को भी प्रेषित किया गया। मंडल कार्यालय पर शपथ के अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार, वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी उज्ज्वल आनंद सहित सभी शाखा अधिकारी और भारी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# आपसी विवाद में ग्रामीण की हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी (रोहतास)।** कैमूर पहाड़ी पर बसे औरइया गांव निवासी 55 वर्षीय राम आशीष सिंह खरवार की हत्या आपसी विवाद में की गई थी। पुलिस ने मामले का उद्भेदन करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि हत्या के मुख्य आरोपी उक्त गांव निवासी स्वर्गीय डॉक्टर यादव के 35 वर्षीय पुत्र वीरेंद्र यादव को छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया है। कड़ी पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया। थानाध्यक्ष के अनुसार आरोपी और मृतक के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। कई वर्ष पहले मृतक के भाई नक्सली नखडू सिंह खरवार ने दिनेश यादव व उनके परिवार के साथ जमीन विवाद में मारपीट की थी। इसी रंजिश में वीरेंद्र यादव ने शराब पीकर कुल्हाड़ी से काटकर राम आशीष की हत्या कर दी। बताया गया कि विगत 7 अगस्त को राम आशीष सिंह खरवार खेत जुताई करने मडपा के जंगल गए थे। इसी दौरान आरोपी ने शराब के नशे में उन पर कुल्हाड़ी से हमला कर उनकी हत्या कर दी। 9 अगस्त को एक चरवाहे ने जंगल में शव होने की सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस ने मृतक के दोनों पैर, दोनों हाथ और सिर जंगल के अलग-अलग स्थानों से बरामद कर पोस्टमार्टम कराया था। इस मामले में मृतक के पुत्र गुरुचरण खरवार ने स्थानीय थाने में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी कराई थी।

# विशेष संविदा सर्वेक्षणकर्मी मांगों को ले काली पट्टी बांधकर करेंगे कार्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नासरीगंज(रोहतास)।** बिहार विशेष सर्वेक्षण संविदा कर्मी एवं अभियंता संघ के बैनर तले प्रखंड के सभी 12 पंचायतों में कार्यरत विशेष सर्वेक्षण कर्मियों ने जिलाउपाध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व में धनाव पंचायत सरकार भवन में अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर काला पट्टी बांधकर आज तीसरे दिन भी शांति पूर्ण कार्य किया। विशेष सर्वेक्षण कर्मी 11 अगस्त से 14 अगस्त तक काला पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण कार्य करेंगे। इस दौरान कर्मियों ने स्पष्ट कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती है, तब तक चरणबद्ध आंदोलन जारी रखेंगे। साथ ही संघ ने चेतावनी दी है कि यदि हमारी मांगे सरकार नहीं मानती है तो हम सभी राजस्व महाअभियान का विरोध करते हुए 16 अगस्त से अनिश्चितकालीन सत्याग्रह धरना पर जाएंगे। संघ के जिलाउपाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि हमारी पांच सूत्री मांगों में विशेष सर्वेक्षण कर्मियों की सेवा नियमित 60 वर्ष किया जाये, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी सर्वेक्षण कानूनगो, उच्च वर्गीय लिपिक के पद पर नियमित नियुक्ति में प्रतिवर्ष कार्य अनुभव के लिए पांच अंक जोड़ा जाये। समतुल्य वरीयता के अनुसार वेतन प्रदान किया जाये, संघ के साथ बने पिछले सहमति के आदेश को निर्गत कया जाये, सभी सर्वेक्षण कर्मियों को इएसआइसी कार्ड उपलब्ध कराया जाये। साथ ही इपीएफओ में सरकार की तरफ से अंशदान प्रदान किया जाये। उनका कहना था कि लंबे समय से सरकार से कई बार अपनी मांगों को लेकर गुहार लगायी गयी है, लेकिन अब तक ठोस पहल नहीं हुई, केवल आश्वासन ही मिला है। यदि हमारी आवाज को अनसुना किया गया तो हम राज्यव्यापी हड़ताल करने से पीछे नहीं हटेंगे। मौके पर नासरीगंज शिविर अध्यक्ष मुकेश कुमार तिवारी, आनंद कुमार मौर्या, सुरेंद्र कुमार, रौशन कुमार, तेज प्रकाश, पप्पू कुमार, बुलेट कुमार, लखीचंद, आसिफ राजा, प्रकाश कुमार, अनिल कुमार, रंजन कुमार, राज कुमार एवं अन्य विशेष सर्वेक्षण कानूनगो सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# न पं सशक्त स्थायी समिति के गठन पर परिवाद दाखिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कोचस।** नगर पंचायत सशक्त समिति के गठन को लेकर इसके खिलाफ राज्य निर्वाचन आयोग में परिवाद दाखिल की गयी है। नपं मुख्य पार्षद शबनम प्रवीन द्वारा पांच अगस्त को सशक्त स्थायी समिति के गठन के लिए नगर पंचायत कोचस के कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र दिया गया था जिसे कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा जिला पदाधिकारी रोहतास को भेजा गया जिसके विरुद्ध कोचस निवासी विजय तिवारी द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग बिहार में परिवाद दायर किया गया कि नगर पंचायत कोचस की मुख्य पार्षद शबनम प्रवीन द्वारा बिहार नगर पालिका अधिनियम 2007 के विरुद्ध मनमानी ढंग से सशक्त स्थायी का गठन किया गया है और बिहार नगर पालिका अधिनियम के विरुद्ध बगैर सशक्त स्थायी के गठन के 31 जुलाई को सामान्य बोर्ड की बैठक कर कई योजनाओं को पास कर क्रियान्वयन कराया जा रहा है। परिवाद में नियम के विरुद्ध बनाए गए कमिटी की जांच कर मुख्य पार्षद के विरूद्ध बिहार नगर पालिका अधिनियम 2007 के अनुसार कार्रवाई करने हेतु अनुरोध किया गया है। परिवाद को संज्ञान में लेते हुए राज्य निर्वाचन आयोग के संयुक्त सचिव द्वारा पत्र जारी करते हुए जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) रोहतास को मुख्य पार्षद शबनम प्रवीन के द्वारा नियम के विरुद्ध बनाये गए सशक्त स्थाई समिति सहित अन्य बिंदुओं को जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश दिया है। इस संबंध में मुख्य पार्षद शबनम प्रवीन का कहना है कि सब कुछ नियमानुसार नगर पालिका

# भारत निर्वाचन आयोग के विशेष प्रेक्षक की अध्यक्षता में हुई बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** भारत निर्वाचन आयोग के विशेष प्रेक्षक नजमुल होदा की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 से संबंधित मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विमर्श हेतु बुधवार को बैठक आयोजित की गई। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता का नाम छुटे नहीं, इसके लिए पंचायत स्तर के बूथों पर कैंप लगाकर बीएलओ/बीएलए आपस में समन्वय स्थापित कर कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करेंगे। विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य प्रदर्शिता पूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा सुझाव व्यक्त किए गए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम शशांक शुभंकर ने अपने संबोधन में कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य पारदर्शी तरीके से किया जा रहा है। कोई मतदाता न छूटे, दावा/ आपत्तियो का आवेदन 1 सितंबर 2025 तक प्राप्त किए जाएंगे। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों ने बताया कि पूरी पारदर्शिता से विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। डीएम द्वारा समय समय पर विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य के संबंध में बैठक कर अवगत करवाया जाता रहा है।इस अवसर पर एसएसपी आनंद कुमार, ज़िला जन सम्पर्क पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# अजय कुमार सिंह को बिहार प्रदेश कार्य समिति सदस्य बनाए जाने पर भाजपा द्वारा स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** झारखंडी मंदिर प्रांगण में सामाजिक संस्था जन कल्याण मोर्चा बिहार के तत्वावधान में केदारनाथ सिंह की अध्यक्षता में अजय कुमार सिंह को बिहार प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा द्वारा दोबारा बनाए जाने पर स्वागत अभिनंदन किया गया। श्री सिंह स्वागत समारोह में कहा कि हमने जीवन का अमूल्य समय वर्ष 1985 से लेकर अब तक भारतीय जनता पार्टी के लिए लगातार पार्टी के कदमों पर चलकर पार्टी हित में सेवा करते रहे। पार्टी के कार्य करते समय उन पर गोलियां भी चलायी गयी फिर भी पार्टी कार्यहित में कभी पीछे मुड़कर नहीं देखे, निरंतर पार्टी सेवा कार्य करते रहे। इतना ही नहीं सामाजिक संस्था जनकल्याण मोर्चा बिहार के तत्वावधान में लगातार 25 वर्षों से निरंतर कंबल वितरण, गरीब बच्चों के बीच कलम कापी वितरण, बिजली समस्या, जनता हित में किसी भी प्रकार का काम लगातार करते रहे। आयोजक के रूप में आयुष श्रीवास्तव द्वारा भारतीय जनता पार्टी में प्रमुख रूप से भागीदारी एवं जनकल्याण मोर्चा बैनर तले सामाजिक कार्य उत्कृष्ट तरीके से लगातार करते आ रहे हैं। यह बहुत बड़ी बात है कि झारखंडी मंदिर परिसर में रहते हुए अपना भरण पोषण कर सामाजिक कार्य में भी समर्थन करते रहते हैं। मंदिर प्रांगण में आने वाले अतिथियों, बरातियों का स्वागत निःस्वार्थ भाव से करते रहते हैं जो अद्भुत है जिन्होंने आज मंच के माध्यम से मांग किया कि यहां पर मंदिर में शादी करने के उद्देश्य से आए लोगों का निःशुल्क रहने की व्यवस्था एवं खाने की उचित व्यवस्था के साथ-साथ झारखंडी मंदिर परिसर में हुए विवाह का पंजीकरण करने की व्यवस्था की मांग की गयी। मंच से बुद्धिजीवी चेतना मंच के संस्थापक सचिव केदारनाथ सिंह ने कहा कि यहां ईमानदार कर्मठ प्रत्याशी अजय कुमार सिंह को डिहरी विधानसभा से भाजपा अपना प्रत्याशी घोषित करें। इस पहल का जोरदार तरीके से उपस्थित भारी संख्या में लोगों ने समर्थन किया। मौके पर यश होटल मालिक वीरेंद्र सिंह, राजा सिन्हा उर्फ बबलू, संतोष लाल, रेखा देवी, डिंपल देवी, कमलेश्वर प्रसाद, सुनील उपाध्याय, विनोद सिंह, जन कल्याण मोर्चा उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, मोहम्मद नियाज, नीतीश कुमार, राकेश कुमार, सुमित कुमार, कमल किशोर, अरुण कुमार, प्रिंस राज इत्यादि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञों ने किया अनुभव और शोध पर आधारित व्याख्यान प्रस्तुत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** भारतीय चर्म एवं गुप्त रोग संघ के बिहार शाखा के तत्वावधान में नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल जमुहार की मेंजबानी में एक दिवसीय सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न चिकित्सा शिक्षा संस्थानों के चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञों द्वारा अपने अनुभव और शोध पर आधारित व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही स्नातकोत्तर छात्रों के बीच प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया तथा छात्रों को पुरस्कृत किया गया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए संस्थान के कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने संघ को विश्वविद्यालय के देव मंगल सभागार में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए साधुवाद दिया एवं आह्वान किया कि आप यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित करें। विश्वविद्यालय परिवार यहां हर प्रकार की व्यवस्था में सहयोग करने के लिए सदैव तत्पर रहेगा। इस अवसर पर संस्थान के कुलपति डॉक्टर महेंद्र कुमार सिंह भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजन अध्यक्ष डॉ पुनीत कुमार सिंह ने सभी आगत सदस्यों का स्वागत किया तथा उन्हें अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर श्वेता लीना प्रधान मोडरेटर रही जबकि डॉ सुदीप दास, डॉक्टर तूलिका राय, डॉक्टर पीयूष कुमार, डॉक्टर नीलमणि प्रियदर्शी, डॉक्टर रश्मि सिंह एवं डॉ रशीद शाहिद, डॉ अभिषेक कुमार झा, डॉक्टर पुंकेश कुमार, डॉक्टर आर डी मुखिजा, डॉ आर आर के राहुल, डॉक्टर राम अवतार सिंह, डॉक्टर मृत्युंजय कुमार, डॉ विनोद कुमार सिन्हा, डॉक्टर राजीव ठाकुर, डॉ निलय कांति दास, डॉक्टर पुनीत कुमार सिंह, डॉक्टर जीवन ज्योति मिश्रा, डॉक्टर महबूब आलम, डा मुबारक हुसैन डॉक्टर देबू प्रिया पॉल, डॉ अनुपम दास, डॉक्टर श्वेता लीना प्रधान, डॉक्टर ग्रेन मैथ्यूज आदि ने हिस्सा लिया।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई—निविदा सूचना**

**No. MC-26-RSP-Bulk-25-26-VSS Date: 11.08.2025**

व० मं० यॉ० अभि० (समाडि)/ पू०म०रे०/ डी०डी०यू०, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी, सक्षम तथा इच्छुक ऐजेंसी/ठीकेदार से खुली ई—निविदा सं०— MC-26-RSP-Bulk-25-26-VSS, दिनांक : 11.08.2025 के लिए आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्न है: **(1) कार्य का विवरण** : आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार डीडीयू डिवीजन के कोचों में आईपी आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली (वीएसएस) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/106/ 2025, संस्करण 3.1 या नवीनतम। **(2) कार्य का अनुमानित मूल्य** : रू. 4,20,00,000/— रुपया चार करोड़ बीस लाख मात्र। **(3) धरोहर राशि** : रू. 3,60,000/— रूपया तीन लाख साठ हजार मात्र। **(4) निविदा फार्म जमा करने तथा निविदा खुलने का समय एवं तिथि** : ई—निविदा दिनांक 19.08.2025 से 02.09.2025 तक समय 15.00 बजे तक। **(5) वेबसाईट एवं सूचना बोर्ड जिस पर यह सूचना उपलब्ध रहेगी तथा निविदा फार्म खरीदने का पता** : IREPS Website:-www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगी इसके अतिरिक्त Manual offer स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। नोटः विस्तृत जानकारी हेतु कृपया निविदा फार्म देखें।

**मं० यॉ० अभि०(को० एवं पर्या०),डी.डी.यू.**

पीआर/0751/डीडीयू/एमईसीएच/टी/25-26/40


# हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के एनएसएस और एनसीसी इकाई द्वारा आयोजित हर घर तिरंगा अभियान में जीएनएसयू के एनएसएस स्वयंसेवकों और एनसीसी कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अभियान में एक रैली का आयोजन किया गया जो देव मंगल सभागार जमुहार से करवंदिया गांव तक गई। इस रैली में लोगों को राष्ट्रध्वज वितरित किए गए और भारत माता के प्रति सम्मान के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस समन्वयक जीएनएसयू वेदांत कुमार प्रजापति, एनसीसी समन्वयक डॉ. मयंक कुमार और समस्त विभाग के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी और समन्वयक उपस्थित रहे।

# संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज का पदार्पण 16 को कटार, डिहरी आश्रम में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** विहंगम योग सन्त समाज के 102वें वार्षिकोत्सव (समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव) के निमित्त राष्ट्रव्यापी 'स्वर्वेद संदेश यात्रा' कश्मीर से कन्याकुमारी तक के लिए 29 जून से अनवरत गतिमान यह यात्रा कश्मीर, लद्दाख, जम्मू, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चण्डीगढ़, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र नई दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश से होकर सुपूज्य सन्त प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज का पावन पदार्पण आगामी 16 अगस्त को महर्षि सदाफल देव आश्रम, कटार, डिहरी ऑन-सोन के प्रांगण में होगा। ज्ञात हो कि विहंगम योग सन्त समाज के इस वर्ष 102वें वार्षिकोत्सव को 'समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव' के रुप में आगामी 25 एवं 26 नवम्बर 2025 (मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी, षष्ठी) को स्वर्वेद महामंदिर धाम, उमरहां, वाराणसी में बहुत ही भव्यता एवं दिव्यता के साथ मनाया जाएगा। इसी पावन दिवस पर विहंगम योग के प्रणेता अनन्त श्री सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज ने लक्षाहुति-यज्ञ के बाद 1924 ई. (मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी विक्रम संवत 1981) में मानव मात्र के कल्याणार्थ बलिया (उत्तर प्रदेश) के पकड़ी ग्राम स्थित वृत्तिकूट आश्रम में ब्रह्मविद्या विहंगम योग के प्रचार के निमित्त संत-समाज की स्थापना की थी। इस वार्षिकोत्सव समारोह में भारत के कोने-कोने और विश्व के कई देशों से लाखों जिज्ञासुवृन्द स्वर्वेद कथामृत (दिव्यवाणी), अमृतवाणी, वैदिक हवन-यज्ञ एवं सद्गुरु-दर्शन का दुर्लभ सौभाग्य प्राप्त करने आते हैं और इस विशाल संत-समागम में अपने जीवन में एक नई प्रेरणा पाते हैं। इस पावन अवसर पर विशालतम 25000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ का वृहद आयोजन भी होगा। 25000 हवन कुंड के इस हवन-यज्ञ में आहुति देने देश-विदेश से लाखों की संख्या में सेवाभावी भक्त शिष्य श्रद्धालु पधारेंगे। यह परम सौभाग्य है कि उक्त आयोजन एवं संपूर्ण विश्व की सुख शांति और समृद्धि के निमित्त राष्ट्रव्यापी स्वर्वेद संदेश यात्रा की कड़ी में सन्त प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज का पावन पदार्पण आगामी 16 अगस्त को 11 बजे दिन में डिहरी अनुमण्डल में सद्गुरु सदाफल देव आश्रम कटार के प्रांगण में होने जा रहा है। इस अवसर पर डिहरी अनुमण्डल के हजारों भक्त शिष्य-शिष्या एवं श्रद्धालुगण को सन्त प्रवर विज्ञान देव जी महाराज की दिव्यवाणी, दर्शन सान्निध्य एवं महाप्रसाद प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। सेवा, सत्संग एवं साधना की इस त्रिवेणी में सभी भक्त शिष्य एवं अध्यात्म जिज्ञासु सपरिवार उपस्थित होकर अपने जीवन के सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर हो, यही मंगल प्रार्थना है।

## वज्रपात से सेवानिवृत होमगार्ड की मौत

**वजीरगंज(गयाजी)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कनौदी गांव के बधार में बुधवार की दोपहर अचानक वज्रपात की चपेट में आने से 60 वर्षीय रामचन्द्र यादव की मौत हो गई। मुखिया राजीव रंजन व सरपंच महेश कुमार सुमन ने बताया कि वे बधार में मवेशी चरा रहे थे।

# डीएफओ ने मौसम सामान्य होने तक पहाड़ व जंगलों में लोगों को जाने से किया मना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**तिलौथू (रोहतास)।** लगातार हो रही बारिश के कारण पहाड़ी नदियां व वाटरफॉल ने रौद्र रुप ले लिया है जिससे सैलानियों को पहाड़ या तुतला भवानी मंदिर परिसर में जाने से वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सामान्य स्थिति होने तक रोक लगा दी है। मां तुतला भवानी इको पर्यटन स्थल में सैलानियों के प्रवेश पर फिलहाल वन विभाग द्वारा पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि दो दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण पहाड़ी नदियां काफी उफान पर है जिसे लेकर सभी कैमूर पहाड़ी पर स्थित पर्यटन स्थलों पर वाटरफॉल काफी रौद्र रूप ले लिया है। वहीं पहाड़ी नदियों के उफान पर होने के कारण सुरक्षा की दृष्टिकोण से फिलहाल लोगों को पहाड़ व जंगलों में जाने से मना किया गया है। ताकि किसी तरह से लोगों के जान माल की क्षति न हो। पर्यटन स्थलों में मां तुतला भवानी धाम का भी वॉटरफॉल काफी रौद्र रूप में है जिसे लेकर मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगाई गई है तथा मौसम की स्थिति सामान्य होने तक झूला पुल को पूर्णतया बंद कर दिया गया है। डीएफओ ने यह भी कहा कि मौसम की स्थिति सामान्य होने पर पुनः मंदिर परिसर में जाने की अनुमति दी जाएगी। इस बार क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते कई बार वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा इस तरह के आदेश निर्गत सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किया गया है।


**जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू**

पलामू समाहरणालय, मेदिनीनगर— 822101 दूरभाष सं0—06562—222621

ई—मेलः—Palamau.MDM@gmail .com

**—: आवश्यक सूचना :—**

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या 13/2023 के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय में स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य कक्षा 06—08 के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा सफल घोषित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की जिला स्तरीय काउंसिलिंग हेतु सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रांची के ज्ञापांक 1490 दिनांक 30.07.2025, ज्ञापांक 1504 दिनांक 31.07.2025 एवं निदेशक (प्रा0शि0) के पत्रांक 1201 दिनांक 11.08.2025 के आलोक में कक्षा 06 से 08 (भाषा) संबंधित कुल 97 अनुशंसित अभ्यर्थियों का सूची प्राप्त हुआ है जिनका काउंसिलिंग दिनांक 19.08.2025 को पूर्वाह्न 09:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक जिला स्कूल मेदिनीनगर के सभागार में आयोजित की जायेगी।

उक्त विभागीय निदेशानुसार स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य कक्षा 06 से 08 (भाषा) के पद पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों की सूची (नाम एवं अनुशंसा) को अधिकारिक वेबसाइट **www.palamu.nic.in** पर दिनांक 13.08.2025 को अपलोड किया गया है, संबंधित अभ्यर्थियों के संबंध में कॉउसिलिंग का स्थान जिला स्कूल मेदिनीनगर के सभागार में निर्धारित की जाती है। काउंसिलिंग हेतु सभी जानकारी/शर्तें जिले के अधिकारिक वेबसाईट **www.palamu.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है। किसी तरह की सूचना हेतु हेल्प डेस्क नम्बर **8709355153** (राम लखन सिंह, लिपिक, कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू) एवं **8102713045** (बलराम कुमार, लिपिक, कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू) पर सर्म्पक स्थापित कर जानकारी ली जा सकती है।

**जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू।**

PR 359475 District(25-26)D



**CHOUDHARY CHARAN SINGH EVENING COLLEGE**

**Bhagirtha-Narwar, Kochas (Rohtas), Pin: 821112**

(वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा एवं राज्य सरकार से स्थायी मान्यता प्राप्त)

वर्ग संचालन : 10 बजे से 4 बजे दिन में

**आवश्यकता**

शासी निकाय के निर्णयानुसार कॉलेज में रिक्त पदों (कला संकाय में) पर बहाली की जानी है।

**शिक्षक-** इतिहास -02, राजनीतिशास्त्र-01, समाजशास्त्र-02, प्राचीन इतिहास-02, भूगोल-01, हिन्दी-01, अंग्रेजी-01, गृहविज्ञान-01, उर्दू-01, मनोविज्ञान - 01, लोक प्रशासन - 02

**तृतीय वर्गीय कर्मचारी-**लेखापाल-01, लेखा सहायक-01, कार्यालय सहायक-08, दिनचर्या लिपिक-02 पत्राचार्या लिपिक- 01, प्रयोगशाला प्रभारी-02, भंडारपाल-03, पुस्तकालय सहायक-01, कम्प्यूटर-03, P.T.I-01, शार्टर-01, योग्यता- B.A Hons, B.Com

**चतुर्थ कर्मचारी-**लैब ब्वॉय 02, बिजली मिस्त्री-02, दरवान 02, माली-02, दाई-01, स्वीपर-01, आदेशपाल-05, योग्यता I.A, मैट्रिक

**आवेदन जमा करने का समय-**दिनांक 17.08.2025 से 29.08.2025 तक कार्यालय में। नियुक्ति में आरक्षणों के नियमों का पालन किया जाएगा। शिक्षकों के लिए कम से कम 55 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है।

**नोट-** नियुक्ति साक्षात्कार के आधार पर की जाएगी। कॉलेज के आंतरिक स्त्रोत से शासी निकाय के निर्णयानुसार वेतनमान दी जाएगी।

**सचिव**

**नथुनी प्रसाद सिंह**

**शासी निकाय**

**मो0- 7739431903**

# 'राजस्व विभाग आपके द्वार' प्रचार वाहन को किया गया रवाना

## लोगों को कार्यालयों का चक्कर लगाने से मिलेगी मुक्ति



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में राजस्व विभाग आपके द्वार विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिलाधिकारी, औरंगाबाद श्रीकांत शास्त्री द्वारा अभियान के प्रचार-प्रसार हेतु ई-रिक्शा पर स्थापित ध्वनि विस्तारक यंत्र युक्त प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर प्रस्थान कराया गया। यह प्रचार वाहन जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर आम जनता को अभियान की जानकारी प्रदान करेगा। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले के नागरिकों को उनके द्वार पर ही भूमि संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु सुविधा उपलब्ध कराना है। अभियान के अंतर्गत 16 अगस्त से 20 सितम्बर, 2025 तक राजस्व विभाग की नामित टीम घर-घर जाकर भूमि संबंधी समस्याओं जैसे ऽऑनलाइन जमाबंदी में सुधार, छुटी हुई जमाबंदी को ऑनलाइन, उत्तराधिकारी नामांतरण एवं बटवारा नामांतरण संबंधित आवेदन प्राप्त करेगी। इसके अतिरिक्त, जिले के प्रत्येक पंचायत के पंचायत सरकार भवन में निर्धारित तिथियों को विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहाँ पर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अधिकारी/कर्मी उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों का त्वरित एवं प्राथमिक स्तर पर निस्तारण करेंगे। इस प्रक्रिया से ग्रामीण जनता को जिला मुख्यालय या अंचल कार्यालय का बार-बार चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी तथा समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से समस्याओं का समाधान संभव होगा। जिला प्रशासन ने इस अभियान के सफल संचालन हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों एवं संबंधित राजस्व कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। प्रचार-प्रसार के लिए ई-रिक्शा, माइकिंग, पंपलेट वितरण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने की व्यवस्था की गई है। मौके पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, प्रभारी पदाधिकारी, जिला राजस्व शाखा बेवी प्रिया आदि उपस्थित रहे।

## होटल मैनेजर की संदिग्ध हालत में मौत

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रूपसपुर थाना क्षेत्र के आरपीएस मोड़ के समीप पेट्रोल पंप स्थित एक रेस्टोरेंट के मैनेजर का संदिग्ध हालत में मौत होने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान पालीगंज के मौरी गांव निवासी उदय शंकर के 36 वर्षीय पुत्र अभिषेक शर्मा के रूप में हुई है. मृतक के चाचा रवि शंकर ने बताया कि पिछले करीब एक साल से रेस्टोरेंट में मैनेजर के पद पर काम करता था। उन्होंने बताया कि मंगलवार को रेस्टोरेंट के कर्मी ने फोन कर घटना की सूचना दी. सूचना पर पहुंचे तो कर्मियों ने बताया कि मंगलवार की देर रात करीब 3 बजे रेस्टोरेंट के तीसरे मंजिल के छत पर अभिषेक गिरे पडे हुए थे। रेस्टोरेंट के नीचे एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले गये तो चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना रेस्टोरेंट के मालिक को दी। उन्होंने बताया कि पीएमसीएच ले गये जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष रणविजय कुमार ने बताया कि इस तरह की कोई सूचना नही मिली है।

## एक नजर

### पिता-पुत्र को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लहसुना थाना क्षेत्र के निशियावां गांव से दो वारंटी जो न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आधार पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया है। जिसमें अर्जुन कुमार पिता कुलदीप प्रसाद एवं कुलदीप प्रसाद पिता राम महतो निशियावां गांव से गिरफ्तार की गई है। दरअसल यह दोनों पिता पुत्र हैं और एक पुराने मामले जिसमें एक महिला के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास, मारपीट और धमकी देने के सुसंगत धाराओं में यह मामला चल रहा था। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी द्वारा निर्गत वारंट के आधार पर लहसुना पुलिस ने दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### धनरूआ के नए थानाध्यक्ष बने आलोक

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ के नये थानाध्यक्ष के रूप में आलोक कुमार ने पदभार ग्रहण किया है। इससे पहले निवर्तमान थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार को सीनियर एसपी कार्तिकेय शर्मा ने कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से हटा दिया था, उसके बाद बुधवार को नया थानाध्यक्ष के रूप में पटना के चित्रगुप्तनगर से धनरूआ थाना का कमान संभाले हैं। दरअसल बताया जाता है कि जियाउद्दीन कांड में मृतक के परिजनों ने थानाध्यक्ष शुभेंदु पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था। जिसको लेकर सीनियर एसपी ने इस पर कडा एक्शन लेते हुए थानाध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से हटा दिया था। उसके बाद अब उसे जगह पर नए पदाधिकारी को थाने की कमान दी गई है।

### खेल प्रतियोगिता में पुनपुन ने जीता मेडल

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शाहपुर पुलिस ने बीते रात दियारा क हाबसपुर से एक लोडेड पिस्तौल के साथ माया नंद राय को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार माया नंद राय पूर्व में हत्या और शराब तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना पर हाबसपुर में छापेमारी कर मायानंद राय को गिरफ्तार किया गया है. उसके पास से एक लोडेड पिस्तौल बरामद किया गया है और हाबसपुर का निवासी है. गिरफ्तार मायानंद से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मसौढी जिला स्तरीय खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के लम्बी कूद अंडर 16 में सुनीता कुमारी उच्च माध्यमिक विद्यालय पैमार स्वर्ण पदक एवं साइकिलिंग अंडर 16 में शबा प्रवीण उच्च माध्यमिक विद्यालय पुनपुन कांस्य पदक जीतकर पुनपुन का मान बढ़ाया है।आगामी होनेवाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बिहार की तरफ से मेजबानी करेंगे।इस सम्बन्ध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार मण्डल द्वारा स्वर्ण पदक एवं काँस्य पदक जितने वाले दोनों छात्राओं को बधाई और शुभकामनायें दी गई है, उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में प्रसन्नता व्यक्त करते कहा है कि दोनों छात्राओं ने जो शानदार उपलब्धि हासिल की है, उस पर हमें काफी गर्व है। उनकी कड़ी मेहनत और लगनशील इच्छाशक्ति ने यह सफलता दिलाई है, साथ ही उन्होंने अपनी शुभकामना संदेश व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामनायें की है तथा आशा व्यक्त की हैं कि वे आगे भी इसी तरह से सफलता की ऊँचाइयों को छूते रहेंगे।

### जेपी सेनानियों ने मुख्यमंत्री को दी बधाई

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बुधवार को नीतीश कैबिनेट ने बहुत बड़ा निर्णय लेते हुए राज्य के जेपी सेनानियों का पेंशन दोगुना कर दिया है। इस सम्मान के लिए औरंगाबाद के जेपी सेनानियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी है। बधाई देने वालों में प्रो ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह उर्फ ज्ञान जी, अरुण कुमार सिंह, अजय कुमार श्रीवास्तव, अरविंद पांडेय तथा कृष्ण प्रसाद शामिल हैं। यह फैसला 1974 के जयप्रकाश नारायण आंदोलन में भाग लेने वाले सेनानियों के सम्मान और कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### भाजपा नेता ने बच्चों के बीच बांटी खाद्य सामग्री

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रवि भूषण उर्फ बेला यादव ने बलदेव स्कूल में बाढ राहत शिविर में शरण लिये हुए बच्चों के बीच बिस्कूट बांटे. श्री यादव ने बताया कि दियारा में बाढ से प्रभावित लोगों ने बाढ राहत शिविर में पूरे परिवारों के साथ शरण लिये हुए है. उन्होने बताया कि सरकार व आपदा प्रबंधन द्वारा शिविर में बाढ पीडितों को भोजन और पशुओं का चारा दिया जा रहा है. उन्होंने बाढ पीडितों से कहा कि हरसंभव सहयोग किया जायेगा. मौके पर अविनाश समेत आदि कार्यकर्ता मौजूद थे. वही लोजपा पटना जिलाध्यक्ष चंदन यादव ने बलदेव स्कूल बाढ राहत शिविर में बाढ पीडितों से मुलकात कर जायजा लिया. उन्होंने बताया कि दियारा के छह पंचायतों बाढ से प्रभावित है. उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा बाढ पीडितों को शिविर में भोजन व पशुओं को चारा मुहैया कराया जा रहा है।

### दियारावासियों के लिए क्यूपीओएम शुरू

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ में अब दियारावासियों वाहनों के साथ सुरक्षित गंगा नदी में आवागमन के लिए आधुनिक तकनीक वाली पीपा पुल से जुड़ा विशेष जहाज का परिचालन शुरू किया गया है. बुधवार को नासरीगंज फक्कर महतो घाट से एसडीओ दिव्या शक्ति ने मेन पानटून (क्यूपीओएम) गंगा वन स्टीमर जहाज सेवा का शुभारंभ किया है. एसडीओ ने बताया कि गंगा नदी में बढते हुए जलस्तर में सुरक्षित आवागमन कर सकेंगे। इसको लेकर बिहार राज्य पुल निर्माण निगम , भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण व जिला प्रशासन सहयोग से दियारा वासियों के लिए नासरीगंज से पानापुर घाट तक इस जहाज से जलयान सेवा निःशुल्क शुरू किया गया है. जिससे दियारा वासियों सुरक्षित गंगा नदी का आवागमन करेंगे. उन्होंने बताया कि गंगा के उफान व तेज धारा में नाव से गंगा पार करने में भारी परेशानियों को देखते हुए जहाज का परिचालन किया गया है. सुबह 6 से 10 बजे तक और 1 से 5 बजे तक परिचालन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि लोगों का मांगा पर परिचालन में परिवर्तन किया जायेगा. उन्होंने बताया कि नाव परिचालन पर रोक नही लगाया गया है. उन्होंने बताया कि इस जहाज पर करीब दो सौ लोगों और करीब 25 बाइक व साइकिल सवार कर आवागमन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पुलिस के साथ लाइफ जैकेट उपलब्ध कराया गया है।

## 90 हजार के 4.61 किलोग्राम गांजा के साथ सप्लायर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** विशेष समकालीन अभियान के तहत पुनपुन थाना क्षेत्र के डुमरी गांव से 4.61 किलो गाँजा मादक पदार्थ बरामद किया गया है। जिसकी कीमत बाजार में 90 हजार की है। दरअसल 15 हजार किलो गांजा बाजार में बिकती है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम डुमरी से एक व्यक्ति जिसका नाम शंकर साह पिता स्वर्गीय अशोक साहू के घर से बोरे मे गांजा बरामद की गई है। शंकर साहू को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। डुमरी में एक गुमटी दुकान चलाता है उसी में वह गंजा ला कर गंजा की बिक्री करता है। पिछले 1 साल से यह गांजा की बिक्री कर रहा था, गांजा कहां से लाता है इसे किसे सप्लाई करता है इन सारे बिंदुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है। गांजा सप्लायर की गिरफ्तारी से गांजा माफियाओं हड़कंप मची हुई हैं। दरअसल सूत्रों के मुताबिक पुनपुन बाजार समेत कई जगहों पर छोटे-बड़े गुमटी दुकानों में गांजा की बिक्री हो रही है जो पुड़िया बनाकर गांजा बेचा जाता है।

## प्रथम सिनेट चुनाव 2025 शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न

### अंगीभूत महाविद्यालयों में 95.59 और संबद्ध महाविद्यालयों में 89.61 फीसदी मतदान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुंगेर।** विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने प्रथम सीनेट चुनाव 2025 के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होने पर कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार के प्रति आभार और उन्हें बधाई दी। मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव सह चुनाव पदाधिकारी डॉ. घनश्याम राय ने बताया कि बुधवार को सीनेट चुनाव 2025 के दूसरे दिन कोशी महाविद्यालय, खगड़िया एवं केएमडी महाविद्यालय, परबत्ता का दौरा कर चुनाव कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि कोशी महाविद्यालय में अन्य विषयों में स्नातकोत्तर की पढ़ाई शुरू करने की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे आंदोलनकारी छात्रों से मुलाकात की। कुलसचिव ने आंदोलनकारी छात्रों को बताया कि माननीय कुलपति महोदय ने गुरुवार को चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए विश्वविद्यालय मुख्यालय आमंत्रित किया है। आंदोलनकारी छात्रों ने कहा कि विश्वविद्यालय पहले स्नातकोत्तर की पढ़ाई शुरू करने के लिए पत्र जारी करे। कुलसचिव ने कहा कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्य किया जाएगा लेकिन आंदोलनकारी छात्र आंदोलन पर अड़े रहे। छात्रों ने कुलसचिव को एक ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि वे कुलपति को अद्यतन स्थिति से अवगत कराएँगे। कुलसचिव ने कोशी महाविद्यालय का दौरा किया और वस्तुस्थिति से अवगत हुए। वहाँ से कुलसचिव केएमडी महाविद्यालय, परबत्ता गए। केएमडी महाविद्यालय की स्थिति अत्यंत जर्जर है। प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि 19 विषयों की पढ़ाई की स्वीकृति मिल गई है। कुलसचिव ने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मिलकर कुछ भवन, सड़क आदि का निर्माण तत्काल कराया जा सकता है। कुलसचिव सह निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि अंगीभूत महाविद्यालयों में कुल मतदाता 227 थे, मतदान 217 यानि 95.59% और संबद्ध महाविद्यालयों में कुल मतदाता 289 थे, मतदान 259 यानि 89.61% हुआ।

## 20 सूत्री की बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं में लापरवाही पर नाराजगी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** प्रखण्ड कार्यालय के मनरेगा हॉल में मंगलवार को प्रखण्ड 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने की जबकि संचालन उपाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार ने किया। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस पर बीस सूत्री सदस्यों ने दाखिल-खारिज, परिमार्जन और ऑनलाइन रसीद काटने में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंचलाधिकारी को कड़ी फटकार लगाई। वहीं श्रम परिवर्तन पदाधिकारी पर लेबर कार्ड बनाने और कन्या विवाह योजना की तहत दी जानी वाली राशि में दलालों के माध्यम से कार्य को कराए जाने यथा उसके नाम पर हो रही भरी वसूली पर सदस्यों ने तीखी निंदा करते हुए कहा जल्द से जल्द दलालों पर लगाम लगाए। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार, सीओ श्वेता कुमारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, नगर पंचायत, आपूर्ति, पशुपालन, कृषि और पीएचडी विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी योजनाओं का संचालन पारदर्शिता और सुचारू रूप से किया जाए। जो विभागीय अधिकारी बैठक में अनुपस्थित रहे, उनके खिलाफ भी नाराजगी जताई गई। इस अवसर पर सदस्य उत्तम कुमार, संदीप गुप्ता, जितेंद्र कुमार राम, सोनी कुशवाहा, राजीव रंजन, नारायण कुमार, अरुण कुमार समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

## टैरिफ के खिलाफ भाकपा किसान सभा ने ट्रंप का फूंका पुतला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोटवा ( पूर्वी चंपारण)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा कृषि उत्पादों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के खिलाफ भारतीय कम्युनिश पार्टी किसान सभा ने बुधवार को ट्रंप की शव यात्रा निकला और पुतला दहन किया। ट्रंप की शव यात्रा कोटवा चौक से शुरू हुआ और प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वारा पर पुतला धन के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ता ट्रंप मुर्दाबाद के नारे लगा रहे थे। पार्टी नेता रामायण सिंह ने बताया कि अमेरिका भारत के बाजार में

### जताया आक्रोश

अपने कृषि उत्पाद बेचने के लिए भारत सरकार पर दबाव बनाने के लिए 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रहा है। पार्टी देश भर में ट्रंप के खिलाफ प्रदर्शन कर उसका पुतला दहन के रही है। ट्रंप की मंशा देश के के किसानों को विवाद करना है। भारत सरकार से अनुरोध करते हैं कि सरकार ट्रंप के खिलाफ सख्त नीति अख्तियार करे। मौके पर पार्टी के कोटवा इकाई के अध्यक्ष भारत राय, रामजीवन मेहता, बाबूलाल राय, बच्चा साह आदि मौजूद थे।

## तिरंगा रैली का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में तिरंगा रैली के साथ गूँजा देशभक्ति का स्वर। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 'हर घर तिरंगा' अभियान में विद्यार्थियों की उत्साही भागीदारी, माननीय कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव एवं मुख्य प्रॉक्टर प्रो. प्रसून दत्त सिंह की प्रेरणादायी उपस्थिति संस्कृति मंत्रालय एवं शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 13 से 15 अगस्त 2025 तक पूरे देश में आयोजित किए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिहार के छात्र-छात्राएं सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। इसी क्रम में आज विश्वविद्यालय परिसर में एक भव्य तिरंगा रैली का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव एवं मुख्य प्रॉक्टर प्रो. प्रसून दत्त सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रो. शिरीष मिश्रा, प्रो. रंजीत चौधरी, विभिन्न संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण तथा विभिन्न विभागों के विद्यार्थी देशभक्ति के उत्साह के साथ रैली में शामिल हुए।

## राजेंद्र पासवान का अब तक नहीं मिला सुराग

### एसएसपी के निर्देश पर कई थानों की टीम गठित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के जियोद्दीचक गांव से अगवा हुए राजेंद्र पासवान की अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। बिते 48 घंटा होने को है, पुलिस ताबड़तोड़ कई जगहों पर छापेमारी कर रही है, टेक्निकल की पूरी एक्सपर्ट टीम इस सर्च अभियान में लगी है। इसके अलावा कई थानों की पुलिस भी इसके पीछे पूरे अनुसंधान के लिए टीम वर्क कर रही है। बावजूद घटना के 48 घंटे से ऊपर होने को है राजेंद्र पासवान का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। ना ही उसका अभी तक कहीं शव की बरामद की हुई है और ना ही उनकी जिंदा की सूचना मिल पा रही है। एक तरफ जहां पूरे गांव में दहशत का माहौल है, सन्नाटा पसरा हुआ है। वहीं परिजनों में भी कोहराम मचा हुआ है। हर तरफ गांव की हर गलियां सुनसान दिख रही है। परिजनों के आंखों में अभी भी उम्मीद है कि पुलिस किसी तरह से हमारी परिजन को खोज कर देंगें। पुलिस की पूरी टीम लगातार छापेमारी कर रही है। दरअसल बता दे के घटना की शुरुआत धर्मवीर हत्याकांड के अभियुक्त राहुल कुमार को गोली मार का जख्मी कर देने के प्रतिशोध में हुई जहाँ उसी रात में राजेंद्र पासवान और उसके बेटे दीपक पासवान को हथियार के बल पर घर से अगवा कर लिया था और उसके अल्हे सुबह रामनगर गांव के दरधा नदी में शव की बरामद की हुई थी। शव का हाथ पैर बंधा हुआ था, ऐसे में परिजनों ने गांव के 8 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस पूरे बिंदु पर गहन छानबीन में जुटी है। फिलहाल अभी तक राजेंद्र पासवान का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है। सीनियर एसपी कार्तिकेश शर्मा के निर्देश पर कई थानों के थानेदार की टीम गठित की गई है, तकनीकी अनुसंधान की पूरी टीम इस घटना का इन्वेस्टिगेशन चल रहा है।

## मसौढ़ी अनुमंडल के 68 महादलित टोलों में स्वतंत्रता दिवस पर होगा झंडोत्तोलन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इस बार मसौढी अनुमंडल के तिनो प्रखंड मे कुल प्रखंड 68 महादलित टोला व बस्तियों में विशेष रूप से झंडोत्तोलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जो गांव के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति के द्वारा झंडातोलन किया जाएगा। प्रशासन की ओर से इन कार्यक्रमों की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला प्रशासन ने इन टोलों में राष्ट्रध्वज फहराने के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी देने का निर्देश जारी किया है। अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया की विभिन्न पंचायतों मे महादलित टोलों में झंडोत्तोलन किया जाएगा, सभी महादलित टोलों में सबसे बुजुर्ग व्यक्ति द्वारा झंडोत्तोलन कराया जाता है. इससे समाज के कमजोर तबकों के बीच में जो हाशिये पर हैं, उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सरकार ने अनेक कार्यक्रम आयोजित किया है. इससे आत्मविश्वास का भाव पैदा होता है। समाज में कुरीतियों से छुटकारा पाना है। बहरहाल मसौढी प्रखंड में 17 पंचायत धनरूआ प्रखंड के 20 पंचायत और पुनपुन प्रखंड के 13 पंचायत में के महादलित टोला में झंडातोलन किया जाएगा। मसौढी शहर में 18 जगहों पर महादलित बस्ती में झंडातोलन किया जाना है। इस पूरे कार्य में विकास मित्र, टोला सेवक एवं शिक्षक को लगाया गया है।

### दरधा नदी में मस्ती के नाम पर मौत को दावत

**मसौढ़ी।** धनरूआ में दरधा नदी मे जलस्तर बढा हुआ है. बाढ़ के पानी से नदियां लबालब भरी हैं. ऐसे में नदी में डूबने से बच्चों की मौत की खबर भी लगातार आ रही है। इसके बावजूद गांव में युवक देसी स्टंट करने से बाज नहीं आ रहे हैं. बच्चें धनरूआ थाना क्षेत्र के कोल्हाचक के पास दरधा नदी में देसी स्टंट करते हुए नजर आ रहे है. दरधा नदी में पुलिया से छलांग लगाकर नहाते हुए बच्चों को रोकने वाला कोई नहीं है और ना ही कोई अभिभावक इन बच्चों की सुरक्षा को लेकर पहल कर रहा है।नहाने के दौरान स्टंट करना इन बच्चो के लिए खतरनाक साबित हो सकता है. धनरूआ के कोलाहचक पुल से बच्चे लंबी छलांग लगा रहे हैं और कई तरह के स्टंट कर रहे हैं. बताया जा रहा है कि कोल्हाचक पुल के पास तकरीबन 25 फीट नीचे गहराई है। यह स्टंट कभी भी बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।

## रैगिंग और नशा के विरुद्ध संकल्पबद्ध हुआ एमजीसीयू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** मानव संसाधन विकास मंत्रालय एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिहार में 12 से 18 अगस्त 2025 तक 'एंटी रैगिंग सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। इस सप्ताह का उद्देश्य विश्वविद्यालय परिसर को भयमुक्त, समावेशी और नशामुक्त बनाना है, जहाँ प्रत्येक छात्र सुरक्षित और सम्मानपूर्वक अध्ययन कर सके। इसी क्रम में 13 अगस्त 2025 को दोपहर 1:00 बजे विश्वविद्यालय के बृहस्पति सभागार, बुद्ध परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विभागों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर रैगिंग एवं नशा विरोधी शपथ दिलाई गई। शपथ का नेतृत्व स्वयं कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने किया। अपने प्रेरणास्पद संबोधन में उन्होंने कहा हमारा विश्वविद्यालय केवल ज्ञान प्राप्ति का केंद्र नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच है जहाँ विद्यार्थियों के चरित्र का निर्माण होता है। रैगिंग और नशा जैसे तत्व हमारे शैक्षणिक मूल्यों के खिलाफ हैं, और हम इसके प्रति किसी भी प्रकार की सहनशीलता नहीं रखते। इस अवसर पर मुख्य प्रॉक्टर प्रो. प्रसून दत्त सिंह, डीडीयू परिसर निदेशक प्रो. शिरीष मिश्रा, चाणक्य परिसर निदेशक प्रो. अत्रत्तन पाल, एवं महात्मा बुद्ध परिसर निदेशक प्रो. रंजीत चौधरी भी उपस्थित रहे। मुख्य प्रॉक्टर प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय ने रैगिंग के विरुद्ध कठोर नीतियाँ लागू की हैं और किसी भी प्रकार की शिकायत की स्थिति में त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने छात्रों को आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय प्रशासन उनके साथ है और यदि कोई छात्र स्वयं रैगिंग का शिकार होता है या किसी और को पीड़ित होते देखता है, तो वह निडर होकर प्रशासन से संपर्क करे। ल्लरैगिंग सिर्फ एक मज़ाक नहीं होती यह किसी की मानसिक, सामाजिक और शैक्षणिक ज़िंदगी को प्रभावित कर सकती है। प्रो. शिरीष मिश्रा ने छात्रों से आग्रह किया कि वे पीड़ितों के समर्थन में खड़े हों और किसी भी गलत आचरण की सूचना विश्वविद्यालय प्रशासन को दें। प्रो. रंजीत चौधरी ने कहा कि एक ऐसा माहौल बनाना अनिवार्य है जहाँ हर छात्र सुरक्षित महसूस करे और अपनी बात बिना भय के रख सके। सभी विभागाध्यक्षों ने अपने-अपने विभागों से शत-प्रतिशत छात्र उपस्थिति सुनिश्चित कर कार्यक्रम को सफल बनाया। जनसंपर्क अधिकारी शेफालिका मिश्रा ने कहा, ल्लयह कार्यक्रम न केवल एक औपचारिकता थी, बल्कि यह हमारे विश्वविद्यालय की उस गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है जिसके तहत हम अपने छात्रों को एक सुरक्षित, गरिमापूर्ण और सहयोगी वातावरण देने के लिए सतत प्रयासरत हैं। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय रैगिंग, भेदभाव और नशा जैसी प्रवृत्तियों के प्रति 'शून्य सहिष्णुता' की नीति अपनाए हुए है और भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मढ़ौरा के बहुआरा पट्टी पंचायत में जन सुराज की बूथ संगठन बैठक आयोजित

**छपरा/मढ़ौरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मढ़ौरा विधानसभा के बहुआरा पट्टी पंचायत में जन सुराज नेत्री डॉ. नूतन कुमारी के नेतृत्व में बूथ संगठन बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मढ़ौरा विधानसभा के 32 पंचायतों के 333 बूथों से प्रमुख कार्यकर्ता और प्रबुद्ध सदस्य भारी संख्या में शामिल हुए। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जन सुराज के महासचिव सुभाष कुशवाहा और प्रदेश युवा अध्यक्ष प्रो. शांतनु ने भाग लिया। करीब 700 से अधिक उपस्थित कार्यकताओं के बीच आगामी चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। मंच संचालन युवा नेता नवनीत कुमार यादव व राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर जन सुराज के चुनाव संयोजक रामप्रीत शर्मा, चुनाव अभियान समिति सारण से संतोष कुमार सिंह, युवा अध्यक्ष सारण कुमार शिवम, अभियान समिति संयोजक मढ़ौरा प्रमंडल नितेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह, युवा अध्यक्ष नगरा तारकेश्वर शर्मा, उपाध्यक्ष अभय कुमार शर्मा, डॉ. सफदर हुसैन, मकबूल हुसैन, बाबर खान समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भेल्दी थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार का गोपालगंज के कटेया थाना में स्थानांतरण पर विदाई समारोह आयोजित

**भेल्दी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भेल्दी थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार का स्थानांतरण गोपालगंज जिला के कटेया थाना में कर दिया गया है, जहां उन्होंने अपर थानाध्यक्ष के रूप में योगदान दिया। अखिलेश कुमार छपरा जिले के कई थानों में पदस्थापित रह चुके हैं। निर्धारित कार्यावधि पूर्ण होने के बाद उन्हें प्रशासनिक आदेशानुसार गोपालगंज भेजा गया। भेल्दी थानाध्यक्ष के रूप में अपने लगभग दो माह के कार्यकाल में उन्होंने बेहतर पुलिसिंग की मिसाल पेश की। विदाई समारोह में अपर थानाध्यक्ष ओमप्रकाश सर सहित सभी पुलिस पदाधिकारियों ने उन्हें फूल-मालाओं से सम्मानित किया और सलामी दी। इस मौके पर अपर थानाध्यक्ष ने उनके कार्यकाल की सराहना की। पत्रकार मनोज कुमार सिंह ने भी उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया।

### स्टेट बैंक के एटीएम में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक के महावीर चौक स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम में बुधवार की दोपहर बिजली के शॉर्ट सर्किट से अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे इलाके में अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना पाकर स्थानीय लोग तुरंत सक्रिय हुए और फायर ब्रिगेड व थाना पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम और पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग इतनी तेज थी कि एटीएम मशीन को छोड़ बाकी सारा सामान जलकर राख हो गया। भारतीय स्टेट बैंक चैनपुर शाखा के प्रबंधक शशि शेखर भी मौके पर पहुंचे और क्षति का जायजा लिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि अचानक धुआं और आग की लपटें उठने लगीं, जिसके बाद हालात बिगड़ते गए। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट पाया गया है।

### घायल घड़ी मिस्त्री की इलाज के दौरान मौत

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनएच 227ए राम-जानकी पथ पर सियरभुक्का गांव के पास मंगलवार को एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल वृद्ध घड़ी मिस्त्री की पटना पीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान मशरक थाना क्षेत्र के बहरौली गांव निवासी स्व. तैयब अंसारी के 70 वर्षीय पुत्र कासिद अली के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि वह रोज की तरह घड़ी मरम्मत के काम के लिए मशरक बाजार जा रहे थे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें सीएचसी मशरक में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल छपरा और फिर बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान बुधवार सुबह उनकी मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक की सात पुत्रियां हैं, जिनकी सभी शादी हो चुकी है। कासिद अली घड़ी मरम्मत कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी मौत से गांव में शोक की लहर है।

## राजस्व महा-अभियान प्रचार वाहन रवाना

# प्रभारी मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजस्व महा-अभियान की सफलता हेतु रैयतों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आज अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री सह जिले केप्रभारी मंत्री, जनक राम ने समाहरणालय परिसर से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रत्येक अंचल के लिए 02-02 प्रचार वाहन आज से गांव-गांव जाकर रैयतों को राजस्व महाभियान के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करेंगे।इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि यह अभियान आम जनता की सुविधा के लिए है, ताकि लोग अपने भूमि संबंधी दस्तावेज अद्यतन करवा सकें और अनावश्यक परेशानी से बचें। जमीन के कागजात का समय पर अद्यतन और नामांतरण जरूरी है, ताकि भविष्य में विवाद की कोई स्थिति न बने। सरकार पारदर्शी और त्वरित सेवा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राजस्व महा-अभियान से लोगों को अपने हल्का में ही समस्याओं का समाधान मिलेगा, उन्हें कार्यालयों के चक्कर नहीं



लगाने होंगे। जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य रैयतों (भूमि धारकों) को उनकी जमीन से संबंधित दस्तावेज अद्यतन और ऑनलाइन सुविधाओं के प्रति जागरूक करना है।उन्होंने बताया कि इस बार एक विशेष प्रचार वाहन की शुरूआत की गई है, जो जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों और गाँवों में जाकर लोगों को अभियान से जुड़ी जानकारियाँ देगा। जिला पदाधिकारी ने जनता से अपील की है कि वे इस अभियान का लाभ उठाएं और अपने जमीन से संबंधित कागजातों को सही करवा लें। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य पारदर्शिता और सुविधा है, और रैयतों का सहयोग इसमें अनिवार्य है। अपर समाहर्ता, कुमार रविन्द्र ने जानकारी दी कि यह राजस्व महा-अभियान 16 अगस्त 2025 से 20 सितंबर 2025 तक जिलेभर में हल्कावार चलाया जाएगा, जिसमें परिमार्जन के तहत छूटी हुई जमाबंदियों का जमाबंदी कायम करने, जमाबंदियों में सभी आवश्यक प्रविष्टियों को अंकित करने सक्सेशन म्युटेशन और सहमति आधारित दाखिल खारिज के आवेदनों को प्राप्त करने और निष्पादन की कार्यवाही की जाएगी एवं अन्य राजस्व सेवाओं से संबंधित कार्य शीघ्रता से निपटाए जाएंगे।उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य संदेश है-जमीन के कागज में करें सुधार, राजस्व विभाग पहुंचा आपके द्वार। इस पहल का उद्देश्य लोगों को भूमि संबंधित कागजात के अद्यतन एवं सुधार की प्रक्रिया से अवगत कराना है। साथ ही किस हल्का में किस दिन शिविर का आयोजन किया जायेगा, इसे भी रैयतों को बताना है।

## शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव के लिए सेक्टर पदाधिकारी अहम : जिलाधिकारी

### किसी भी कोताही पर होगी सख्त कार्रवाई: वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक



**छपरा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अमन समीर ने बुधवार को भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह में आयोजित सेक्टर अधिकारियों और सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के प्रथम प्रशिक्षण सत्र में कहा कि चुनाव प्रक्रिया में सेक्टर पदाधिकारी सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनकी भूमिका मतदान शुरू होने से पहले से लेकर समाप्ति तक बनी रहती है। उन्होंने निर्देश दिया कि सेक्टर पदाधिकारी अपने क्षेत्र के वलनरेबल इलाकों और क्रिटिकल बूथों की पहचान कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बूथों का भौतिक सत्यापन, नजरी नक्शा, रूट चार्ट, कम्युनिकेशन प्लान और एएमएफ रिपोर्ट तैयार करें। साथ ही, क्षेत्र का भ्रमण कर भेद्यता मानचित्रण करें। ताकि सुरक्षा बलों की तैनाती प्रभावी ढंग से हो सके। डीएम ने कहा कि चुनाव के पूर्व उन्हें मजिस्ट्रेट की शक्ति प्राप्त हो जाती है और लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखना भी उनकी जिम्मेदारी है। इवीएम की सुरक्षा, मॉक पोल, सीलिंग, वास्तविक मतदान, पोल्ड मशीनों का बज्रगृह तक सुरक्षित पहुंचाना और आवश्यकता पड़ने पर रिजर्व मशीन बदलना उनकी जिम्मेदारी होगी।

## तेजस्वी कर रहे अनर्गल प्रलाप : सांसद

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पश्चिमी चंपारण के सांसद डा. संजय जायसवाल ने कहा है कि तेजस्वी यादव ने भाजपा के संगठन महामंत्री के बिहार में वोटर बनने पर सवाल उठाया है। भाजपा के संगठन महामंत्री 9 सितंबर 2022 से बिहार के प्रभारी के रूप में काम कर रहे हैं। वे तीन साल से पटना में रह रहे हैं।

सांसद ने कहा कि भाजपा संगठन महामंत्री ने पुराने जगह के मतदाता सूची से नाम कटवाकर यहां के मतदाता सूची में नाम जुड़वाया है, जो नियम संगत है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति, जो एक साल से बिहार में रह रहा है, वह मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकता है। उन्होंने सवाल उठाया की तेजस्वी यादव बताएं कि भाजपा के संगठन महामंत्री का मतदाता सूची में नाम जुड़वाना गलत कैसे है? सांसद ने कहा कि तेजस्वी यादव बताए कि हरियाणा के एक व्यक्ति को उन्होंने राज्यसभा का सदस्य क्यों बनवाया। क्या बिहार में राजद बांझ हो गई है, जो उन्हें हरियाणा से किसी व्यक्ति को लाकर राज्यसभा का सदस्य बनाना पड़ा। सांसद ने कहा कि तेजस्वी यादव जब मंत्री थे तब वह आदमी सरकारी



बैठक में उनके साथ उपस्थित होता था। सांसद ने सवाल उठाया की क्या बिहार में राजद का कोई व्यक्ति इस लायक नहीं था जो राज्यसभा का सदस्य बन सके? तेजस्वी यादव को न सिर्फ राज्य की जनता वरन राजद के कार्यकताओं को भी इसका जवाब देना चाहिए। डा. जायसवाल ने कहा कि तेजस्वी यादव वोटर लिस्ट में एक दो कमियां और मिस प्रिंट खोज कर इशू बना रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। इसी गलतियों को दूर करने के लिए एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है। किसी को कोई दिक्कत हो तो उसे सामने आनी चाहिए। तेजस्वी यादव को भी कोई दिक्कत हो तो इस प्रक्रिया में शामिल होकर इसे दुरुस्त कराए। लेकिन वे मानसिक रूप से दिवालिया हो गए हैं। इस कारण अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। मौके पर चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष रूपक कुमार श्रीवास्तव, मनोज सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

## सड़क निर्माण योजना का विधायक ने किया शिलान्यास व उद्घाटन

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चनपटिया विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए भाजपा सांसद डॉ. संजय जायसवाल एवं चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह ने मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सड़कों का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया।यह कार्यक्रम बैठनिया भानाचक, नौतन खुर्द, रतनमाला सहित कई पंचायतों में आयोजित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार बिहार के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हर गली-मोहल्ले तक पक्की सड़क पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है, क्योंकि अच्छी सड़कें न केवल यातायात को सुगम बनाती हैं, बल्कि बाजार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करती हैं। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियों में भी तेजी आती है। विधायक उमाकांत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि चनपटिया विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल तेजी से बिछाया जा रहा है। इससे किसानों को अपने उत्पाद बाजार तक पहुंचाने में काफी सहूलियत हो रही है।

# जनता को समयबद्ध पारदर्शी लाभ सुनिश्चित करें : जनक राम

### जिला बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20 सूत्री) की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री जनक राम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिले की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने ट्री पॉट भेंटकर मंत्री का स्वागत किया। डीएम ने पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से गरीबी उन्मूलन, किसान मित्र, श्रमिक कल्याण, खाद्य सुरक्षा, आवास, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला-बाल कल्याण, पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण सड़क, ऊर्जा, और ई-शासन जैसे कार्यक्रमों की प्रगति, लंबित कार्यों और चुनौतियों की जानकारी दी। मंत्री श्री राम ने अधिकारियों को योजनाओं के समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण कार्यान्वयन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 20 सूत्री कार्यक्रम सरकार की प्राथमिकता है, और इसका लाभ जनता को बिना भेदभाव के मिलना चाहिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को सरकारी कार्यक्रमों की जानकारी देने और शिलापट्ट पर नाम अंकित करने का निर्देश दिया। साथ ही, जिला प्रशासन को जनप्रतिनिधियों की समस्याओं पर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। बैठक में सांसद डा. संजय जायसवाल ने अल्ट्रासाउंड संचालकों, जीएमसीएच घटना, छावनी आरओबी जलजमाव, और सड़क निर्माण में गुणवत्ता पर जोर दिया। मंत्री रेणु देवी ने बगहा पशु अस्पताल अतिक्रमण और विद्यालयों में रात्रि प्रहरी की बहाली जैसे मुद्दे उठाए। अन्य विधायकों और विधान पार्षदों ने भी क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा की।बैठक में विधायक, राम सिंह, उमाकांत सिंह, रश्मि वर्मा, धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह, विनय बिहारी, नारायण प्रसाद, विधान पार्षद, भीष्म सहनी, सौरभ कुमार, ी आफाक अहमद सहित अन्य सदस्य के अलावे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बेतिया, डॉ0 शौर्य सुमन, उप विकास आयुक्त, सुमित कुमार, नगर आयुक्त, लक्ष्मण तिवारी, अपर समाहर्ता, कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा सहित संबंधित अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित थे।






# सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार की मौत

## पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंपा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** रिसियप थाना क्षेत्र के बाजार के समीप बुधवार की दोपहर तेज रफ्तार स्कॉर्पियों के धक्के से साइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। रिसियप गांव निवासी रमेश कुमार वर्मा के रूप में हुई है। बताया जाता है कि युवक जसोइयां मोड़ स्थित श्री सीमेंट प्लांट में काम करते थे। घटना उस समय हुई जब रमेश अपनी नाइट ड्यूटी खत्म कर साइकिल से घर लौट रहे थे। रिसियप बाजार पहुंचते ही एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने कुचल दिया घटना के बाद स्कॉर्पियो फरार हो गया। दुर्घटना के तुरंत बाद औरंगाबाद जा रही रिसियप थाना पुलिस की वाहन वहां से गुजर रही थी। पुलिसकर्मियों ने रमेश को तुरंत अपनी गाड़ी में बिठाया और सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इधर घटना की सूचना स्वजनों को मिली तो सदर अस्पताल पहुंचे। शव देख रोने लगे। स्वजनों का रो रोकर हाल बेहाल है। वहीं घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। इस हादसे ने रमेश कुमार वर्मा के परिवार पर दुखों का पहाड़ तोड़ दिया है। रमेश की मौत के बाद उसके तीन मासूम बच्चों के सिर से पिता का हाथ सदा के लिए उठ गया। बता दें कि रमेश श्री सीमेंट प्लांट में नौकरी करके परिवार का भरण-पोषण करते थे। घटना की सूचना नगर थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया है।

# मदनपुर में एक करोड़ रुपये की लागत से बना पॉलीवियर हाउस किसानों के लिए होगा वरदान

## पॉलीवियर हाउस में किसानों को मिलेगी उन्नत कृषि तकनीकी की जानकारी, पॉलीवियर में उगेंगे उन्नत पौधे, किसानों को मिलेगा लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड मुख्यालय किसान भवन परिसर में लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से पॉलीवियर हाउस का निर्माण हार्टिकल्चर विभाग द्वारा करवाया गया है। परियोजना पूरे जिले के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन साबित होगी, जिससे वे अपनी कृषि उत्पादकता में वृद्धि कर सकेंगे और अपने जीवन स्तर में सुधार कर सकेंगे। पॉलीवियर हाउस एक नियंत्रित वातावरण में पौधों की खेती के लिए एक आदर्श संरचना है। इसमें तापमान, आर्द्रता और प्रकाश को नियंत्रित किया जा सकता है, जिससे पौधों की वृद्धि और विकास में मदद मिलती है। इस हाउस में उन्नत किस्म के पौधे उगाए जाएंगे जो किसानों को वितरित किए जाएंगे। इस परियोजना के माध्यम से किसानों को उन्नत कृषि तकनीकी जानकारियां भी प्रदान की जाएंगी। इसमें किसानों को नई कृषि तकनीकों की जानकारी और प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे अपनी कृषि उत्पादकता में वृद्धि कर सकें। पॉलिवियर हाउस में उगाए गए पौधों की विशेषताओं और उनके लाभों के बारे में भी किसानों को जानकारी दी जाएगी। पॉलिवियर हाउस के निर्माण से मदनपुर प्रखंड ही नहीं बल्कि पूरे जिले के किसानों को कई लाभ होंगे। उन्हें उन्नत पौधों की उपलब्धता होगी, जिससे वे अपनी कृषि उत्पादकता में वृद्धि कर सकेंगे। इसके अलावा पॉलिवियर हाउस में उगाए गए पौधों की गुणवत्ता भी अच्छी होगी, जिससे किसानों को बेहतर मूल्य मिलेगा। पॉलीविया हाउस के माध्यम से किसानों को नई कृषि तकनीकों की जानकारी और प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। इससे किसानों को अपनी कृषि पद्धतियों में सुधार करने और अपनी उत्पादकता में वृद्धि करने में मदद मिलेग। इसके निर्माण से औरंगाबाद जिले के किसानों को एक महत्वपूर्ण संसाधन मिलेगा, जिससे वे अपनी कृषि उत्पादकता में वृद्धि कर सकेंगे और अपने जीवन स्तर में सुधार कर सकेंगे। मदनपुर प्रखंड मुख्यालय में स्थित पॉलीवियर हाउस किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन होगा, जिससे वे उन्नत पौधों और कृषि तकनीकी जानकारियों का लाभ उठा सकेंगे। पालीवियर हाउस के निर्माण से किसानों को उन्नत पौधों की उपलब्धता होगी, नई कृषि तकनीकों की जानकारी और प्रशिक्षण मिलेगा, और कृषि उत्पादकता में वृद्धि होगी। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और वे अपने परिवार के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकेंगे। प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुरेंद्र राम ने बताया कि जिले का एकमात्र पॉलीवियर हाउस मदनपुर में 96 लाख रुपये की लागत से बनाया गया है, जो पूरी तरह से तैयार हो गया है। इससे जल्द ही जिले के किसानों को उन्नत पौधों की उपलब्धता होगी, नई कृषि तकनीकों की जानकारी और प्रशिक्षण मिलेगा और कृषि उत्पादकता में वृद्धि होगी। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और वे अपने परिवार के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकेंगे।

# दो जगहों पर झंडोत्तोलन करेगा पतंजलि परिवार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारत स्वाभिमान, पतंजलि योग समिति, महिला पतंजलि योग समिति, युवा भारत, किसान सेवा समिति के तत्वाधान में एक बैठक सूर्य मंदिर के प्रांगण में किया गया। बैठक में भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी विनोद आर्य ने बताया कि 15 अगस्त दिन शुक्रवार को औरंगाबाद जिले में दो कार्यक्रम होने जा रहा है। एक कार्यक्रम सूर्य मंदिर के प्रांगण में और दूसरा कुटुंबा प्रखंड के चपरा ग्राम स्थित पंचदेव धाम आश्रम के प्रांगण में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सूर्य मंदिर के प्रांगण में सुबह 10 बजे झंडा फहराया जाएगा। पंचदेव धाम आश्रम में 11:50 पर झंडा फहराया जाएगा। सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सूर्य मंदिर परिसर से 10 गाड़ियों का काफिला तिरंगा झंडा के साथ निकलेगा जो पंचदेव धाम आश्रम में पहुंचेगा। मौके पर महिला पतंजलि योग समिति प्रभारी ममता गुप्ता, भारत स्वाभिमान कोषाध्यक्ष अवधेश, कार्यालय प्रभारी महेंद्र, प्रचार प्रसार व्यवस्था प्रमुख डब्बू, नगर अध्यक्ष अभयानंद गिरि, संगठन मंत्री सुशील पांडे, पतंजलि महामंत्री लुटन गुप्ता, सक्रिय योग शिक्षक राजू गुप्ता, सुजीत कुमार, इंद्रजीत, डॉ राम प्रसाद, गुप्तेश्वर, दयानंद, युवा सह प्रभारी रोशन आदि मौजूद रहे।

# अतिपिछड़ा अधिकार महारैली में एकजुट होकर भाग लेगा चंद्रवंशी समाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** अतिपिछड़ा अधिकार महारैली की तैयारी को लेकर आज अंबा मे अखिल भारत वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रीय महासभा की एक बैठक जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया जिसका संचालन जिला महामंत्री राजनारायण सिंह चंद्रवंशी ने किया। बैठक मे 23 अगस्त को होने वाला अति पिछड़ा अधिकार महारैली मे भारी संख्या मे भाग लेने का निर्णय लिया गया। इस दौरान वक्ताओ ने समाज को एकजुट होकर राजनैतिक हिस्सेदारी के लिए शक्ति दिखलाने और रैली मे हर प्रखंड से 5000 लोगो के शामिल होने कि बात कही। कुटुम्बा प्रमुख और तैयारी समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि इस बार हम अति पिछड़ा समाज को राजनैतिक हक दिलवाकर रहेंगे। महासभा के उच्च स्तरीय कमिटी के सदस्य सुरेंद्र प्रसाद ने बताया कि हम अति पिछड़ा समाज के लोग सिर्फ वोट देना ही नहीं हिस्सेदारी लेना भी जानते है। जिला महामंत्री राजनारायण सिंह चंद्रवंशी ने समुचित अति पिछड़ा समाज से रोड पर उतरने का आह्वान किया। टेंगरा पैक्स अध्यक्ष रंजीत सिंह चंद्रवंशी ने बताया कि इस रैली के माध्यम से अतिपिछड़ा समाज का ताकत औरंगाबाद मे दिखेगा। मौके पर विश्वनाथ सिंह चंद्रवंशी, कल्लू चंद्रवंशी, राकेश चंद्रवंशी, प्रमोद चंद्रवंशी, इन्द्रदेव चंद्रवंशी, धर्मेंद्र कुमार, अंकित कुमार, लल्लू सिंह, यशवंत कुमार, विनय चंद्रवंशी, बीरेन्द्र सिंह चंद्रवंशी, धीरेन्द्र कुमार आदि उपस्थित हुए।

# भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर।** दाउदनगर महाविद्यालय के प्रेमचंद सभागार में प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. एम. एस इस्लाम के निर्देशानुसार आई.क्यू.ए.सी. एवं एन.एस.एस. इकाई के संयुक्त तत्वावधान में 'भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास- आज़ादी से अब तक'' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। सहायक प्राध्यापक डॉ निर्भय राजवंशी ने उद्घाटन भाषण में स्वतंत्रता के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था की ऐतिहासिक यात्रा, चुनौतियों और उपलब्धियों पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। मुख्य वक्ता वरीय सहायक प्राध्यापक डॉ ज्योतिष कुमार ने जी. डी. पी. एवं राष्ट्रीय आय को समझाया तथा पंचवर्षीय योजनाओं, हरित क्रांति, उदारीकरण, वैश्वीकरण और डिजिटल अर्थव्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण चरणों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को आर्थिक प्रगति में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ देव प्रकाश ने भारतीय अर्थव्यवस्था में कुटीर एवं ग्रामीण उद्योगों के महत्व को समझाया और कहा कि आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए विकेन्द्रीकरण को अपनाया जाना चाहिए। कार्यक्रम में साधना कुमारी, प्रिया कुमारी, स्वेता कुमारी, गुड़िया कुमारी, मनीष कुमारी, सुमुल प्रवीण, गुड़िया कुमारी, प्रियंका कुमारी, शिवानी कुमारी, एरम परवीन, राजनंदनी कुमारी और मोनी कुमारी ने भी अपना विचार प्रस्तुत किया। अंत में अंग्रेजी की छात्रा सौम्या राज ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शाकरा तबस्सुम ने किया। सेमिनार में महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के बारून प्रखंड के राजकीय कृत देववंशी उच्च माध्यमिक विद्यालय सुंदरगंज में बुधवार को कला संस्कृति एवं युवा विभाग और शिक्षा विभाग बिहार एवं जिला प्रशासन औरंगाबाद के द्बारा प्राप्त निर्देश की आलोक में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन के श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रम के अंतर्गत एक जागरुकता रैली निकाली गई। जानकारी देते हुए जूनियर रेडक्रास के जिला काउंसलर एवं कार्यक्रम संयोजक निरंजय कुमार ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम की श्रृंखलाबद्ध गतिविधि के अंतर्गत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरुकता रैली को जूनियर रेड क्रास औरंगाबाद के जिला काउंसलर एवं कार्यक्रम संयोजक निरंजय कुमार, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अरुण कुमार, शिवम कुमार, आलोक कुमार, संजय कुमार मेहता एवं कमल किशोर ने संयुक्त रूप से तिरंगा दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम संयोजक निरंजय कुमार ने बताया कि इस जागरूकता रैली में नवम, दशम, 11वीं एवं 12वीं के 200 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। रैली विद्यालय के निकट करमा मिसीर मैदान से प्रारंभ होकर कुशवाहा नगर पुनाबार होते हुए सुंदरगंज बाजार तक गई। पुनः वापस लौटते हुए विद्यालय प्रांगण में समाप्त हुई। कार्यक्रम संयोजक निरंजय कुमार ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन देशभक्ति राष्ट्रीय हित एवं राष्ट्रीयता के सिद्धांत को ध्यान में रख कर किया गया।

# चुनाव आयोग के स्पेशल रोल ऑब्जर्वर ने की औरंगाबाद में बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** आज चुनाव आयोग भारत सरकार के स्पेशल रोल ऑब्जर्वर नाजमुल हुड्डा के द्वारा समाहरणालय, औरंगाबाद के सभा कक्ष में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2025 के अंतर्गत प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची से संबंधित दावा एवं आपत्ति पंजीकरण प्रक्रिया पर विचार-विमर्श हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी जिला स्तरीय राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष एवं उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में श्री हुड्डा ने दावा एवं आपत्ति पंजीकरण की समय-सीमा, प्रक्रिया एवं आवश्यक औपचारिकताओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से आम मतदाताओं को इस अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराएं तथा पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने एवं त्रुटियों के संशोधन हेतु समय पर दावा/आपत्ति दर्ज कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता लोकतांत्रिक प्रक्रिया का मूल आधार है, अतः इसमें किसी प्रकार की त्रुटि न रह जाए, इसके लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने सुझाव एवं अनुभव साझा किए, जिन पर स्पेशल रोल ऑब्जर्वर ने आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता, सभी ईआरओ, उपनिवचन पदाधिकारी सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# सिन्हा कॉलेज में जंतु विज्ञान विभाग के स्नातकोत्तर छात्रों को दी विदाई




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय, औरंगाबाद के जंतु विज्ञान विभाग में बुधवार को स्नातकोत्तर सत्र 2022-24 के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जूनियर छात्रों द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. मिश्रा ने स्नातकोत्तर जंतु विज्ञान पाठ्यक्रम में छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि आपने महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। आशा है कि भविष्य में भी आप अपने क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेंगे और समाज के लिए सकारात्मक योगदान देंगे। उन्होंने सभी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विभागाध्यक्ष प्रो. मसऊद आलम ने भी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रो. प्रेम शंकर गोंड, आर.के. बरियार और प्रो. सोनू कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित थे। विदाई समारोह में छात्रों और शिक्षकों के बीच भावुक पल साझा हुए तथा विभाग में बीते दो वर्षों की यादें ताजा की गईं।

# बाबा गणिनाथ पूजन उत्सव 23 को



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अखिल भारतीय मध्यदेशीय हलवाई वैश्य सभा जिला शाखा औरंगाबाद की एक बैठक शहर के कर्मा रोड स्थित एसएस रिसोर्ट में की गई। बैठक में 23 अगस्त को होने वाला बाबा गणिनाथ पूजन उत्सव एवं सम्मेलन हेतु चर्चा की गई। अध्यक्ष विनय प्रसाद गुप्ता ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि इस बार बड़े ही धूमधाम से बाबा गणिनाथ का पूजन उत्सव सह सम्मेलन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शहर के कर्मा रोड भास्कर नगर स्थित सूर्य मंदिर के प्रांगण में किया जाएगा जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। मौके पर उपाध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता, जोगेंद्र प्रसाद गुप्ता, सचिव विक्रम प्रसाद गुप्ता, महामंत्री रामस्वरूप साव, रंजीत प्रसाद गुप्ता, ओम गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता कुणाल प्रसाद गुप्ता, राहुल कुमार गुप्ता, उप मीडिया प्रभारी दीपक कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# मशाल के तहत चौथे दिन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला स्तरीय प्रतिभा खेल पहचान योजना मशाल प्रतियोगिता का आयोजन आज लगातार चौथे दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस योजना का उद्देश्य जिले के विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें आवश्यक खेल सुविधाएं एवं उच्च स्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है, ताकि वे राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का गौरव बढ़ा सकें। आज के कार्यक्रम के अंतर्गत कबड्डी (अंडर-14 एवं अंडर-16 बालक वर्ग) की प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतिकूल मौसम एवं लगातार वर्षा के कारण पूर्व निर्धारित स्थल इनडोर स्टेडियम परिसर के स्थान पर प्रतियोगिता का आयोजन खेल भवन सह व्यायामशाला, गांधी मैदान में किया गया। स्थल परिवर्तन के बावजूद प्रतियोगिता का संचालन अनुशासित, सुव्यवस्थित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं टीम भावना का प्रदर्शन किया।


बिहार सरकार

ग्रामीण कार्य विभाग

ग्रामीण टोला संपर्क निश्चय योजना

4618 बसावटों को 3968 किमी नई सड़कों से मिली सम्पर्कता

रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य की सुविधाएं हुईं आसान

हर गांव और टोले तक पहुंची विकास की किरण।




सुपौल में सर्वाधिक – 403.89 किमी सड़कें बनी

किशनगंज- 322.85 किमी

पूर्वी चंपारण- 240.17 किमी

Follow Us #BiharRuralWorkDept

ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित अधिक जानकारी के लिए हमारे वेबसाइट https://rwdbihar.gov.in/ पर जायें।

QR कोड स्कैन करें।

ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार सरकार द्वारा जनहित में जारी।